25 अक्टूबर, 2024
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 08

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

विधानसभा चुनाव 2024:
इंडी V/S एनडीए

# नामांकन और शक्ति प्रदर्शन के नाम रहा दिन


हेमंत सोरेन


कल्पना सोरेन



बसंत सोरेन


शिल्पी नेहा तिर्की


अजय नाथ शाहदेव


महुआ माजी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार का दिन काफी अहम रहा। पहले चरण का नामांकन का समय समाप्त होने से एक दिन पहले खूब गहमा-गहमी रही। राज्य में मुख्य रूप से इंडी गठबंधन (झामुमो, कांग्रेस, राजद और माले) और एनडीए (भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा) के बीच मुकाबला है। दोनों ओर से गुरुवार को नामांकन और शक्ति प्रदर्शन का दिन रहा। झामुमो की तरफ से बरहेट से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय से कल्पना सोरेन, मांडर से कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की, हटिया से अजय नाथ शहदेव, भाजपा के चंदनक्यारी से अमर कुमार बाउरी, जमशेदपुर (पूर्वी) से पूर्णिमा दास साहू, आजसू के गोमिया से लंबोदर महतो और जदयू के जमशेदपुर (पश्चिमी) से सरयू राय समेत 100 से ज्यादा प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर सभाओं का आयोजन हुआ। आरोप-प्रत्यारोप हुए। मतदाताओं से वादा किया गया और अपने प्रत्याशियों की जीत के लिए वोट मांगे गये।


अमर कुमार बाउरी


सीपी सिंह


सन्नी टोप्पो


पूर्णिमा दास साहू


लंबोदर महतो


सरयू राय

## मुख्यमंत्री ने केंद्र और भाजपा पर साधा निशाना

# समय से पहले चुनाव, मुझे रोकने की साजिश : हेमंत

- झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में बोरियो में जनसभा को किया संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोरियो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में पहली बार समय से पहले चुनाव कराया जा रहा है। पहले चार चरणों में चुनाव कराया जाता था, लेकिन इस बार दो चरणों में चुनाव कराया जा रहा है। यह मुझे रोकने की साजिश के लिए की गयी है। मुख्यमंत्री गुरुवार को बरहेट विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करने के बाद बोरियो के डुमरिया मैदान में पार्टी प्रत्याशी धनंजय सोरेन के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके रपर उन्होंने पूर्व जिला परिषद सदस्य बरण किस्कू को पार्टी का पट्टा पहनाकर सदस्यता भी दिलायी।

**भाजपा को झंडा उठाने वाले नहीं मिलेंगे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन राज्यभर का भ्रमण कर लेंगे, तो भाजपा को झंडा उठाने वाले नहीं मिलेंगे। झामुमो की सरकार 2019 में बनते ही कोरोना ने दस्तक दी। इससे दो वर्षों तक कार्य प्रभावित हुआ। कोरोना के बाद षड्यंत्र रचकर जेल भेज दिया गया। जेल जाते ही भाजपा ने सरकार गिराने के लिए षड्यंत्र रचा, लेकिन ऊपर वाले के आशीर्वाद से वे जेल से बाहर आये और सरकार ने अपना कार्यकाल पूरा किया। जेल से बाहर आकर महिलाओं को सम्मान दिया। राज्यभर के गरीब लोगों का बिजली बिल माफ किया। सभी को पेंशन की राशि दिलायी। फिर से झामुमो की सरकार बनी तो हर परिवार को एक-एक लाख दिया जायेगा।



### इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही

इससे पहले अपना नामांकन दाखिल करने के बाद मुख्यमंत्री ने बरहेट में कहा कि इस बार झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। हमें जनता का विश्वास मिला है। साहिबगंज में राजमहल, बोरियो और बरहेट तीनों विधानसभा क्षेत्र में झामुमो फिर अपना परचम लहराने जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्री भाजपा का प्रचार करने आ रहे हैं। चुनाव के बाद सब अपने काम में लग जायेंगे, यहां कोई नजर नहीं आयेगा।

### अपने सोशल मीडिया पर उलगुलान की लिखी बात

हेमंत ने नामांकन दाखिल करने के बाद सोशल मीडिया पर लिखा कि अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, फूलो-झानो, चांद-भैरव की क्रांतिकारी भूमि बरहेट विधानसभा से नामांकन पत्र दाखिल करने का परम सौभाग्य मिला। वीर शहीदों और महान क्रांतिकारियों के सपनों का झारखंड हमें बनाना है। आप और हम-सब मिलकर झारखंड रूपी पेड़ की जड़ों को सींच कर इसे विराट बनायेंगे। झारखंड विरोधियों और षड्यंत्रकारियों के सामने न मैं कभी झुका हूं, न झारखंड को कभी झुकने दूंगा। जय झारखण्ड! जीतेगा झारखंड! वहीं, जनसभा को संबोधित करने के बाद फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि झारखंडी बढ़ेगा, देश बढ़ेगा। झारखंडियों के विकास के 1 लाख 36 हजार करोड़ रोक कर देश आगे नहीं बढ़ सकता। अपने हक के लिए हमें पुन: हूल, उलगुलान के लिए तैयार रहना होगा।

## केंद्रीय मंत्री ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना

# दाना तूफान से भी ज्यादा खतरनाक है हेमंत सरकार : शिवराज सिंह चौहान

रांची में भाजपा के हटिया प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को किया संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज दाना तूफान आ रहा है। ये तूफान तो दो दिन में निकल जायेगा, लेकिन यदि झारखंड में हेमंत सरकार एक बार और आयी, तो ये झारखंड को बर्बाद कर देगी। केंद्रीय मंत्री गुरुवार को रांची के हरमू मैदान में हटिया विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी नवीन जायसवाल की नामांकन सभा में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा।

**हेमंत सरकार में बेटियां असुरक्षित:** चौहान ने रांची में हुई बेटी के बलात्कार की घटना को लेकर राज्य सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में 7,400 बलात्कार हुए हैं। रुबिका पहड़िया जैसी बेटियों को काट कर फेंक दिया गया। हेमंत सोरेन की सरकार बर्दाश्त करने लायक नही हैं। उन्होंने जनता से सवाल किया कि ऐसी सरकार को बर्दाश्त करेंगे क्या? जेएमएम सरकार में हमारी बेटियां अपमानित हैं, माता अपमानित है। घुसपैठ मुद्दे पर उन्होंने कहा कि राज्य में बांग्लादेशी आते हैं, बेटियों से शादी करते हैं और जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। हेमंत सोरेन की सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों का स्वागत करती है। अगर दोबारा पांच साल के लिए हेमंत सरकार आ गयी, तो झारखंड बर्बाद हो जायेगा।



### झामुमो नेता 12 महीने खाते हैं

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने कुंभकर्ण के बारे में सुना था, वो 6 महीने जागता था और 6 महीने सोता था। वो जागने पर खाता ही रहता था, लेकिन ये झामुमो के नेता तो 12 महीने ही खाते हैं। इस गठबंधन सरकार ने राज्य का बालू, मिट्टी और कोयला खा लिया। हेमंत सरकार ने जनता के पैसे को लूटने का काम किया है। इसलिए परिवर्तन करना और कूशासन राज से बदला लेने का समय आ गया है। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गांव-गांव, पंचायत पंचायत में पीने के पानी के लिए पाइपलाइन बिछाने के लिए करोड़ों रुपये भेजे, जिसको झामुमो-कांग्रेस की गठबंधन सरकार खा गयी। पीएम मोदी दिल्ली से झारखंड विकास के लिए पैसे भेजते हैं, उसको भी हेमंत सोरेन की गठबंधन सरकार खा जाती है। आगामी चुनाव में सबका हिसाब लेना है और झामुमो- कांग्रेस की सरकार को हराना है।

### हेमंत सरकार की वादाखिलाफी का किया जिक्र

चौहान ने कहा कि राज्य सरकार की वादाखिलाफी पर कहा कि हेमंत सोरेन ने युवाओं को 5 लाख नौकरी हर साल देने का वादा किया था। आज 4 साल 10 महीने हो गये, लेकिन किसी को नौकरी नहीं दी। अभी जब चुनाव नजदीक आया, तो सिपाही भर्ती के नाम पर नौजवानों को मरने के लिए दौड़ा दिया। हेमंत सरकार ने युवाओं को ऐसा दौड़ाया कि वे वापस नहीं लौट पाये। एक मां को बेटा का मृत शरीर मिला। पेपर लीक और परीक्षाओं में हुई धांधली पर भी शिवराज सिंह ने सवाल उठाया और कहा कि हेमंत सरकार में पेपर लीक हुआ है। जिन्होंने पेपर लीक किया है, उन सभी को जेल भेजा जायेगा, वो बचेंगे नहीं। भाजपा सरकार बनेगी तो 5 लाख रोजगार अलग देंगे और नौकरी अलग देंगे। उन्होंने हेमंत सरकार द्वारा चूल्हा खर्च देने समेत अन्य वादों का जिक्र किया। भाजपा की सरकार आने पर महिलाओं को 2100 रुपये देने समेत भाजपा के पांच प्रण को दोहराया।

पेज 06 पर देखें
मोदी कैबिनेट का फैसला केंद्र सरकार ने दी रेल परियोजनाओं को मंजूरी।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# हेमंत सरकार में बहू-बेटियां भी सुरक्षित नहीं है : बाबूलाल

गिरिडीह में पार्टी प्रत्याशी के नामांकन कार्यक्रम में हेमंत सरकार पर निशाना साधा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गयी है। आये दिन हत्या, अपहरण की घटनाएं घट रही है। बहू-बेटी तक सुरक्षित नहीं है। सरकार का काम अपराधियों को जेल में डालना है, लेकिन हेमंत सरकार खुद वसूली में लगी हुई है। बाबूलाल गुरुवार को गिरिडीह में भाजपा प्रत्याशी निर्भय शाहाबादी के नामांकन सभा में बोल रहे थे। मरांडी ने भाजपा के पांच प्रण को गिनाया। उन्होंने कहा कि पहले गांव में सड़क नहीं होती थी। पुल-पुलिया भी नहीं होते थे। केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद गांव-गांव तक सड़कें बन गयी। घर-घर तक बिजली पहुंच गयी। भाजपा



जो कहती है, उसे पूरा करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प लिया है कि सभी गरीब को पक्का मकान दिया जायेगा। छात्रों को एक प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। हेमंत सरकार ने वादा किया था कि हर साल परीक्षा लेकर नियुक्ति करेंगे, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। एनडीए की सरकार इन खाली पदों को भी 5 वर्षों में भरेगी। सरकार बनने पर महिलाओं को महीने की 11 तारीख को गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रुपये उनके बैंक खाते में डाल दिया जायेगा।

PARAS HEC
18 YEARS OF EXCELLENCE
NABH
24/7 ट्रॉमा केयर सेंटर
आपके स्वास्थ्य की सुरक्षा, हमारी प्राथमिकता!
आपातकाल में तुरंत और संपूर्ण चिकित्सा सेवाएँ:
24x7 डॉक्टर्स उपलब्ध
24x7 एम्बुलेंस की सुविधा
सिर, रीढ़ और तंत्रिका तंत्र की समस्याओं का उपचार
गहरे घाव और फ्रेक्चर का त्वरित उपचार
आंतरिक अंगों की चोटों का तुरंत इलाज
जलने और अन्य आपातकालीन स्थितियों में 24/7 विशेषज्ञों की देखरेख
हर स्थिति में आपके साथ – क्योंकि आपकी सुरक्षा हमारा संकल्प है!
पारस हॉस्पिटल, सेक्टर 3, धुर्वा, निकट JSCA स्टेडियम, रांची, झारखण्ड, 834004
इमरजेंसी के लिए +91-72820-10101
रांची | गुरुग्राम | पटना | पंचकुला | उदयपुर | दरभंगा | श्रीनगर | कानपुर

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | 73,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 1,01,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 25 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in



# झारखंड की दो दर्जन सीटों पर फिर टकरायेंगे पुराने योद्धा

## ■ कुछ सीटों पर पार्टी बदल कर चुनाव मैदान में उतरे हैं पुराने प्रतिद्वंद्वी

## ■ कई सीटें ऐसी हैं, जिन पर 2019 में बेहद करीबी हुआ था मुकाबला

**झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के छठे संस्करण के लिए दो चरणों में होनेवाले चुनावों के मुकाबले की तस्वीर लगभग साफ हो गयी है। राजनीतिक दलों द्वारा प्रत्याशियों की घोषणा के बाद नामांकन दाखिल करने का काम भी तेजी से चल रहा है। 13 नवंबर को होनेवाले पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन भरने का काम अगले 24 घंटे में पूरा हो जायेगा, जबकि 20 नवंबर को होनेवाले दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने का काम चल रहा है। झारखंड विधानसभा का यह चुनाव बेहद दिलचस्प और रोमांचक होनेवाला है, क्योंकि इस बार अधिकांश सीटों पर मुकाबला सीधा होने के आसार हैं। मुकाबले में एक तरफ सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन के घटक दल हैं, जिनमें झामुमो, कांग्रेस, राजद और भाकपा माले शामिल हैं। दूसरी तरफ विपक्षी एनडीए है, जिसमें भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा-आर शामिल हैं। इस चुनाव मुकाबले को त्रिकोणीय या बहुकोणीय बनाने के लिए कई दूसरे दल भी मैदान में उतरे हैं, लेकिन कुछेक को छोड़ कर उनकी मौजूदगी का कोई खास असर पड़ता नहीं दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही इस चुनाव की सबसे खास बात यह है कि विधानसभा की करीब दो दर्जन सीटों पर मुकाबला पुराने प्रतिद्वंद्वियों के बीच ही होगा, हालांकि कई सीटों पर उन चेहरों ने नयी पार्टी का दामन थाम लिया है। पुराने प्रतिद्वंद्वियों के एक बार फिर मुकाबले में उतरने के कारण ये विधानसभा सीट चर्चित हो गये हैं। क्या है इन दो दर्जन सीटों का चुनावी परिदृश्य और मुकाबले की तस्वीर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर मुकाबले की तस्वीर धीरे-धीरे साफ होती जा रही है। राजनीतिक दल सीट शेयरिंग के बाद प्रत्याशियों के चयन का काम पूरी कर चुके हैं। सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन और विपक्षी एनडीए के घटक दलों की तरफ से प्रत्याशियों की सूची भी जारी की जा चुकी है। राज्य की 81 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन भरने का काम अगले कुछ घंटे में खत्म हो जायेगा, जबकि दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने का काम अभी चल रहा है और यह 29 अक्टूबर को खत्म होगा। चुनावी गहमा-गहमी के बीच अब मुकाबले की जो तस्वीर सामने आ रही है, उससे साफ हो गया है कि राज्य में करीब दो दर्जन ऐसी सीटें हैं, जिन पर इस बार भी 2019 जैसा ही मुकाबला होगा, क्योंकि इन सीटों पर पुराने प्रतिद्वंद्वी ही एक बार फिर मैदान में उतरे हैं। हालांकि इन दो दर्जन सीटों में से कई पर प्रतिद्वंद्वी तो पुराने हैं, लेकिन उन्होंने इस बार दल बदल लिये हैं और वे नये चुनाव चिह्न के साथ मैदान में हैं। 2019 में इनमें से कई सीटों पर मुकाबला काफी करीबी हुआ था। इसलिए इस बार बाजी किसके हाथ रहेगी, इसका आकलन बेहद मुश्किल है।

### रांची में फिर सीपी और महुआ का सामना

बात शुरू करते हैं रांची विधानसभा सीट से। यहां एक बार फिर भाजपा के सीपी सिंह का मुकाबला झामुमो की महुआ माजी से होगा। 2019 में सीपी सिंह ने महुआ माजी को 5904 वोटों के अंतर से हराया था। सीपी सिंह को 79646 और महुआ माजी को 73742 वोट मिले थे।

### हटिया में फिर टकरायेंगे नवीन और अजय

राजधानी की दूसरी विधानसभा सीट हटिया में भी एक बार 2019 की कहानी दुहरायी जायेगी। भाजपा के नवीन जायसवाल एक बार फिर कांग्रेस के अजयनाथ शाहदेव से टकरायेंगे। 2019 में नवीन ने अजय को 16264 वोटों के अंतर से हराया था। नवीन को 115431 और अजय को 99167 वोट मिले थे।



### खिजरी में राजेश और रामकुमार के बीच टक्कर

राजधानी की तीसरी सीट खिजरी में भी 2019 जैसा मुकाबला ही होगा। यहां कांग्रेस के राजेश कच्छप को चुनौती देने के लिए भाजपा ने एक बार फिर रामकुमार पाहन को उतारा है। पिछली बार राजेश कच्छप ने 83829 वोट लाकर 78307 वोट लानेवाले रामकुमार पाहन को 5469 वोटों के अंतर से मात दी थी।

### रामगढ़ में फिर दो देवियों का मुकाबला

इसी तरह रामगढ़ विधानसभा सीट की तस्वीर भी 2019 जैसी ही है। आजसू की सुनीता चौधरी के सामने एक बार फिर कांग्रेस की ममता देवी हैं, जिन्होंने 2019 का मुकाबला 28718 मतों के अंतर से जीता था, लेकिन बाद में अदालती आदेश के कारण उनकी विधायकी चली गयी थी। फिर हुए उप चुनाव में सुनीता चौधरी ने जीत दर्ज की थी।

### जमुआ-बरकट्ठा में दल-बदल कर फिर पुराने चेहरे

गिरिडीह जिले की जमुआ विधानसभा सीट से चुनाव में फिर से केदार हाजरा और मंजू कुमारी आमने-सामने हैं। हालांकि इन दोनों ने इस बार पार्टियां बदल ली हैं। भाजपा के टिकट पर पिछला चुनाव 18175 वोटों से जीतने वाले केदार हाजरा इस बार झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं पिछली बार उनको टक्कर देने वाली कांग्रेस की मंजू कुमारी इस बार भाजपा से चुनाव मैदान में उतरी हैं। इसी तरह बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में भी प्रत्याशी दल बदल कर चुनाव मैदान में हैं। 2019 में निर्दलीय चुनाव जीतने वाले अमित कुमार यादव इस बार भाजपा से चुनाव मैदान में हैं, जबकि पिछला चुनाव भाजपा से लड़ने वाले जानकी यादव इस बार झामुमो के टिकट से चुनाव लड़ रहे हैं।

### संथाल समेत इन सीटों पर पुराने चेहरों की टक्कर

झारखंड की सत्ता का प्रवेश द्वार कहे जानेवाले संथाल परगना की अधिकांश विधानसभा सीटों पर भी मुकाबला पुराने चेहरों के बीच ही होगा। हालांकि यहां कई प्रत्याशी नये दलों के साथ मैदान में हैं। जरमुंडी में एक बार फिर कांग्रेस के बादल पत्रलेख का मुकाबला भाजपा के देवेंद्र कुंवर से होगा। झारखंड की आध्यात्मिक राजधानी देवघर में भी मुकाबला भाजपा के नारायण दास और राजद के सुरेश पासवान के बीच होगा, जैसा कि 2019 में हुआ था। गोड्डा सीट पर भी 2019 की तरह भाजपा के अमित मंडल और राजद के संजय प्रसाद यादव के बीच टक्कर होगी, जबकि महगामा में एक बार फिर 2019 की तरह कांग्रेस की दीपिका पांडेय सिंह को भाजपा के अशोक कुमार भगत चुनौती देंगे। इसके अलावा गिरिडीह में झामुमो के सुदिव्य कुमार को भाजपा के निर्भय शाहाबादी फिर चुनौती देंगे, जैसा कि 2019 में हुआ था। झरिया में भी यही सीन है, जहां 2019 की तरह एक बार फिर कांग्रेस की पूर्णिमा नीरज सिंह को भाजपा की रागिनी सिंह चुनौती देंगी। इसके अलावा जिन सीटों पर 2019 की तरह पुराने चेहरों के बीच मुकाबला होगा, उनमें मांडू (जेपी पटेल (कांग्रेस) बनाम आजसू के निर्मल महतो), बड़कागांव (अंबा प्रसाद (कांग्रेस) बनाम भाजपा के रोशनलाल चौधरी), चंदनकियारी (अमर बाउरी (भाजपा) बनाम झामुमो के उमाकांत रजक), निरसा (अर्पणा सेनगुप्ता (भाजपा) बनाम माले के अरूप चटर्जी), इचागढ़ (सविता महतो (झामुमो) बनाम आजसू के हरेलाल महतो), सिमडेगा (भूषण बाड़ा (कांग्रेस) बनाम भाजपा के श्रद्धानंद बेसरा), कोलेबिरा (नमन विक्सल कोंगाड़ी (कांग्रेस) बनाम भाजपा के सुजान जोजो), लोहरदगा (रामेश्वर उरांव (कांग्रेस) बनाम आजसू की नीरू शांति भगत), लातेहार (बैजनाथ राम (झामुमो) बनाम भाजपा के प्रकाश राम), विश्रामपुर (रामचंद्र चंद्रवंशी (भाजपा) बनाम राजद के नरेश प्रसाद सिंह), गढ़वा (मिथिलेश ठाकुर (झामुमो) बनाम भाजपा के सत्येंद्रनाथ तिवारी और भवनाथपुर (भानु प्रताप शाही (भाजपा) बनाम झामुमो के अनंत प्रताप देव) शामिल हैं।

### करीबी हुआ था मुकाबला

इन दो दर्जन सीटों की खास बात यह है कि इनमें से अधिकांश पर जीत का अंतर एक हजार से लेकर सात हजार वोटों का रहा था। यानी इनमें से अधिकांश सीटों पर मुकाबला बेहद करीबी रहा था। यदि कोई चमत्कार नहीं हुआ, तो ये सीटें इस बार भी चुनाव का रोमांच बढ़ायेंगी।

---

# कांग्रेस ने झारखंड आंदोलन को कुचलने का किया काम, भाजपा ने समझा आदिवासियों का दर्द : चंपाई

- कांग्रेस-जेएमएम गठबंधन ने आदिवासियों की जमीन लूटी
- जेएमएम, कांग्रेस गठबंधन सरकार में झारखंड का विकास असंभव
- झारखंड आंदोलन में बहु-बेटियों का सिंदूर मिटा, कांग्रेस ने नहीं किया न्याय
- बिरसा मुंडा के संघर्ष की धरती को जेएमएम-कांग्रेस सरकार लूट रही

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला से भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के नामांकन सभा में चंपाई सोरेन शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड को बनाने में लंबा संघर्ष हमलोगों ने किया है। पहले देश में कांग्रेस की सरकार रह चुकी है, लेकिन झारखंड आंदोलन को कांग्रेस ने नजदीक से नहीं देखा। कांग्रेस ने कभी झारखंड के आदिवासी, मूलवासियों की भावना को नहीं समझ सकी। उस आंदोलन में कितने ही बहु बेटियों का सिंदुर मिट गया। कांग्रेस की सरकार ने कभी आदिवासी, मूलवासियों के हित में नहीं सोचा। दलितों आदिवासियों के हित के लिए कांग्रेस ने कभी काम नहीं किया। आज वे झारखंड के हित की बात करते हैं, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा झारखंड आंदोलन को कुचलने का काम किया। कांग्रेस ने झारखंड के साथ कभी न्याय नहीं किया।

चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड आंदोलन को जब देश में भाजपा की सरकार बनी तो उस समय के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपई ने समझा। उन्होंने झारखंड आंदोलन को नजदीक से देखा। उन्होने दलित, आदिवासी और मूलवासियों के दर्द को समझा। भाजपा ने दलितों आदिवासियों के दर्द को समझा। भाजपा और अटल बिहारी वाजपई की सरकार ने झारखंड को बनाया है। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने



सिर्फ गोली चलाने का काम की। गोवा में जो गोलीकांड हुआ उसे कांग्रेस सरकार कराई। आज कांग्रेस किस मुह से कह रही है कि झारखंड का भलाई करेंगे।

आगे कहा कि हो भाषा बंगाल, झारखंड, ओड़िशा और असम में भी है। हो भाषा को संरक्षित करने के लिए देश के गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि इसका भी रास्ता खुलेगा और आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाएगा। कांग्रेस ने तो सिर्फ झारखंड आंदोलनकारियों के घरों को तोड़ने का काम किया है। आज जो हमलोग अलग प्रदेश में रह रहे हैं छाती ठोक के कहता हूं कि भाजपा की देन है। भाजपा ही आदिवासियों का संरक्षण कर सकती है। पीएम मोदी और भाजपा सरकार ने आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति बना दिया।

जेएमएम कांग्रेस की सरकार पर भी चंपाई सोरेन ने निशाना साधा। कहा कि कांग्रेस जेएमएम भाजपा में शामिल होने को लेकर आरोप लगाती है। जेएमएम कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन की सरकार में झारखंड का कभी विकास नहीं हो सकता है। संथाल परगना में आज बांग्लादेशी घुसपैठ हो रहा है। आदिवासियों के जमीनों को लूटा जा रहा है। अंग्रेजी साम्राज्य के खिलाफ आदिवासी समाज ने लड़ाई लड़ी। बिरसा मुंडा ने धनूष के दम पर अंग्रेजों को बाहर किया। आज उसी झारखंड को जेएमएम कांग्रेस की सरकार लूटने में लगी है। इसलिए आगामी चुनाव में झारखंड के विकास के लिए भाजपा की सरकार बनानी जरूरी है।

---

## डॉ लंबोदर महतो के नामांकन में उमड़ी भीड़, सभा को किया संबोधित

# गोमिया का सर्वांगीण विकास ही उद्देश्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने आजसू पार्टी प्रत्याशी के रूप में बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी (तेनुघाट) के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद न्यू मार्केट मैदान में आयोजित नामांकन सभा में उपस्थित भारी भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सबों का प्यार , स्नेह व आशीर्वाद हमको मिलता रहा है। पुनः मिलेगा, ऐसा हमें आशा व विश्वास है। हमने विपक्ष में रहते हुए अनेकों विकास का काम किया है। लोगों की सेवा की है। हम हमेशा जनता के हित लगे रहते हैं।135 सड़कों का निर्माण कराया है। 03 अरब से ज्यादा के विकास कार्य किया गया है। अनेकों पुल- पुलिया का भी निर्माण किया गया है। जनहित के सैकड़ो काम भी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को भ्रमित होने की जरूरत नहीं है। विरोधियों की साजिश का मुंहतोड़ जवाब देना है। उन्होंने कहा कि हम विकास की राजनीति करते हैं। लोगों का हित सर्वोपरि है। गोमिया का सर्वांगीण विकास हमारा बराबर ध्येय बना रहता है। इसके पूर्व गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि लोगों को यह संकल्प लेना है कि हम सबों को एनडीए की सरकार बनाना है। राज्य की मौजूदा भ्रष्ट हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकना है। क्षेत्र की जनता इस बात को भली-भांति समझती है कि हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य का बड़ा नुकसान किया है। ठगने व धोखा देने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि एनडीए की



नीतियों पर लोगों को भरोसा है। लोगों ने यह तय कर लिया है कि गोमिया से डॉ लंबोदर महतो को विजय दिलाकर एनडीए की सरकार बनानी है। नामांकन सभा में भाजपा प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि चुकना नहीं है। परिवर्तन करना है। कुशासन को समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि एनडीए ने डॉ लंबोदर महतो को प्रत्याशी बनाया है। आप सबों का यह कर्तव्य एवं दायित्व बन जाता है की सरल, सहज व व्यवहार कुशल व लोगों के सुख-दुख के साथी व सदैव अपनों के बीच रहने वाले डॉ लंबोदर महतो को हम सब अपार मतों से चुने और झारखंड में एनडीए की सरकार बनाने में अपनी-अपनी भागीदारी करें। कहा कि हेमंत सोरेन सरकार को हटाना आवश्यक है और यह चुनाव अवसर है। नामांकन सभा में भाजपा ,आजसू पार्टी, जनता दल यूनाइटेड , लोजपा के नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। संचालन राजेश विश्वकर्मा ने किया।

सभा को अशोक हेंब्रम, अकेश्वर महतो, मुमताज अंसारी, संतोष साव, महेश महतो, मिनहाज अंसारी, चंपा देवी, कामेश्वर महतो, भवानी प्रसाद मुखर्जी, रवि केवट, अनिल महतो, मुन्नी देवी, अमरजीत महाराज, मोहन राम व देवेंद्र महतो आदि ने संबोधित किया। नामांकन सभा में गोमिया, पेटरवार एवं कसमार प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। नामांकन सभा के पूर्व डॉ लंबोदर महतो बेरमो अनुमंडल कार्यालय से लोगों के भारी हुजूम के साथ सभा स्थल पर पहुंचे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


# गुरुवार को प्रत्याशियों ने किया ताबड़तोड़ नामांकन

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। इस चुनावी रण में झारखंड के कई दिग्गज नेता मैदान में उतर गये हैं। 13 नवंबर को होनेवाले पहले चरण की 43 विधानसभा सीटों के लिए नामांकन की अंतिम तारीख से ठीक एक दिन पहले प्रत्याशियों का जमावड़ा नामांकन स्थल पर लगा रहा। रांची स्थित समाहरणालय में गुरुवार को रांची, हटिया, कांके, मांडर और खिजरी विधानसभा के लिए उम्मीदवारों ने नामांकन किया। भाजपा झामुमो और कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के प्रत्याशियों द्वारा किये जा रहे नामांकन के दौरान समर्थकों का उत्साह चरम पर था। रांची सीट से चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह (सीपी) सिंह ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करते हुए सीपी सिंह ने एसडीएम के समक्ष दो सेट में नामांकन पर्चा भरा। सीपी सिंह को उम्मीद है कि रांची की जनता सातवीं बार जरूर सेवा करने का मौका देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि रोटी, बेटी और माटी के मुद्दे पर जनता के बीच वो जाने का काम करेंगे। वहीं हटिया विधानसभा सीट से नवीन जायसवाल ने भाजपा की ओर से नामांकन पर्चा दाखिल किया। नवीन जायसवाल ने दो सेट में पर्चा दाखिल करते हुए कहा कि जिस तरह से राज्य में जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार चल रही है, उससे जनता निजात पाना चाहती है। एक बार फिर हटिया सीट पर कमल खिला कर राज्य में एनडीए की सरकार बनाने का काम करेंगे। डॉ जीतू चरण राम ने कांके सीट से नामांकन दाखिल करते हुए अपनी जीत का दावा किया। जीतू चरण राम के साथ संजीव विजयवर्गीय, समरीलाल मौजूद रहे। मांडर से भाजपा ने सन्नी टोप्पो को चुनाव मैदान में उतारा है। उन्होंने भी गुरुवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया है। सन्नी टोप्पो ने कहा कि मांडर विधानसभा की जनता बाप और बेटी दोनों का कार्यकाल देख ली है। इस दौरान क्षेत्र का विकास नहीं हुआ है। इसलिए इसबार जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। वहीं इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के हटिया विधानसभा से अजय नाथ शाहदेव ने एक सेट में नामांकन किया। नामांकन के बाद अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि हटिया की जनता के मन बना लिया है कि बदलाव करना है। जनता चाहती है कि अजय नाथ शाहदेव उनका प्रतिनिधित्व करे। झामुमो के रांची से उम्मीदवार महुआ माजी ने कहा कि रांची की जनता मेरे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के काम देख चुकी है। पिछले 30 साल से जनता एक प्रत्याशी को आजमा चुकी है। रांची शहर को संवारने और मेट्रो सिटी की सुविधा के लिए जनता वोट करेगी। मांडर से कांग्रेस के प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पार्टी ने उन पर विश्वास जताया है, इस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा कि राज्य में फिर से गठबंधन की सरकार बनेगी। भाजपा के प्रत्याशी सन्नी टोप्पो पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का खोटा सिक्का नहीं चलेगा। खिजरी विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी राजेश कच्छप ने कहा कि जनता की सहयोग से इवीएम में सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस का पंजा दिखेगा। इस बार फिर से झारखंड प्रदेश में इंडिया गठबंधन की सरकार हेमंत सोरेन की नेतृत्व में बनेगी। नामांकन के दौरान ढोल नगाड़ों से समाहरणालय के बाहर उत्सव जैसा माहौल दिनभर बना रहा।


समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने जाते सन्नी टोप्पो।


समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने जाते सीपी सिंह।


नामांकन जनसभा में शिवराज सिंह चौहान के साथ नवीन जयसवाल।


समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने जाते डॉ जीतू चरण राम।


बोधि मैदान प्रांगण में आयोजित नामांकन सभा में पूर्णिमा दास साहू।


नामांकन जनसभा में सुबोधकांत सहाय के साथ अजय नाथ शाहदेव।


समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने जातीं शिल्पी नेहा तिर्की।


समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने जातीं डॉ महुआ माजी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार की स्थिति में सुधार,भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक समस्याओं का समाधान।

**वृष** आपको नियमित रूप से अपना खान-पान पर ध्यान देना चाहिए। संकल्पित काम पूरे होंगे।

**मिथुन** परिश्रम-प्रयत्न से रुके हुए काम पूरे होंगे,आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।

**कर्क** अनायास काम बनेंगे.आर्थिक स्थिति सुधरेगी, मान-सम्मान मिलेगा। नये लोगों से सम्पर्क।

**सिंह** आज का दिन काफी अच्छा तथा प्रगतिवर्धक रहेगा। विपरीत स्थितियों में सुधार।

**कन्या** व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगी। कामकाज अच्छा चलेगा। धनागम के अवसर बढ़ेंगे।

**तुला** अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे। नौकरी में स्थानांतरण अथवा अधिकारियों के साथ मतभेद होने की संभावना।

**वृश्चिक** संतान,परिवार तथा स्वजन मित्रों से सम्पर्क ठीक रहेगा,रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में सफलता।

**धनु** आज का दिन आपके लिए प्रगतिकारक रहेगा.निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास।

**मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे,वाहन सुख,यात्रा सुखद। धन लाभ के अवसर बनेंगे।

**कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या,शारीरिक कष्ट,वाहन दुर्घटना भय,खर्च अधिक होगा।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी। दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

# जब तक जिंदा हूं आरक्षण और संविधान पर कोई आंच नहीं आने दूंगा : चिराग पासवान

हेमंत सरकार ने झारखंड की गरीब जनता का पैसा लूटा: चिराग

जेएमएम कांग्रेस सरकार से झारखंड को संकट

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** चतरा विधानसभा से लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान के नामांकन सभा में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं अपने पिता स्वर्गीय रामविलास पासवान जी के संघर्षों की कसम खाकर कहता हूँ कि जब तक चिराग पासवान जिंदा है तब तक आरक्षण और संविधान पर कोई आंच नहीं आएगी। हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जेएमएम कांग्रेस की सरकार ने झारखंड को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार राज्य के गरीबों का पैसा लूटकर अपने घरों में भरने का काम कर रहे हैं। जेएमएम कांग्रेस ने राज्य में महिलाओं को असुरक्षित कर दिया है। युवाओं को पांच लाख नौकरी देने के नामपर पांच सालों तक ठगा। इसलिए झारखंड को भ्रष्टाचार और लूट की सरकार से मुक्त करने के लिए भाजपा की सरकार बनानी जरूरी है। चिराग पासवान ने कहा कि भाजपा सरकार में राम मंदिर बना। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी उन्होंने राम मंदिर के बारे में सोचा तक नहीं। पाँच सौ सालों से हमारे रामलला धूप, धूल, गर्मी, बरसात सहते रहे। कांग्रेस की सरकार के दौरान श्री राम जी को टेंट में रहना पड़ा और उनकी कोई सुद लेने वाला नहीं था। लेकिन देश में भाजपा की सरकार बनते ही श्री राम भक्तों को भव्य राम मंदिर देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जिसका लोकार्पण और श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।

# हेमंत सोरेन ने पिता की कसम खाकर झूठ बोला : हिमंता बिस्वा सरमा

-असम के मुख्यमंत्री जमशेदपुर में एनडीए प्रत्याशियों की सभा में हेमंत सरकार पर गरजे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य की जनता को सिर्फ लूटने का काम किया है। जनता को धोखा दिया है। उन्होंने अपने पिता शिबू सोरेन की कसम खायी, उसके बाद भी राज्य की जनता से किये वादे को पूरा नहीं किया। पूरे देश में हेमंत सोरेन एक ही नेता हैं, जिसने अपने बाप की कमस खाकर झूठ बोला। हेमंत सरकार में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण मिल रहा है। राज्य में घुसपैठिये, माफियाओं और दलालों की सरकार काम कर रही है। हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड की भलाई नहीं चाहती है। राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी तभी झारखंड का विकास होगा। हिमंता गुरुवार को जमशेदपुर में एनडीए प्रत्याशियों के नामंकन के बाद जनसभा में बोल रहे थे। पोटका से भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा, जमशेदपुर (पूर्व) से पूर्णिमा दास साहु, जुगसलाई से रामचंद्र सहिस और जमशेदपुर (पश्चिम) से जदयू प्रत्याशी सरयू राय ने नामांकन किया।

**सीजीएल घोटाले को सीबीआइ से जांच होगी:** हिमंता ने कहा कि जब भी मैं जमशेदपुर आता हूं, तो युवाओं से बात करता हूं। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार में युवाओं का कोई भविष्य नहीं हैं। राज्य में सीजीएल समेत तमाम परीक्षाएं होती है, उसका पेपर पैसे लेकर बेच दिया जाता है। जनता सब जानती है कि हेमंत सोरेन, बन्ना गुप्ता मिलकर झारखंड में परीक्षाओं को होने नहीं देते हैं। झारखंड मे भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में सीजीएल घोटाले को सीबीआइ से जांच कराने का काम करेगी। झामुमो-कांग्रेस की सरकार में जिसने भी पेपर पत्र लीक करने का महापाप किया है, उन सभी को भाजपा की सरकार सबक सिखायेगी। हम ऐसा सबक सिखायेंगे कि वे सीजीएल का नाम मुंह में लाने से डरेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में भाजपा, आजसू और सरयू राय सब अलग चुनाव लड़े थे, लेकिन इस बार सारी नदियां मिलकर समुद्र बन गयी है। हमारे साथ आजसू, लोजपा और जदयू तीनों का समर्थन है। इस बार हमारी जीत पक्की है।

### भाजपा के पांच प्रण को गिनाया

असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार ने जल, जंगल जमीन को लूटने का काम किया है। राज्य के बालू तक को हेमंत सरकार ने लूटा है। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही बालू माफियाओं को खत्म कर सभी लोगों के लिए बालू कर दिया जायेगा। हेमंत सोरेन की सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार में लिप्त है। चुनाव में हार के डर से महिलाओं को लालच देने के लिए आज मंईयां सम्मान योनजा की बात कर रहे हैं। हेमंत सरकार में महिलाएं असुरक्षित हैं। पिछले पांच सालों में सबसे ज्यादा महिलाओं की हत्या हुई है। राज्य में महिलाओं का सम्मान लूटा गया है। आज झारखंड महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध में देश में नंबर एक पर खड़ा है। सरमा ने भाजपा के पंचप्रण गिनाये। उन्होंने कहा कि भापजा सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में गोगो दीदी योजना से महिलाओं को 2100 रुपये दिये जायेंगे। राज्य में खाली पदों को भरने का काम किया जायेगा।

# पूरे कोल्हान की 14 सीटों पर एनडीए गठबंधन प्रचंड वोटों के साथ जीत दर्ज करेगा : मीरा मुंडा

नामांकन के बाद आयोजित सभा को किया संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पोटका विधानसभा प्रत्याशी मीरा मुंडा ने गुरुवार को नामांकन दाखिल के पश्चात जमशेपुर के बोधि मैदान में आयोजित एनडीए के नामांकन सभा को संबोधित किया। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार, अशोक चौधरी एवं जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण महतो उपस्थित रहे। इस अवसर पर मीरा मुंडा ने अपने संबोधन में कहा की जनसभा में जनता के उत्साह को देखकर साफ प्रतीत हो रहा है कि पोटका सहित पूरे कोल्हान की 14 सीटों पर एनडीए गठबंधन प्रचंड वोटों के साथ जीत दर्ज करेगी। वर्तमान राज्य सरकार ने युवाओं को, महिलाओं को, आदिवासी समाज को सिर्फ ठगकर अपनी झोली भरने का काम किया है और ऐसी सरकार को जनता इस बार उखाड़ फेंकेगी।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा ने नामांकन के बाद जनसभा का किया आयोजन

# जनता के आशीर्वाद से फिर हमारी पार्टी सरकार बनायेगी : कल्पना

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह ।** पपरवाटांड़ मैदान में गुरुवार को दो बजे झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से एक जनसभा का आयोजन किया गया। बता दे कि गिरिडीह गांडेय ओर जमुआ विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद जन सभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा में झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी सुदीब्य कुमार सोनू, गांडेय प्रत्याशी कल्पना मुर्मू सोरेन जमुआ से प्रत्याशी केदार हाजरा झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सिंह कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केडिया अजय सिंहा मंटू कई नेता कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में तीनों विधानसभा क्षेत्र से लोग जनसभा में पहुंचे हुए थे।

जनसभा के माध्यम से तीनों प्रत्याशियों ने अपने-अपने पक्ष में वोट मांगा और फिर से एक बार हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने के लिए अपील किया। इस मौके पर भाजपा पर जमकर निशाना साधा गया। मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने थे। एक बार फिर से आप सभी को उन्हें मुख्यमंत्री बनना है कहा कि जेल का बदला जीत से लिया जाएगा इसीलिए झारखंड के अस्तित्व को बचाने के लिए फिर से सत्ता में हेमंत सोरेन की सरकार को आने की जरूरत है।

सुदीब्य कुमार सोनू ने कहां की छत्तीसगढ़ असम और एमपी के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री गिरिडीह में आकर डेरा डाले हुए हैं लेकिन झारखंडी के अस्तित्व को बचाने वाले कौन हैं वह भली-भांति जनता जानती है। कहां की झारखंड को हड़पने से बचाना होगा। झारखंड और गिरिडीह में विकास चाहते हैं तो एक बार फिर से हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली सरकार बनानी होगी। भीड़ को लेकर उन्होंने कहा कि यह हुजूम हम सभी को ताकत और मजबूती प्रदान करेगी। कल्पना मुर्मू सोरेन और केदार हाजरा ने जीत का दावा करते हुए कहा कि जनता का आशीर्वाद क्षेत्र में मिल रहा है एक बार फिर से हमारी पार्टी सरकार बनायेगी और झारखंड के विकास की लकीर को आगे बढ़ाएगी।

# मिथिलेश ठाकुर का नामांकन रद्द हो : भाजपा

## गढ़वा प्रत्याशी के सहयोगी खुलेआम शराब, साड़ी, कपड़ा, घड़ी बांट रहे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची ।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचा और मुख्य चुनाव पदाधिकारी के रवि कुमार से मुलाकात कर मांग किया कि गढ़वा से झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर का नामांकन रद्द करने की मांग की। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि चुनाव घोषणा होते ही जिस प्रकार खुलेआम आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर मिथिलेश ठाकुर के सहयोगियों ने खुलेआम शराब ,कपड़ा,साड़ी और घड़ी गांव गांव में जाकर बांट रहे हैं और पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं ,इस पूरे प्रकरण का वीडियो बनाकर प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को दिया है ।चुनाव आयोग ने जांच के आदेश दिया है। प्रतिनिधिमंडल में सुबोध कांत और पुष्कर तिवारी शामिल थे।







### चुनाव क्विज 2024 की विजेता बनीं चाईबासा की अलीशा निषाद

# मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाता अवश्य मतदान करें : के रवि कुमार

**राज्य के सभी मतदाताओं के बीच कराया गया था चुनाव क्विज 2024**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता अवश्य मतदान करें। मतदान को लोकतंत्र के त्योहार के रूप में मनाया जाना है। खुद तो मतदान करना ही है, अपने पूरे परिवार, आस पड़ोस, दोस्तों, परिजनों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना है। वह गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में चुनाव क्विज 2024 के फाइनल प्रतियोगिता के उपरांत विजेताओं के लिए आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

श्री कुमार ने कहा कि प्रायः देखा गया है कि ग्रामीण वोटर शहरी वोटर से अधिक सजग होकर मतदान में भाग लेते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए इस बार के मतदान में सभी पोलिंग पर्सनल को मतदान कराने के लिए कम से कम मतदाताओं को कतार में रहना पड़े, इस हेतु क्यू मैनेजमेंट सिस्टम की भी ट्रेनिंग दी गयी है। उन्होंने कहा कि चुनाव क्विज 2024 से युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति ज्ञानवर्धन का प्रयास किया गया है।

विदित हो कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय झारखंड द्वारा स्टैट्स इंडिया के सहयोग से चुनाव क्विज 2024 का आयोजन 2 अक्टूबर को कराया गया था, जिसमें राज्य के सभी जिलों से एक-एक प्रतिभागी को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित परीक्षा से चयनित किया गया था। इन चयनित प्रतिभागियों के बीच गुरुवार को आर्यभट्ट सभागार में अलग-अलग राउंड की प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें निर्णायक के रूप में सूरज कुमार, निबंधक सहयोग समितियां झारखंड, शशि रंजन, राज्य परियोजना निदेशक सर्व शिक्षा अभियान एवं गोपिका आनंद राज्य स्टेट आइकॉन पीडब्ल्यूडी शामिल थीं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा की अलीशा निषाद रहीं, जिन्हें 50 हजार रुपये की राशि, द्वितीय स्थान पर रहे गोड्डा के नरेश प्रसाद यादव को 30 हजार रुपये की राशि एवं तृतीय स्थान पर रहे खूंटी के चंदन कुमार को 20 हजार रुपये की पुरस्कार राशि के साथ सभी जिलों के प्रथम प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं 10 हजार रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दिया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, संदीप सिंह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं रांची जिला निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# तख्त बदल दो, ताज बदल दो और बेइमानों का राज बदल दो : संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि तख्त बदल दो ताज बदल दो बेईमानों का राज बदल दो। गुरुवार को झारखंड परिवर्तन के लिए तैयार है। वे गुरुवार को हरमू मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य की जनता को सिर्फ मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाये। राज्य सरकार ने युवा, महिला और किसानों को पांच सालों तक ठगा। हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य की रोटी बेटी और माटी को लूटने का काम किया है, लेकिन गठबंधन कांग्रेस जेएमएम की सरकार का बालू खाकर भी पेट नहीं भरा, कोयला खाकर भी पेट नहीं भरा, खनिज खाकर पेट भी नहीं भरा। हेमंत सोरेन ने आदिवासियों की जमीन लूटकर खा गये फिर भी उनका पेट नहीं भरा।

**पत्रकारों को नहीं मिला बीमा लाभ :** हेमंत सोरेन की वादाखिलाफी पर कहा कि 3 साल पहले हेमंत सरकार ने मान्यता प्राप्त पत्रकारों को बीमा का लाभ देने का वादा किया था। 3 साल पहले गठबंधन सरकार ने 3100 रुपया पत्रकारों से लिया और उनको भी ठग लिया। इस सरकार ने चौथे स्तंभ को भी नहीं छोड़ा। आज झारखंड परिवर्तन के लिए तैयार है। अब विदाई समारोह भी तय हो गया है। विदाई समारोह की तारीख भी घोषणा हो गयी है। अब सिर्फ 30 दिन बाकी है, जब हेमंत सोरेन की फरेब सरकार जायेगी। राज्य की जनता ने 2 साल पहले हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार की पूजा देखी थी पूजा सिंघल के रूप में। भ्रष्टाचार का आलम देखा था आलमगीर आलम के रूप में। हेमंत सरकार में नीरज साहु के घर से 300 करोड़ रुपये बरामद हुए। यह पैसा जनता से लूट का पैसा था, फरेब का पैसा था, ये रिश्वत और कमिशन का पैसा था। अब संकल्प लेने का समय आ गया है कि हटिया विधानसभा में कांग्रेस पार्टी की बोहनी होने नहीं देना है।

# दीपावली और छठ महापर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए चलेंगी और 17 जोड़ी ट्रेनें

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हाजीपुर।** दीपावली एवं छठ महापर्व में यात्रियों की सुविधा हेतु. पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से खुलने/पहुंचने अथवा गुजरने वाली लगभग 142 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में इन स्पेशल ट्रेनों के अलावा अतिरिक्त 17 जोड़ी एवं एक वन-वे पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा।

गाड़ी संख्या 04608 जम्मूतवी-हावड़ा पूजा स्पेशल ट्रेन जम्मूतवी, गाड़ी संख्या 04680 श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा-कामाख्या पूजा स्पेशल ट्रेन, गाड़ी संख्या 04662 अमृतसर-सहरसा पूजा स्पेशल ट्रेन, गाड़ी संख्या 04520 अंबाला-दरभंगा पूजा स्पेशल ट्रेन, गाड़ी संख्या 06055 कोयम्बटूर-बरौनी स्पेशल कोयम्बटूर, गाड़ी संख्या 09461 अहमदाबाद-दानापुर स्पेशल ट्रेन, गाड़ी संख्या 09011 उधना-गया स्पेशल ट्रेन, गाड़ी संख्या 09115 वडोदरा-गया स्पेशल ट्रेन, गाड़ी संख्या 09467 अहमदाबाद-जयनगर स्पेशल ट्रेन, गाड़ी संख्या 08793 दुर्ग-पटना स्पेशल ट्रेन, गाड़ी संख्या 07315 अंबाला-मुजफ्फरपुर पूजा स्पेशल ट्रेन, गाड़ी संख्या 06287 सर एम विश्वेसरैया टर्मिनल-मुजफ्फरपुर स्पेशल ट्रेन, गाड़ी संख्या 07649 मौला अलि (सिकंदराबाद)-मुजफ्फरपुर पूजा स्पेशल ट्रेन, गाड़ी संख्या 03507 आसनसोल-नौतनवां स्पेशल ट्रेन, गाड़ी संख्या 03501 आसनसोल-कटिहारं स्पेशल ट्रेन, गाड़ी संख्या 03503 आसनसोल-पटना स्पेशल ट्रेन, गाड़ी संख्या 03511 आसनसोल-पटनां स्पेशल ट्रेन, गाड़ी संख्या 03505 आसनसोल-पटनां स्पेशल ट्रेन चलेगी। यात्री एनटीइएस द्वारा रेल परिचालन से जुड़ी समस्त जानकारी अद्यतन रूप से प्राप्त कर सकते हैं।

# आरपीएफ ने अवैध रेलवे ई-टिकट के आरोपित को गिरफ्तार किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने अवैध रेलवे ई-टिकट का व्यवसाय करने के मामले में छापेमारी कर एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान पवन कुमार के रूप में की गयी है। निरीक्षक डीके सिंह ने गुरुवार को बताया कि आरपीएफ के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर रेल टिकटों के कालाबाजारी के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर रांची आरपीएफ पोस्ट के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पोस्ट कमांडर के नेतृत्व में नामकुम पुलिस की सहायता से अवैध रेलवे ई-टिकट व्यापार के खिलाफ छापेमारी की। इस दौरान, साइबर ढाबा नामक दुकान में एक व्यक्ति ऑनलाइन कार्य करते पाया गया। आरपीएफ की टीम ने अपनी पहचान बतायी और उसकी अनुमति से एसआइ सोहन लाल ने उसके कंप्यूटर सिस्टम की जांच की। जांच में पाया गया कि व्यक्ति ने अपने व्यक्तिगत आइडी के माध्यम से 23 रेलवे ई-टिकट बनाया था। टिकट की कुल राशि 45,400 आंकी गयी। आरोपित ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वह अपनी व्यक्तिगत आइडी का उपयोग करके टिकट बनाता और उन्हें ग्राहकों को बेचता था, जिससे वह अतिरिक्त पैसा कमाता था। आरोपित को रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत अपराध के लिए गिरफ्तार किया गया। छापेमारी टीम में उपनिरीक्षक सूरज पांडेय, सोहन लाल, मुंताजिर अंसारी, अभिषेक कुमार यादव, अफरोज आलम शामिल थे।

# कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस में आज जुटेंगे प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



PADMA BHUSHAN DR. S.K. SARIN
PADMASHREE DR. N. K. PANDEY
PADMA SHREE DR. J.S. TITIYAL
PADMA SHREE DR. RANDEEP GULERIA

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा आयोजित कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2024, 25 से 27 अक्टूबर तक दरभंगा हाउस, सीसीएल के कन्वेंशन सेंटर, रांची में आयोजित होगी। इस वार्षिक सम्मेलन का विषय स्वास्थ्य प्राथमिकताएं वर्तमान और भविष्य रखा गया है। यह कार्यक्रम एक प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप और सीएमएस मीट के साथ प्रारंभ होगा। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में 15 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वक्ता शामिल होंगे, जो चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में हालिया प्रगति और भविष्य की चुनौतियों पर अपने विचार साझा करेंगे। इस सम्मेलन में कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी सहयोगी कंपनियों के लगभग 300 डॉक्टर हिस्सा लेंगे, जिससे उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध और उन्नत तकनीकों से अवगत होने का अवसर मिलेगा।

## देश के चार प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ अनुभव साझा करेंगे

- पद्म भूषण डॉ एसके सरीन -निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बाइलरी साइंसेज (आइएलबीएस), नयी दिल्ली।

डॉ सरीन हेपेटोलॉजी के क्षेत्र में विशेष रूप से लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस बी और सी और लिवर ट्रांसप्लांटेशन के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने भारत में लिवर केयर को उन्नत करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

- पद्मश्री डॉ एनके पांडे -चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स), फरीदाबाद।

डॉ पांडे भारत में न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी माने जाते हैं। उन्होंने भारत में लैप्रोस्कोपिक और एंडोस्कोपिक सर्जरी तकनीकों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

- पद्मश्री डॉ रणदीप गुलेरिया - पूर्व निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नयी दिल्ली।

वर्तमान में मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम में इंटरनल मेडिसिन और रेस्पिरेटरी एंड स्लीप मेडिसिन के चेयरमैन हैं। कोविड 19 महामारी के दौरान, डॉ गुलेरिया एक प्रमुख सलाहकार थे और उन्होंने भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य रणनीतियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

- पद्मश्री डॉ जेएस टिटियाल - मुख्य, डॉ आरपी सेंटर फॉर ऑप्थैल्मिक साइंसेज, (एम्स), नयी दिल्ली।

डॉ टिटियाल ने मोतियाबिंद सर्जरी, कॉर्निया ट्रांसप्लांटेशन और रिफ्रैक्टिव सर्जरी के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**आजसू की दूसरी लिस्ट जारी**

# दिनेश चंद्र बोयपाई मनोहरपुर से लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 के लिए आजसू पार्टी ने 20 अक्टूबर को पहली लिस्ट जारी की थी। घोषित आठ प्रत्याशियों में पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो को सिल्ली से उम्मीदवार बनाया गया है। रामगढ़ से सुनीता चौधरी, लोहरदगा से नीरू शांति भगत प्रत्याशी बनायी गयी हैं। गोमिया से लंबोदर महतो को उम्मीदवार बनाया गया है। जुगसलाई से रामचंद्र सहिस उम्मीदवार हैं। मांडू से निर्मल महतो, ईचागढ़ से हरेलाल महतो और पाकुड़ से अजहर इस्लाम प्रत्याशी बनाए गए हैं। झारखंड में दो चरणों में चुनाव होंगे। पहले चरण का चुनाव 13 नवंबर और दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा। 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी।

# 29 को धनतेरस, 30 को नर्क चतुर्दशी और 31 को दीपावली



**पं रामदेव पांडेय**



**रांची।** धनतेरस के देवता धन्वंतरि हैं। अथर्ववेद के अनुसार धन्वंतरि भगवान विष्णु के तेरहव अवतार हैं। भाव प्रकाश में बताया गया है कि इंद्र ने लोक कल्याण के लिए भारत भूमि पर बेजा है। धन्वंतरिचाक्षुष मन्वंतर में चौदह रत्न के साथ-साथ समुद्र मंथन में निकले थे। धनतेरस से ही महालक्ष्मी, कुबेर, विश्वकर्मा, काली कलम की पूजा शुरू हो जाती हैं। बहुत से लोग धनतेरस को को ही लक्ष्मी पूजा कर लेते हैं। 29 अक्टूबर मंगलवार को दिन 11 बजे से त्रयोदशी शुरू होकर बुधवार दोपहर 1:10 बजे तक है। इस दिन भौम प्रदोष, धन्वंतरि जयंती, मास शिवरात्रि भी है। इस दिन 4 बत्ती वाली सरसों या करंज तेल का दीपक रात के पहली प्रहर मे घर के दक्षिण दिशा मे जला कर अकाल मृत्यु से सालभर बचा जाता है।

## नर्क चतुर्दशी

30 अक्टूबर बुधवार, चतुर्दशी दिन 1:05 से गुरुवार दोपहर 3:12 बजे तक है। इस दिन नर्क चतुर्दशी और और कामेश्वरी जयंती है। इस दिन अपामार्ग की जड़ को पानी मे डाल कर नहाना चाहिए। इसी दिन भगवान कृष्ण ने नरकासुर/भौमासुर को कामख्या मे मार कर 16000 बंदी युवतियां को मुक्त किया था, जो दिन भगवान कृष्ण को पति रूप मे मान लिया था। इस उपलब्धि पर भी दीपावली मानने की परंपरा चलीं, इसी दिन छोटी दीपावली भी मनायी जाती है,

## दिपावली

गुरुवार 31 अक्टूबर को है। इस दिन चतुर्दशी दिन 3:12 बजे तक है। इसके बाद अमावस्या शुरू होकर शुक्रवार शाम 5:15 बजे तक है। चित्र नक्षत्र गुरुवार को रात 1:04 बजे तक है। इसलिए गुरुवार को ही दीपावली और काली पूजा होगी। शुक्रवार को रात में अमावस्या नहीं मिलती है।

## अमावस्या

अथर्ववेद के अनुसार पुर्णिमा की तरह अमावस्या भी देवता है। यह चंद्र अपनी किरण से कमजोर होता है। यह दीपोत्सव का त्योहार है। अथर्ववेद मे लिखा है कि ऐसी पुष्टिकारक प्रतीक्षित अमावस्या की रात आयी है। हम इसके लिए हवि अर्पित करते हैं। वह अमावस्या हमें अन्न, दूध, रस, और धन दे, अमावस्या की रात को योग, आनंद देने वाला बताया गया है।

### स्थिर लग्न

कुंभ - दोपहर- 2:52 से 3:25 बजे तक
वृष - शाम 6:28 से 8:25 बजे तक
सिंह - रात 12:56 से 3:50 बजे तक
प्रदोष काल - शाम 5:33 से 7:58 बजे तक
निशीथ काल - रात 11:35 से 12:36 बजे तक

### चौखड़िया

शुभ - सुबह 5:55 से 7:20 बजे तक
चर - सुबह 10:7 से 11:32 बजे तक
लाभ - 11:23से 12:57 बजे तक
अमृत - 12:57 से 2:23 बजे तक
शुभ - 3:40 से 5:10 बजे तक
अमृत - शाम 5:20 से 6:45 बजे तक
चर - शाम 6:45 से 8:25 बजे तक
लाभ - रात -23:32 से 1:10 बजे तक

इस दिन महालक्ष्मी का जयंती है। इस दिन रात में श्री गणेश महालक्ष्मी वसना पूजा, कुबेर, विश्वकर्मा काली पूजा होती है। सुबह मे लक्ष्मी की बड़ी बहन धूमावती के रूप मे दरिद्रा बाहर किया जाता है और राजा बलि की पूजा की जाती है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### लोकहित अधिकार पार्टी ने की विधानसभा प्रत्याशियों की पांचवी सूची जारी



**रांची (आजाद सिपाही)।** विधानसभा प्रत्याशियों को लेकर लोकहित अधिकार पार्टी के द्वारा झारखंड प्रदेश कोर कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता की सहमती से उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी की गयी। महाशन मुर्मू - नाला विधानसभा, दिबेंदु कुमार मंडल - पाकुड़ विधानसभा, प्यारेलाल साहू - जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा, बालेश्वर महतो - बड़कागांव विधानसभा, मोहन लाल साव - डुमरी विधानसभा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू समेत प्रधान महासचिव मो अजहर आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ, प्रदेश महासचिव संजय स्नेही एवं प्रदेश सचिव कुंज बिहारी साव उपस्थित थे।

### निर्दलीय संदीप वर्मा ने नामांकन किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची संदीप वर्मा ने गुरुवार को रांची विधानसभा क्षेत्र 63 से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन किया। इसके पूर्व में बगलामुखी मंदिर मेन रोड स्थित संकट मोचन मंदिर पूजा अर्चना की। इसके बाद रांची यूनिवर्सिटी गेट के पास पहुंचे वहां से ढोल-नगाड़ा के साथ अपने समर्थकों के साथ जुलूस की शक्ल में निर्वाचन शाखा पहुंचे। वहां उन्होंने एक सेट में निर्वाचन अधिकारी उत्कर्ष कुमार के पास नामांकन किया। इस मौके पर पंकज सिंह, रतन वर्मा, मलाई कुमार, रिंकी देवी, सोनाक्षी सिंह, मंजू सिंह, आरती तिग्गा, दीपक कुमार, राकेश सिंह, रवि खालको, अमित मुंडा, विक्रम प्रसाद, रॉकी सिंह, मानिक चटर्जी, अमित मुखर्जी बापी घोष एवं काफी समर्थक उपस्थित थे।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर रांची में जागरूकता कार्यक्रम




**रांची (आजाद सिपाही)।** आर्मी पब्लिक स्कूल, दीपाटोली में रिनपास के नैदानिक मनोविज्ञान विभाग द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और तनाव प्रबंधन पर विशेषज्ञ चर्चा हुई। विद्यार्थियों और अध्यापकों को मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अभय कुमार सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थित थे। प्रो (डॉ) अमूल रंजन सिंह और डॉ मसरूर जहां द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और तनाव प्रबंधन पर विशेषज्ञ चर्चा की गयी। शोध छात्र राहुल शर्मा और प्रतीक्षा दिनेद्री की भागीदारी रही। इस कार्यक्रम ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को उजागर किया और समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### कैनवास पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** आइआइसीसी एवं आइएनआइएफडी संस्थान में गुरुवार को कैनवास पेंटिंग कम्पटीशन का आयोजन किया गया। इसका थीम बेडरूम में एक दीवार, सहायक उपकरण के साथ एक फर्नीचर, 2 मंजिला बाहरी हिस्सा था। इस में इंस्टिट्यूट के इंटीरियर डिजाइनिंग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़ कर एक पेंटिंग बनायी और अपने हुनर का प्रदर्शन किया। सबसे अच्छा प्रदर्शन करनेवालों को प्राइज दिया गया, जिसमें प्रथम प्राइज- मुस्कान कुमारी, दूसरा प्राइज दरक्शा नाज एवं तीसरा प्राइज शशि प्रिया को दिया गया। शिक्षकगण में मणि राठी, आफरीन इरशाद, हरेंद्र कुमार, आमिर आरफीन आदि उपस्थित थे। हमारे इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर डॉ एमडी महबूब आलम ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और भविष्य के लिए शुभकामना भी दी।

### कांग्रेस-जेएमएम का ऑफिशियल वेबसाइट बंद हो : भाजपा

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मिलकर ज्ञापन सौंपा और मांग किया कि कांग्रेस और जेएमएम दोनों का ऑफिशियल वेबसाइट बंद किया जाये। श्रीवास्तव ने बताया कि चुनाव घोषणा के बाद से ही कांग्रेस और जेएमएम दोनों पार्टियां ने जिस तरह अपने अधिकृत वेबसाइट से पोस्ट कर रही है, वो न सिर्फ आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है, बल्कि चुनाव आयोग को चुनौती भी है। आज जिस प्रकार का पोस्ट जेएमएम और कांग्रेस जारी कर रही है, वो किसी भी प्रकार स्वीकार्य नहीं है। प्रतिनिधिमंडल ने जेएमएम और कांग्रेस का चुनाव घोषणा के बाद से सभी पोस्ट की प्रति को चुनाव आयोग में सौंपा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

194000 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

No 1 Channel

आजाद सिपाही Subscribe NOW


## कांग्रेस के प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव के आशीर्वाद सह नामांकन सभा में भारी भीड़ उमड़ी

# केंद्र ने झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया : सांसद पप्पू यादव

**पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव अजय नाथ शाहदेव को हटिया से भारी मतों से जिताने की अपील की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने गुरुवार को हटिया विधानसभा से अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद एचइसी स्थित पुराना विधानसभा मैदान में आशीर्वाद सह नामांकन सभा किया जिसमें काफी संख्या में लोग जुटे। सभा को पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, दयामनी बारला, पद्मश्री मधु मंसूरी, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष सह कांग्रेस नेता राजीव रंजन प्रसाद, झामुमो नेत्री सुशीला एक्का, सहित अनेक नेताओं ने संबोधित किया। कांग्रेस नेता संजय पांडे ने मंच संचालन किया। सांसद पप्पू यादव ने कहा कि भाजपा जब आती है बाहरी भीतरी का खेल करती है, लेकिन कांग्रेस मोहब्बत की बात करती है। इसलिए अपने वोट की चोट से हटिया में बदलाव लाइए और अजय नाथ शाहदेव को भारी मतों से जिताइये। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि झारखंड के विकास का करोड़ों रुपए केंद्र सरकार दबाकर बैठा है। भाजपा नहीं चाहती कि झारखंड का विकास हो। झारखंड का विकास सही मायने में इंडिया गठबंधन की सरकार ही कर सकती हैं। अजय नाथ शाहदेव एक ऊजार्वान नेता हैं ऐसे लोगों को जब आप चुनकर विधायक बनाएंगे तो न सिर्फ हटिया का चहुंमुखी विकास होगा। पिछली बार हम हटिया में थोड़े से वोट से चूक गये थे इस बार अपना वोट से बंटने न दें और अजय नाथ शाहदेव को भारी मतों से जिताएं। कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने अपने संबोधन में कहा कि इतनी भारी संख्या में आप लोग मेरे सभा में जुटकर मेरे मनोबल को दोगुना कर दिया है। ये आशीर्वाद और स्नेह आप बनाकर रखिए और चुनाव में भारी मतों से जिताकर हटिया में परिवर्तन लाइए। मैं आपके बेटे, भाई, सहयोगी के रूप कार्य कर हटिया में विकास का नया इतिहास बनाऊंगा। मेरा संकल्प है कि मैं आपको एक विकसित और बेहतर हटिया बनाकर दूंगा। स्कूल, अस्पताल और रोजगार के क्षेत्र में हटिया पूरे झारखंड में एक आदर्श विधानसभा होगा। पैसे के अभाव में किसी गरीब के बच्चे की पढ़ाई नहीं रूकेगी। खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बनाकर दूंगा। हटिया में एक बढ़िया सरकारी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाना मेरा लक्ष्य है जहां सभी का मुफ्त और बेहतर इलाज होगा। एक मौका मुझे आप जरूर दीजिए। सभा को यशस्विनी सहाय, मंजुर अहमद अंसारी, रौशन लाल भाटिया, केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष अजय तिर्की ने संबोधित किया। इससे पूर्व श्री शाहदेव अपने समर्थकों संग आनंदमयी आश्रम, रिसालदार बाबा मजार, हिनू मंदिर में मत्था टेकते हुए बिरसा चौक में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुड़मा स्थित जतरा खूंटा शक्ति स्थल पहुंचकर पूजन किया फिर रातू गढ़ में अपने कुलदेवता का आशीर्वाद लेकर समाहरणालय पहुंचे और अपना नामांकन दाखिल किया।

## कांग्रेस ने सात उम्मीदवारों के नाम का एलान किया

# पाकुड़ से पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की पत्नी निशात अलम लड़ेंगी चुनाव

**कांके से सुरेश कुमार बैठा बनाये गये हैं उम्मीदवार**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** कांग्रेस की ओर से झारखंड विधानसभा को लेकर अपनी दूसरी सूची जारी कर दी गयी। पूर्व मंत्री और पाकुड़ विधायक आलमगीर आलम की जेल जाने के बाद प्रयास लगाया जा रहा था कि उनके बेटे तनवीर आलम को टिकट मिलेगी, लेकिन पार्टी ने फिर चौंकाया। जिस तरह स्क्रीनिंग कमेटी के द्वारा हटिया से अजयनाथ शहदेव का नाम नहीं भेजने के बावजूद उन्हें टिकट दिया। इसी प्रकार आलमगीर आलम की पत्नी का नाम आलाकमान को नहीं भेजे जाने के बावजूद उन्हें टिकट देकर कांग्रेस ने चौंकाया। मतलब पाकुड़ से निशात आलम अब चुनावी दंगल में उतरेंगी। वहीं, कांग्रेस ने बरही विधायक उमाशंकर अकेला का टिकट काट दिया। उनकी जगह अरुण साहू को उम्मीदवार बनाया है। डालटनगंज से केएन त्रिपाठी को टिकट दिया है, जबकि एक बार फिर से कांके से सुरेश कुमार बैठा ही उम्मीदवार बनाये गये हैं। पांकी से लाल सूरज को और विश्रामपुर से सुधीर कुमार चंद्रवंशी को टिकट दिया गया है। छतरपुर से राधा कृष्ण किशोर को टिकट दिया गया है।


पूर्व मध्य रेल

ई-ऑक्शन सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है: –

1. **ई–नीलामीसूची:** पार्किंग **ई–नीलामीसूची सं.:** पार्किंग–40–24 **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 30.10.2024 12:00 बजे से **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम:** डालटनगंज स्टेशन पर 03 वर्षो के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड।

पतरातू स्टेशन पर 03 वर्षो के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड।

2. **ई–नीलामीसूची:** पे एंड यूज शौचालय। **ई–नीलामीसूची सं.:** पीएनयू –45–24, **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 30.10.2024 12.30 बजे से **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम:** रेणुकूट स्टेशन के पीआरएस कार्यालय के सामने द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय में 'पे एंड यूज' शौचालय का संचालन एवं रखरखाव, तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई–नीलामी में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें।

रेल प्रशासन के पास किसी/ समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद।

पीआर/01370/डीएचएन/सीओएमएल/एन/24–25/44


## झारखंड कुम्हार समाज के अध्यक्ष कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कुम्हार समाज और माटी कला संघ के अध्यक्ष केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। झारखंड कुम्हार समाज के अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति ने केंद्रीय मंत्री से समाज के उत्थान के संबंध में कई मांगें रखीं। इस पर मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनकी मांगों को गंभीरता से सुना और पूरा करने का आश्वासन दिया।

## भाजपा के सात प्रत्याशी 25 अक्टूबर को करेंगे नामांकन

**चुनाव सह प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष सहित कई नेता होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के सात प्रत्याशी 25 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन दाखिल करेंगे। बोरियो विधानसभा के नामांकन में प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी मौजूद रहेंगे। बड़कागांव प्रत्याशी के नामांकन में केंद्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी मौजूद रहेंगी। बोकारो प्रत्याशी के नामांकन में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी शामिल होंगे। सिंदरी, धनबाद, सरायकेला और खरसावां विधानसभा के प्रत्याशी के नामांकन में भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा शामिल होंगे।

**झामुमो की चौथी लिस्ट जारी**

## खूंटी से स्नेहलता की जगह रामसूर्य मुंडा और सरायकेला से गणेश महली होंगे झामुमो के प्रत्याशी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार, झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रत्याशियों की चौथी सूची जारी कर दी है। इसमें खूंटी से रामसूर्य मुंडा और सरायकेला से गणेश महली को टिकट दिया गया है। यह जानकारी केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने दी है। बता दें कि इसके पहले झामुमो ने मंगलवार को 35 लोगों की लिस्ट जारी की थी। इसके बाद बुधवार को झामुमो ने दो लिस्ट जारी की थी। इसमें छह लोगों उम्मीदवार बनाया था। गुरुवार को जारी लिस्ट में खूंटी से स्नेहलता कंडुलना की जगह रामसूर्य मुंडा को टिकट दिया गया है।

# हेमंत सरकार में बेटियां असुरक्षित, 5 वर्षों में 7200 बलात्कार की घटनाएं : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची ।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रदेश मुख्यालय में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए नामकुम में एक युवती के साथ हुए रेप और हत्या की घटना की कड़ी निंदा की। प्रतुल ने कहा कि इस सरकार में बेटियां असुरक्षित हैं। राजधानी रांची के नामकुम क्षेत्र में दिनदहाड़े एक बेटी को किडनैप करके हत्या कर दी जाती है। हेमंत सोरेन सरकार के 5 वर्षों के कार्यकाल में अब तक 7200 रेप की घटनाएं हो चुकी हैं, 7000 से ज्यादा हत्याएं हो चुकी हैं। ढाई लाख से ज्यादा संज्ञेय अपराध हुए हैं।

यानी राज्य में पूरी तरीह से अपराधियों का बोलबाला है। भाजपा के कार्यकाल और हेमंत सरकार के कार्यकाल की तुलना करें तो रेप केस की संख्या 29 प्रतिशत की अप्रत्याशित वृद्धि हुई है (वर्ष 2017 और 2022 के आंकड़े) इसके अतिरिक्त बलात्कार और पोस्को के भी मामलों में 25% से भी कम आरोपियों को सजा हुई है। प्रतुल ने कहा कि इस सरकार का फास्ट्रेक कोर्ट के जरिए भी दोषियों को सजा दिलाने का रिकॉर्ड भी बहुत बुरा है।

शाहदेव ने कहा कि आज एनडीए के उम्मीदवारों के बड़ी संख्या में नामांकन के साथ इस सरकार की उल्टी गिनती की शुरू हो गई है। भाजपा अपने पंच प्रणों में 500 रुपये में गैस सिलेंडर, 2,70,000 युवाओं को सरकारी रोजगार, 5 लाख लोगों को स्वरोजगार, बेरोजगारों को 2000 रुपये मासिक बेरोजगारी भत्ता, गरीबों को 20 लाख से अधिक आवास, मुफ्त बालू देने की योजना के साथ चुनाव मैदान में है। अभी तक गठबंधन का औपचारिक रूप से बंटवारा भी नहीं हुआ है। दूसरी ओर, भाजपा गठबंधन जनता के इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने की आकांक्षा के अनुसार चुनावी मैदान में उतर चुका है।

## नेशनल गेम्स घोटाला : शिकायतकर्ता पंकज यादव को सीबीआइ का बुलावा, तथ्यों व केस से जुड़ी जानकारी मांगी

रांची (आजाद सिपाही)। 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले की जांच एक बार फिर शुरू हो गयी है। इस मामले के याचिककर्ता पंकज यादव को सीबीआई कार्यालय से पूछताछ और तथ्यों की जानकारी देने के लिए बुलावा आया है। सीबीआइ की क्लोजर रिपोर्ट के बाद याचिकाकर्ता पंकज यादव एवं सूर्य सिंह बेसरा ने क्लोजर रिपोर्ट का विरोध करते हुए दोबारा जांच की मांग करते हुए सीबीआइ कोर्ट में प्रोटेस्ट याचिका दाखिल की थी। पंकज यादव का कहना था कि सीबीआइ ने ना तो शिकायतकर्ता से बात की ना ही उस विधानसभा कमेटी के सदस्यों से बात की। जिन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट में 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और अनियमितता की बात कही थी। शिकायतकर्ता पंकज यादव की मांग पर सीबीआइ कोर्ट ने दोबारा से सीबीआई ने सभी बिंदुओं पर जांच के आदेश दिये थे। उसी आदेश के आलोक में राष्ट्रीय खेल के मेगा स्पोर्ट्स निर्माण और खेल सामग्री की खरीदारी को लेकर सीबीआई ने जांच शुरू कर दी है।

## मुझे मेरे कार्यों की बदौलत दोबारा मिलेगी जीत : डॉ रामेश्वर उरांव



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा ।** लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव ने अनुमंडल कार्यालय पंहुचकर अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पूर्व उन्होंने राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और अपने कार्यकर्ताओं के साथ में झखरा कुंबा पंहुच कर सरना स्थल में माथा टेक कर पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही नामांकन करने प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और अपने प्रस्तावकों के साथ नामांकन दाखिल करने पंहुचे। कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि आज विधानसभा चुनाव में हम हक के साथ अपने क्षेत्र के जनता के पास जाकर अपनी जनकल्याणकारी योजना को बदलते हुए अपना कार्य करेंगे और निश्चित तौर पर जो विकास का कार्य है, हमारी सरकार हमारे विधायक के कार्यकाल में किया गया। उन सभी कार्यों से आज हमें फिर से इस विधानसभा चुनाव में विजय प्राप्त होगी और पूर्व की भांति अधिक मतों से इस चुनाव में जीत हासिल होगी। इस मौके पर छतीसगढ़ प्रभारी अमरजीत भगत, पूर्व विधायक विनय भगत, आलोक दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, राजेश कुमार छोटू, जेएमएमके अध्यक्ष मोज्मिल अहमद, माले महेश सवारियां समेत, समेत कंग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## डॉ जमुना पाई के स्किन लैब स्टूडियो ने रांची में अपना पहला क्लिनिक शुरू किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत की अग्रणी कॉस्मेटिक फिजिशियन डॉ जमुना पाई गुरुवार को रांची में अपने पहला क्लिनिक का उद्घाटन किया। साक्षी सिंह धोनी ने क्लिनिक का उद्घाटन करते हुए अपना उत्साह जताया और इस ब्रांड में अपना आत्मविश्वास दर्शाया। उन्होंने कहा कि हमें मुंबई से भारत में कॉस्मेटोलॉजी की अग्रणी डॉ जमुना पाई के इस कार्यक्रम में शामिल होने पर बहुत गर्व है। इस नये स्टूडियो में स्थायी लेजर हेयर रिडक्शन, प्रोफेशनल पील्स, एडवांस मेडी फेशियल, एंटी-एजिंग तकनीक, मुंहासे के उपचार, स्किन रीसर्फेसिंग, डर्मल थेरेपी, पिगमेंटेशन उपचार, हेपर लॉस उपचार, हेयर फॉल उपचार और बहुत विभिन्न समस्याओं को दूर करने के सारे उपाय मौजूद हैं। यहां इस्तेमाल किये गये सभी उपकरण यूएस-एफडीए द्वारा अप्रूव्ड हैं।

## सीपीआइ (एम) ने जारी की 9 सीटों पर उम्मीदवारों की लिस्ट

रांची (आजाद सिपाही)। आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर सीपीआइ (एम) ने अपने 9 प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। सीपीआइ (एम) द्वारा जारी लिस्ट में तमाड़, बहरगोरा, सिसई, चतरा समेत 9 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया गया है। इसमें बहरागोड़ा से सपन महतो, चतरा से पुन भुइयो, तमाड़ से सुरेश मुंडा, सिसई एसटी सीट से मधुआ कच्छप, जामताड़ा से लखन लाल मंडल, पाकुड़ से शेख सैफुद्दीन, महेशपुर से गोपिन सोरेन, जामा एसटी सीट से सनातन देहरी और मांडर से कीर्ति मुंडा को प्रत्याशी बनाया गया है।

## जयराम महतो ने डुमरी से नामांकन दाखिल किया



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सुप्रिमो जयराम महतो ने डुमरी अनुमंडल सभागार में निवार्ची सह अनुमंडल पदाधिकारी डुमरी के समक्ष अपना नामांकन 33 डुमरी विधानसभा से चुनाव लड़ने के लिए दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के पश्चात उन्होंने कहा कि हम झारखंड के स्थानीय नीति, रोजगार नीति व झारखंड को सजाने और संवारने आदि कई ज्वंलत मुद्दों को लेकर चुनावी मैदान में उतरे हैं और मेरे जैसे साधारण युवक के प्रति जनता का प्रेम है। जिसके कारण आज इतनी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए हैं। अब बड़े राजनीतिक घरानों का समय चला गया है। क्योंकि सब का एक दौर होता है, आज हम युवाओं का दौर है। जनता हमें आशीर्वाद देती है तो झारखंड को एक अलग पहचान मिलेगी।

## दिवाली की रात 8 से 10 बजे तक ही चलेंगे पटाखे, 125डीबी से कम ध्वनि वाले पटाखों की ब्रिक्री की मिलेगी अनुमति

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने दीवाली के मौके पर चलाये जाने वाले पटाखों और उसके लिए समय का निर्धारण कर दिया है। पर्षद के सदस्य सचिव राजीव लोचन बख्शी ने इस संबंध में सूचना जारी करते कहा कि राज्य के सभी 24 जिलों के शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता स्तर अच्छी या संतोषप्रद श्रेणी में आता है। यहां ऐसे ही पटाखे बेचे जा सकेंगे, जिनकी ध्वनि सीमा 125डीबी से कम हो। साथ ही दिवाली के दिन पटाखे मात्र दो घंटे शाम 8 बजे से रात 10 बजे तक ही चलाये जा सकेंगे। जो भी व्यक्ति इन निर्देशों का उल्लंघन करते पाये जायेंगे, उन पर आइपीसी की धारा 188 एवं वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1981 कई धारा 37 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के तहत विधिसम्मत कार्रवाई संबंधित जिले के डीसी करेंगे। राज्य में दिवाली के अलावा छठ, क्रिसमस, नव वर्ष आदि त्योहारों के समय पटाखे मात्र दो घंटे ही चलाये जा सकेंगे। दिवाली, गुरु पर्व पर रात 8-10 तक तथा छठ में सुबह 6-8 बजे तक, क्रिसमस और नव वर्ष के दिन मध्य रात्रि 11:55 से रात्रि 12:30 बजे तक पटाखे चलाये जा सकेंगे।

## कांके विधायक समरीलाल को हाइकोर्ट से राहत

रांची (आजाद सिपाही)। कांके विधायक समरी लाल की ओर से 2019 झारखंड विधानसभा चुनाव में दिये गये जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए उनका प्रमाण पत्र रद्द करने की मांग को लेकर दाखिल याचिका हाइकोर्ट ने खारिज कर दी है। तत्कालीन कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा ने इस संबंध में चुनाव याचिका दाखिल की थी। जिसपर झारखंड हाईकोर्ट की एकल पीठ ने फैसला सुनाया है। सुरेश बैठा की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिंह, विभास सिन्हा और अखोरी अविनाश कुमार ने बहस की। वहीं विधायक समरी लाल की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष ने बहस की।

## लालपुर बाजार काली पूजा समिति ने 51वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनायेगा

रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्री लालपुर बाजार काली पूजा समिति, स्टूडेंट क्लब, कि ओर से क्लब अपना 51वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष क्लब की ओर से इको फ्रेंडली और नारी जागरूकता के थीम पर पंडाल का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें शुप और चट से किया जायेगा, पंडाल का निर्माण बंगाल के कारीगर कर रहे है। पंडाल की ऊंचाई 35 फीट चौड़ाई 40 फीट का होगा, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां के दरबार में कोकर से लालपुर तक गेट लाइट लगाया जायेगा, मूर्ति निर्माण अजय पाल के द्वारा किया जा रहा हैं जोकि मूर्ति 15 फीट की रहेगी, क्लब प्रांगण में गंगा आरती, महाभोग, भंडारा और भजन कीर्तन के साथ भव्य विसर्जन का आयोजन होगा। इस वर्ष पूजा के संपूर्ण आयोजन में लगभग 7 लाख रुपया खर्च होगा।

## अवैध खनन और मनी लांड्रिंग मामला: खाली हाथ लौटी इडी की टीम, नहीं मिला दाहू यादव

साहेबगंज (आजाद सिपाही)। झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में 1000 करोड़ के अवैध खनन और मनी लांड्रिंग मामले में कई महीनों से फरार चल रहे राजेश यादव उर्फ दाहू यादव के घर गुरुवार सुबह करीब 8 बजे इडी की टीम दबिश दी। चार सदस्यीय इडी की टीम करीब आधा दर्जन अर्ध सैनिक बल के साथ दो इनोवा कार मे सवार होकर शोभनपुर भट्टा दाहू यादव के आवासीय गांव पहुंची। इडी की टीम ने आसपास के इलाके में दाहू यादव के बारे में पूछताछ की है। बताया जा रहा है कि इस दौरान दाहू यादव के पुत्र राहुल यादव ने ईडी से बातचीत कर बताया अभी हाल ही में मैं और मेरे चाचा जेल से छूट कर आये हैं। इसके पूर्व भी इडी ने कार्रवाई की थी और घर कुर्की जब्ती की गयी थी। राहुल यादव ने कहा कि मेरे पिता दाहू यादव यहां नहीं रहते हैं। वहीं इडी की टीम ने आसपास मोहल्ले में काफी भीड़ को लेकर सवाल पर राहुल यादव ने बताया कि आज चाचा जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव राजमहल विधानसभा में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने जा रहे हैं। इसी को लेकर उनके समर्थकों की भीड़ है। लगभग 20 मिनट तक इडी की टीम दाहू यादव के आवास के आस पास रही। उसके बाद वहां से खाली हाथ लौट गयी।

# झारखंडी जनमानस की यही पुकार अबकी बार एनडीए की सरकार : रामचंद सहिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा से आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने एनडीए प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। गुरुवार को नामांकन के दौरान जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा एवं आजसू के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। इससे पूर्व श्री सहिस ने गुरुवार सुबह मुचीडीह में पूर्वजों के समक्ष माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद हाथीखेदा मंदिर में विधि विधान से पूजा-अर्चना कर नामांकन के लिए निकले। इस दौरान बोड़ाम से जुलूस के शुक्ल में हजारों समर्थक साकची बोधि मंदिर पहुंचे। यहां से पदयात्रा कर जिला कार्यालय में नामांकन किया। पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि आजसू का संकल्प है जुगसलाई विधानसभा को सिल्ली विधानसभा जैसे मॉडल विधानसभा बनाना। साथ ही सभी प्रखंड के पंचायतों में विकास के लिए काम करना। श्री सहिस ने कहा कि झारखंडी जनमानस की यही पुकार अबकी बार एनडीए की सरकार। उन्होंने कहा जुगसलाई की जनता के लिए पंचायत क्षेत्रों में घर-घर से कचड़ा उठाने की सुविधा एवं समुचित निस्तारण का प्रबंध, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, ग्रामीण क्षेत्रों में दुकानदारों के लिए स्थायी हाट बाजार की स्थापना, घोड़ाबांधा मुख्य सड़क पर स्ट्रीट लाइट का प्रबंध, ग्वालाडेरा से गोविंदपुर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क मार्ग का शीघ्र निर्माण सहित अन्य कई ज्वलंत मुद्दों को लेकर जुगसलाई विधानसभा की जनता के बीच जायेंगे।

## राष्ट्रीय लोक दल के राज कुमार साहू उर्फ बबलू टाइगर रांची विधानसभा से आज करेंगे नामांकन

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) ने झारखंड विधानसभा 2024 चुनाव में अपना प्रत्याशी उतारा है। पार्टी ने रांची विधानसभा से राज कुमार साहू उर्फ बबलू टाइगर को अपना प्रत्याशी बनाया है। पार्टी के प्रभारी अनुपम मिश्रा ने बताया कि राजकुमार साहू उर्फ बबलू टाइगर शुक्रवार को अपना नामांकन करेंगे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय लोक दल के संस्थापक पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के पुत्र अजीत सिंह थे। अभी चौधरी अजीत सिंह के पुत्र जयंत चौधरी दल के मुख्य अध्यक्ष है। पार्टी ने झारखंड विधानसभा 2024 में अपना प्रत्याशी मैदान में उतारा है। आरएलडी के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने बताया कि राजकुमार साहू की रांची विधानसभा क्षेत्र में अच्छी पकड़ है, और पार्टी उनके जीत की कामना करती है।

# धर्मनिरपेक्षता के पक्ष में

आजकल धर्मनिरपेक्षता को लेकर चलने वाली बहसें अक्सर जिस तरह का तीखा रूप ले लेती हैं, उसके मद्देनजर यह महत्वपूर्ण है कि पिछले दो दिनों में दो बार सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग फैसलों में इसकी अहमियत रेखांकित हुई। एक मामले में सर्वोच्च अदालत ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा करार दिया, तो दूसरे मामले में इसकी संकीर्ण व्याख्या से उपजी गड़बड़ियां दुरुस्त कीं। सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि धर्मनिरपेक्षता के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की जा सकती, क्योंकि यह संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। मामले की गंभीरता का अहसास कराते हुए जस्टिस संजीव खन्ना ने याचिकाकर्ताओं से सीधा सवाल किया कि क्या आप नहीं चाहते कि भारत धर्मनिरपेक्ष रहे? याचिकाकर्ताओं ने भी तब कहा कि उन्हें देश की धर्मनिरपेक्षता से आपत्ति नहीं, वे सिर्फ 42वें संशोधन को चुनौती दे रहे हैं। सर्वोच्च अदालत के फैसले से यह भी साफ हुआ कि संशोधन के द्वारा प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े जाने का मतलब यह नहीं है कि इससे पहले धर्मनिरपेक्षता संविधान का अहम हिस्सा नहीं थी। चाहे समानता के अधिकार की बात हो या संविधान में आये बंधुत्व शब्द की या फिर इसके पार्ट 3 में दिये गये अधिकारों की, ये सब इस बात का साफ संकेत हैं कि धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की मूल विशेषता है। अदालत ने यह भी कहा कि चाहे धर्मनिरपेक्षता हो या समाजवाद, इन्हें पश्चिम के संदर्भ में देखने की जरूरत नहीं। भारतीय परिवेश ने इन शब्दों, मूल्यों, संकल्पनाओं को काफी हद तक अपने अनुरूप ढाल लिया है। दूसरा मामला इलाहाबाद हाइकोर्ट द्वारा यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द किये जाने से जुड़ा था, जिसे मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने गलत करार दिया। हाइकोर्ट ने इस एक्ट को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ माना था। धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत की इस संकीर्ण व्याख्या के चलते प्रदेश के 13 हजार से ज्यादा मदरसों में पढ़ रहे 12 लाख से अधिक स्टूडेंट्स के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे थे। मगर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जरूरत मदरसों को बैन करने की नहीं, बल्कि उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने की है। इन दोनों फैसलों पर गौर करें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि जरूरत धर्मनिरपेक्षता को आधुनिक लोकतांत्रिक समाज की एक अपरिहार्य विशेषता के रूप में स्वीकार करने की ही नहीं, उसे लेकर उदार और व्यापक नजरिया विकसित करने की भी है। इसे कमजोर करने की कोई भी जानी अनजानी कोशिश अंततः देश और समाज को ही कमजोर करेगी।

**सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि धर्मनिरपेक्षता के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की जा सकती, क्योंकि यह संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पीएमआइएस को युवाओं के एक विशिष्ट समूह को शीर्ष 500 कंपनियों में 12 महीने की इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। कम आय वाले परिवारों के 21-24 वर्ष की आयु और मैट्रिक से लेकर स्नातक तक (आइआइटी स्नातक, सीए आदि को छोड़ कर) की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवा इस योजना के पात्र हैं। यह योजना 5000 रुपये का मासिक स्टाइपेंड प्रदान करती है, जिसे सरकार (4500 रुपये) और कंपनी (500 रुपये) द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया जाता है।**

# पीएम इंटर्नशिप योजना: करके सीखने के विचार का लोकतंत्रीकरण




वी अनंत नागेश्वरन और दीक्षा सुप्याल बिष्ट



कल्पना कीजिए रीना (काल्पनिक नाम) के बारे में, जो देश के तीसरी श्रेणी के एक शहर के एक राज्यस्तरीय विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले एक कॉलेज से वाणिज्य में स्नातक है। उसके कॉलेज में कोई प्लेसमेंट सेल नहीं है और शैक्षणिक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बावजूद, शिक्षा प्राप्ति के बाद के उसके विकल्प सरकारी नौकरी की परीक्षा की तैयारी, पड़ोस के स्कूल में पढ़ाने (जिसके लिए उसके पास योग्यता हो भी सकती है और नहीं भी) या शादी कर लेने तक ही सीमित हैं। कुल मिलाकर, देश के एक तिहाई युवाओं (15-29 वर्ष की आयु के) और आधी से अधिक युवतियों की उपस्थिति शिक्षा, रोजगार या प्रशिक्षण के क्षेत्र में नहीं हैं (https://tinyurl.com/yd675u5j)। यही नहीं, देश के युवाओं का एक बड़ा वर्ग किसी निजी कंपनी द्वारा नौकरी पर रखे जाने से कोसों दूर है। इस संदर्भ में, हाल ही में शुरू की गयी पीएम इंटर्नशिप योजना (पीएमआइएस) युवा सशक्तीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता द्वारा समर्थित एक बाजार-आधारित और युवाओं द्वारा संचालित समाधान पेश करती है।

पीएमआइएस को युवाओं के एक विशिष्ट समूह को शीर्ष 500 कंपनियों में 12 महीने की इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। कम आय वाले परिवारों के 21-24 वर्ष की आयु और मैट्रिक से लेकर स्नातक तक (आइआइटी स्नातक, सीए आदि को छोड़ कर) की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवा इस योजना के पात्र हैं। यह योजना 5000 रुपये का मासिक स्टाइपेंड प्रदान करती है, जिसे सरकार (4500 रुपये) और कंपनी (500 रुपये) द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया जाता है। साथ ही, आकस्मिक व्यय के लिए अतिरिक्त 6000 रुपये भी दिये जाते हैं। इस योजना के प्रायोगिक चरण का लक्ष्य 2024 में 1.25 लाख युवाओं को लाभान्वित करना है, जबकि पांच वर्ष में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप की सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य है। इस योजना के तहत खर्च के लिए कंपनियां अपने सीएसआर फंड का भी उपयोग कर सकती हैं।

**इंटर्नशिप प्रवेश से संबंधित उन बाधाओं को भी तोड़ देती है, जिससे छोटे शहरों एवं गांवों के प्रतिभाशाली, ईमानदार और समर्पित युवाओं को भी जूझना पड़ता है।**

लंबे समय से इंटर्नशिप को युवा उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद एक व्यवस्था के रूप में जाना जाता रहा है। शिक्षा से जुड़े शोधकर्ताओं और शिक्षण से संबंधित वैज्ञानिकों ने कार्य-आधारित शिक्षा के महत्व को पहचाना है। डेविड कोल्ब्स, जॉन डेवी, कर्ट लुइस एवं कई अन्य विद्वानों द्वारा प्रवर्तित अनुभवात्मक शिक्षण से संबंधित दृष्टिकोण, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार श्रमशक्ति के विकास के महत्वपूर्ण साधन साबित हुए हैं। इंटर्नशिप वास्तव में संवाद, सहयोग, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को बेहतर बनाती है।

युवा उम्मीदवारों के लिए पीएमआइएस के तहत प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप न केवल अवसर हैं, बल्कि परिवर्तनकारी अनुभव भी हैं। वे कॉरपोरेट जगत की वास्तविक दुनिया से परिचित कराती हैं, जो देश भर के अधिकांश कॉलेजों में पढ़ाई जाने वाली शिक्षा की अपेक्षाकृत अधिक व्यवस्थित एवं स्थिर दुनिया से काफी भिन्न है। अपने करियर की सर्वोत्तम राह को विकसित करने और पहचानने के अलावा, उम्मीदवार जिम्मेदारी संभालने, समस्या के समाधान, निर्णय लेने, टीम वर्क और समय के प्रबंधन के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी हासिल कर सकते हैं। इंटर्नशिप प्रवेश से संबंधित उन बाधाओं को भी तोड़ देती है, जिससे छोटे शहरों व गांवों के प्रतिभाशाली, ईमानदार और समर्पित युवाओं को भी जूझना पड़ता है। इन बाधाओं में धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना, ई-मेल से जुड़ा शिष्टाचार, कंप्यूटर व एमएस ऑफिस का उपयोग करना या विश्वसनीय एवं सर्वाधिक प्रासंगिक जानकारी के लिए इंटरनेट पर खोज करने जैसी बुनियादी चीजें शामिल हैं। देश के प्रमुख संस्थानों एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में जहां इंटर्नशिप प्रचलन में है, वहीं करियर संबंधी परामर्श एवं नौकरी-उन्मुख नेटवर्किंग की कमी के कारण राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में, यह एक असामान्य चीज बनी हुई है। इन्हीं राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में अधिकांश युवा पढ़ते हैं। इस तरह, पीएमआइएस के जरिए बड़े पैमाने पर प्रदान किये जाने वाले इंटर्नशिप गैर-मेट्रो शहरों के युवाओं के लिए समान अवसर प्रदान करती है और संभावित प्लेसमेंट के लिए दरवाजे खोलने का काम करती है। व्यक्तिगत स्तर पर, नयी मिली आर्थिक आजादी आत्मविश्वास बढ़ाती है और युवा प्रतिभाओं को बेहतर करने और ऊंचे लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित करती है। युवतियों के मामले में आर्थिक आजादी और आत्म-मूल्य की भावना शादी की उम्र और विवाह के पूर्व की शर्तें जैसी जीवन के फैसलों में बदलाव ला सकती है।

नियोक्ता के लिए इंटर्नशिप न केवल दीर्घकालिक रोजगार के लिए उम्मीदवार की उपयुक्तता का परीक्षण करने का कम लागत वाला बेहतरीन प्रयोग है, बल्कि कौशल संबंधी अंतर को पाटने और उसके सीएसआर संबंधी उद्देश्यों को पूरा करने का एक रणनीतिक उपकरण भी है। 12 महीनों के दौरान, कंपनी विश्वसनीय रूप से एक प्रशिक्षु के आइक्यू और इक्यू का आकलन कर सकती है और आत्मविश्वास के साथ प्रवृति के लिए नियुक्ति और कौशल के लिए प्रशिक्षण की बहुप्रशंसित रणनीति को लागू कर सकती है।

व्यापक स्तर पर अर्थव्यवस्था की दृष्टि से, पीएमआइएस राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और यह युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने एवं वंचित पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं में समानता लाने का एक तात्कालिक उपाय है। शिक्षा पूरी कर चुके युवाओं के लिए एक फिनिशिंग स्कूल के रूप में कार्य करके, इंटर्नशिप अर्थव्यवस्था में रोजगार रहित प्रतिभा के भारी नुकसान को कम करने में मदद करती है। आने वाले एआइ के युग में, शिक्षा से लेकर रोजगार तक की ऐसी कड़ी और भी महत्वपूर्ण साबित होगी, जहां नौकरी के लिए उपयुक्तता परिवर्तन एवं जीवन कौशल के प्रति अनुकूलनशीलता द्वारा निर्धारित की जाएगी। दीर्घकालिक अवधि में, यह मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में पूंजी और श्रम के बीच के अनुपात को भी प्रभावित कर सकती है। जैसा कि कहा गया है, कंपनियों में बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं को वास्तविक रूप से समायोजित करने, शीर्ष 500 कंपनियों को श्रेणी-2 और श्रेणी-3 वाले शहरों से आने वाले प्रशिक्षुओं को नियुक्त करने और किसी अभ्यर्थी को उसके शहर से बाहर स्थानांतरित करने की आवश्यकता होने पर पर्याप्त मात्रा में मासिक स्टाइपेंड की उपलब्धता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इस संबंध में दूरस्थ कार्य की व्यवस्था, गैर-मेट्रो कार्यालयों एवं कारखानों में भर्ती, और कंपनी द्वारा अतिरिक्त स्टाइपेंड संभावित समाधान हो सकते हैं।

इस प्रकार पीएमआइएस रोजगार सृजन का एक ऐसा उत्प्रेरक है, जिसके व्यापक प्रचार और सावधानीपूर्वक कार्यान्वयन की आवश्यकता है। इसका लक्ष्य लगातार भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश के साथ बेहतर तालमेल बिठाना है। इस योजना के शुभारंभ के बाद से कॉरपोरेट जगत द्वारा दिखायी गयी अत्यधिक रुचि भारतीय युवाओं को कुशल बनाने, उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ावा देने और उनकी आजीविका को बेहतर बनाने के इस योजना के लक्ष्य की सफलता की दृष्टि से एक अच्छा संकेत है।

**(लेखक : वी अनंत नागेश्वरन भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार हैं। दीक्षा सुप्याल बिष्ट भारतीय आर्थिक सेवा में एक अधिकारी हैं। ये उनके निजी विचार हैं)।**

## देश-विदेश की खबरें

### मोदी कैबिनेट का फैसला : केंद्र सरकार ने दी रेल परियोजनाओं को मंजूरी

# सात हजार छठ और दिवाली स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** रेलवे त्योहार पर यात्रियों को सुरक्षित सफर कराने के लिए सात हजार दिवाली और छठ स्पेशल ट्रेनें चलायेगा। गुरुवार को कैबिनेट बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गयी। केंद्रीय रेल और सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस फैसले से रोज दो लाख यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा बैठक में दो बड़ी रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी।

**कृष्णा नदी पर बनेगा 3.2 किमी लंबा नया पुल :** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहली रेल परियोजना के तहत अमरावती के लिए एक रेलवे लाइन को मंजूरी दी गयी है। इसके लिए कृष्णा नदी पर 3.2 किमी लंबा नया रेलवे पुल बनाया जायेगा। यह अमरावती को हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता और नागपुर से जोड़ेगा। इसके साथ ही उत्तर बिहार को उत्तर पूर्वी राज्यों से जोड़ने के लिए नरकटियागंज- रक्सौल- सीतामढ़ी- दरभंगा और सीतामढी- मुजफ्फरपुर रेलवे लाइन का दोहरीकरण किया जायेगा। 4553 करोड़ रुपये की लागत से 256 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन का दोहरीकरण होने से उत्तर प्रदेश और उत्तर बिहार को फायदा होगा।

**313 किमी तक बढ़ जायेगा रेलवे नेटवर्क :** केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा कि नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर खंड के दोहरीकरण से नेपाल, पूर्वोत्तर भारत और सीमावर्ती क्षेत्रों से कनेक्टिविटी मजबूत होगी और मालगाड़ी के साथ-साथ यात्री ट्रेनों की आवाजाही में सुविधा होगी। वहीं 57 किमी लंबी नयी रेल लाइन एर्रुपलेम-अमरावती-नंबुरु, आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा और गुंटूर जिलों और तेलंगाना के खम्मम जिले से होकर गुजरेगी। उन्होंने



कहा कि आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार के आठ जिलों को कवर करने वाली 6,798 करोड़ की इन रेल परियोजनाओं से रेलवे नेटवर्क 313 किमी तक बढ़ेगा। साथ ही नौ नये स्टेशनों के साथ लगभग 168 गांवों और लगभग 12 लाख आबादी को लाभ मिलेगा। इसके अलावा 31 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) का अतिरिक्त माल यातायात होगा। रेलवे के मुताबिक नयी लाइन के प्रस्ताव से आंध्र प्रदेश के अमरावती को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।

**उत्तर रेलवे ने की थी 3050 ट्रेनें चलाने की घोषणा :** हाल ही में त्योहार को देखते हुए उत्तर रेलवे ने ही 3050 विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा की थी। इनमें से अधिकांश ट्रेनें ऐसी हैं, जो उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पूर्वोत्तर राज्यों की ओर दौड़ेंगीं। इस बार चलायी जा रहीं ट्रेनें पिछले साल के मुकाबले 172 फीसदी ज्यादा हैं। उत्तर रेलवे ने पिछले साल 1082 विशेष ट्रेनें चलायी थीं।

**आंध्र प्रदेश के सीएम नायडू ने दिया धन्यवाद :** केंद्रीय कैबिनेट बैठक में अमरावती के लिए नयी रेल लाइन को मंजूरी मिलने पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने पीएम मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि हम अमरावती को देश के बेहतर शहरों में से एक बनाना चाहते हैं और रेलवे पुल के निर्माण से इसमें काफी मदद मिलेगी। मैं केंद्र सरकार की सराहना करता हूं और पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं। आंध्र प्रदेश में 70,000 करोड़ रुपये की कई परियोजनाएं चल रही हैं। हम पीएम मोदी को विशाखापत्तनम रेलवे जोन की आधारशिला रखने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। मैं इस परियोजना को मंजूरी देने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री और पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं।

**स्पेस सेक्टर स्टार्टअप के लिए वेंचर कैपिटल फंड :** स्पेस सेक्टर में काम करने वाले स्टार्टअप की मदद के लिए सरकार आगे आयी है। केंद्रीय कैबिनेट ने गुरुवार को 1000 करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड बनाने को अपनी मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी। इस फंड से लगभग 40 स्टार्टअप को मदद मिलने की उम्मीद है।

## एक ही दिन 80 से ज्यादा भारतीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को एक बार फिर से 85 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें एयर इंडिया के 20 विमान, इंडिगो के 20, विस्तारा के 20 और अकासा की 25 उड़ानें शामिल हैं। पिछले 11 दिनों में इंडियन एयरलाइंस की 250 उड़ानों को इस तरह की धमकियां मिली हैं। पिछले कई दिनों से लगातार विमानों को बम से उड़ानें की धमकियां मिल रही हैं। गुरुवार को एक बार फिर से 85 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी है। पुलिस ने इन धमकियों की जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस ने पिछले आठ दिनों में 90 से ज्यादा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी के संबंध में आठ अलग-अलग एफआइआर दर्ज की हैं। पुलिस ने कई लोगों को भी गिरफ्तार किया है।

# बुलडोजर कार्रवाई से प्रभावित लोग अदालत आ सकते हैं: सुप्रीम कोर्ट

- राज्यों के खिलाफ अवमानना का आरोपी लगानेवाली याचिका खारिज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अधिकारियों द्वारा अदालत के आदेश की अवमानना का आरोप लगाने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवइ, न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मामले से नहीं जुड़ा है, इसलिए वह याचिका पर विचार नहीं कर रहे हैं। हालांकि कोर्ट ने साफ किया है कि जो लोग बुलडोजर कार्रवाई से प्रभावित हैं, वो अदालत आ सकते हैं। पीठ ने कहा कि हम भानुमती का पिटारा नहीं खोलना चाहते हैं। विध्वंस से प्रभावित लोगों को न्यायालय आने दें। दरअसल याचिकाकर्ता के वकील ने आरोप लगाया कि हरिद्वार, जयपुर और कानपुर में अधिकारियों ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद संपत्तियों को ध्वस्त किया। याचिकाकर्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कहा था कि उनकी अनुमति के बगैर तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं की जायेगी, लेकिन उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान के अधिकारियों द्वारा कोर्ट के आदेश की अवमानना की गयी। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, सर्वोच्च न्यायालय का आदेश स्पष्ट था कि इस न्यायालय की अनुमति के बिना कोई तोड़फोड़ नहीं की जायेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि एक मामले में एफआइआर दर्ज होने के तुरंत बाद संपत्ति को ध्वस्त कर दिया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि याचिकाकर्ता एक तीसरा पक्ष है और उसे तथ्यों की जानकारी नहीं है।

# शिवराज सिंह चौहान का मोदी सरकार में बढ़ा कद

### पीएम ने सौंपा अपना वाला खास काम

**आजाद सिपाही संवाददाता**


**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार में कृषि मंत्री की भूमिका निभा रहे शिवराज सिंह चौहान का कद बढ़ता नजर आ रहा है। खबर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें नयी जिम्मेदारी सौंपी है, जिसके तहत वह देशभर में सरकार की नयी और जारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे। दरअसल पीएम मोदी ने एक नयी टीम गठित की है, जिसकी कमान चौहान को दी गयी है। हाल ही में इस संबंध में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई थी, जिसमें सचिव स्तर के कई बड़े अधिकारी शामिल हुए थे। जानकारी के अनुसार कृषि मंत्री बनने से पहले मध्य प्रदेश के तीन बार के मुख्यमंत्री रहे चौहान की अगुवाई में गठित समूह हर महीने समीक्षा बैठक करेगा। यह मीटिंग प्रधानमंत्री कार्यालय में होगी, जहां सभी सरकारी योजनाओं की रफ्तार बढ़ाने को लेकर चर्चा की जायेगी। बैठक में शामिल रहे अधिकारी बताते हैं कि पीएम मोदी ने चौहान को घोषणा किये गये सभी प्रोजेक्ट की प्रगति देखने की शक्तियां दे दी हैं।

# एलएसी पर जमीनी स्थिति बहाल करने पर बनी व्यापक सहमति: राजनाथ सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जमीनी स्थिति को बहाल करने पर व्यापक सहमति बन गयी है, जिसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और मवेशियों को चराने की अनुमति भी शामिल है। राजधानी दिल्ली में चाणक्य रक्षा वार्ता 2024 में बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दोनों देशों के बीच हुए समझौते को एक महत्वपूर्ण विकास बताया, जो वैश्विक मंच पर रक्षा वार्ता के महत्व को भी रेखांकित करता है।

**सैन्य और कूटनीतिक स्तरों पर हुई बातचीत :** राजनाथ सिंह ने कहा, भारत और चीन एलएसी पर कुछ क्षेत्रों में मतभेदों को सुलझाने के लिए सैन्य और कूटनीतिक दोनों स्तरों पर बातचीत की है। इस बातचीत के बाद समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांत के आधार पर जमीनी स्थिति को बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बन गयी है। उन्होंने कहा, इसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और (मवेशियों को) चराने की अनुमति भी शामिल है। यह निरंतर बातचीत में संलग्न होने की शक्ति है, क्योंकि जल्द या बाद में समाधान निकलेगा।



**एक दिन पहले ब्रिक्स में मिले पीएम मोदी और शी जिनपिंग :** इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त और पीछे हटने के भारत-चीन समझौते का समर्थन किया और कई द्विपक्षीय वार्ता तंत्रों को फिर से बहाल करने के निर्देश जारी किये, जो 2020 में झड़प से प्रभावित संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों का संकेत है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर आयोजित लगभग 50 मिनट की बैठक में पीएम मोदी ने मतभेदों और विवादों को ठीक से संभालने और सीमा क्षेत्रों में शांति और शांति को भंग करने की अनुमति नहीं देने के महत्व को रेखांकित किया।

### शरद पवार को सुप्रीम कोर्ट से झटका

# अजित के पास ही रहेगी 'घड़ी'

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार को बड़ा झटका लगा। दरअसल, कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का 'घड़ी' चिह्न अजित पवार के पास ही रहेगा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले यह फैसला आया है। हालांकि कोर्ट ने कहा कि अजित पवार गुट को उसके पहले के आदेश का पलन करते हुए चुनाव प्रचार के दौरान 'डिस्क्लेमर' जोड़ना होगा, जिसमें यह स्पष्ट किया जायेगा कि मामले पर अभी अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा, अगर हमें लगेगा कि जानबूझ कर हमारे आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है, तो हम खुद ही अवमानना की कार्यवाही शुरू कर सकते हैं। शरद पवार गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का यह अस्थायी फैसला आया है। शरद पवार गुट ने चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती थी, जिसमें पार्टी का नाम और चिह्न अजित पवार गुट को दे दिया गया था। इस बार, शरद पवार ने सुप्रीम कोर्ट में शिकायत की थी कि अजित पवार गुट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है और कोई डिस्क्लेमर नहीं जोड़ा, जिससे मतदाताओं में असमंजस पैदा हुई।

# झामुमो सरकार की विदाई तय : केशव मौर्य

## भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप शाही ने किया नामांकन, उमड़ा जनसैलाब





आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी ही नहीं, गारंटी की गारंटी है। नामांकन सभा में उमड़ा जन सैलाब यह बता रहा है कि झारखंड में भाजपा की सरकार बन रही है। उक्त बाते स्थानीय गोसाईबाग मैदान में आयोजित भाजपा प्रत्याशी भानू प्रताप शाही के नामांकन सभा को संबोधित करते हुए उतर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्ट झामुमो की सरकार का बिदायी प्रारंभ हो गया है। 23 नवंबर को राज्य में भाजपा की सरकार बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का विजय जुलूस लोकसभा चुनाव के बाद से ही प्रारंभ हो गया है। जिसका परिणाम हरियाणा का चुनाव में हरियाणा की जनता ने भाजपा की बहुमत की सरकार बनाया। उन्होंने कहा कि झारखंड के साथ महाराष्ट्र में भी भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी वादा किया वह पूरा हुआ। भाजपा ने जम्मू कश्मीर से 370 हटाया, अयोध्या में रामलला का मंदिर बनवाया सहित सभी कार्य पूरे किये।

नामांकन सभा को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक सह भाजपा प्रत्याशी भानू प्रताप शाही ने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो भवनाथपुर को अनुमंडल और बंशीधर नगर को जिला बनायेंगे। भाजपा सरकार बनते ही बंगलादेशी घुसपैठियों को भगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की निकम्मी सरकार को पुरे राज्य से सफाया कर राज्य के लोगों को एक स्वच्छ और मजबूत सरकार देने का काम कीजिए। उन्होंने कहा कि इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्पित करेंगे। उन्होंने यह कमल भवनाथपुर ही नहीं पुरे राज्य में खिलेगा और राज्य की शीर्ष सत्ता पर आसन होगा। वर्तमान हेमंत सोरेन के पांच वर्षों के कार्यकाल में जनता उब चुकी है इसका हिसाब जनता 13 नवंबर को करने जा रही है। उन्होंने कहा कि चाहे जितने लोग एक हो जाएं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से खिलेगा कमल ही। नामांकन सभा को उत्तर प्रदेश के राबर्ट्सगंज विधानसभा के विधायक भूपेश चौबे, चंदौली के सांसद साधना सिंह, श्रवण सिंह गौड़ सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, राजीव रंजन तिवारी, वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, दयानंद भगत, विकाश स्वदेशी, इंद्रमणि जायसवाल, लक्ष्मण राम, अशोक सेठ, कुमार कनिष्ठ, मुकेश चौबे, विक्रांत सिंह, राजा सिंह, भाजपा नेत्री अनीता देवी, लवली आनंद, बिजया लक्ष्मी सहित काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे। नामांकन सभा से पूर्व भाजपा प्रत्याशी भानू प्रताप शाही ने रोड शो किया। रोड शो भवनाथपुर मोड़ से प्रारंभ होकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचा।

### भानु प्रताप शाही ने नामांकन पत्र दाखिल किया



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर विधानसभा में कमल है और कमल ही खिलेगा, उक्त बातें भानु प्रताप शाही में गुरुवार को नामांकन के पश्चात मीडिया से बात करते हुए कही। भानु प्रताप शाही ने कहा कि चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के विकास और राज्य में हेमंत सोरेन गठबंधन की निकम्मी सरकार जो विकास विरोधी है उसे हटा कर साफ सुथरी, सरकार का निर्माण करने के मुद्दा के साथ हम जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता आज स्वत:चुनाव लड़ रही है। वे हेमंत सोरेन की निकम्मी, विकास विरोधी युवा विरोधी, किसान विरोधी, झारखंड की हेमंत गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। पूरी झारखंड में हेमंत सोरेन के हटाने और भाजपा लाने का माहौल बना हुआ है।**

# मौकापरस्तों और विकास विरोधियों की जब्त होगी जमानत: मिथिलेश

- मिथिलेश ठाकुर के समर्थन में आवास पहुंचे ग्रामीण
- विभिन्न प्रखंडों के 500 से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से कई बुद्धिजीवियों सहित 500 से अधिक लोग भाजपा एवं अन्य राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। विभिन्न पंचायतों से आए लोगों ने मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर पहुंच कर विधानसभा चुनाव में उनका समर्थन करते हुए झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सभी को पार्टी में शामिल किया। सभी ने मंत्री को भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लिया। इस दौरान मेराल प्रखंड के गोंदा, हासनदाग, पेसका, गढ़वा प्रखंड के दुबे मरहटिया, रंका प्रखंड के कंचनपुर, चिनियां प्रखंड के डोल, गढ़वा प्रखंड के प्रतापपुर, भैंसमरवा, हंसकेर, नारायणपुर, नवादा आदि गांवों के लोग पहुंचकर मंत्री मिथिलेश ठाकुर को समर्थन व्यक्त करते हुए पार्टी में शामिल हुए।

पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भाजपा छोड़ कर गोंदा से देवेंद्र गुप्ता, उमेश यादव, अनिल यादव, सहिजना गढ़वा से परमेश्वर तिवारी, पेसका से अमित कुमार, अनीस अंसारी, तौहीद अंसारी, रवि कुमार, सुमित कुमार, प्रिंस चंद्रवंशी, सत्यम दुबे, कंचनपुर से अनुज रंजन, राजेश कुमार, नंदू राम, प्रमोद, अयोध्या राम सहित 500 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनता को झूठा आश्वासन नहीं विकास चाहिए। गढ़वा में विकास विरोधी लोग जनता को बरगला कर सिर्फ झूठा आश्वासन देते हैं और जीत जाने के बाद सिर्फ अपनी पूंजी बनाने में लगे रहते हैं। किसी की ठेकेदारी चलती है तो कोई अपना निजी स्कूल, कॉलेज खोलने में लगा रहा है। गढ़वा का विकास देखकर विरोधियों की निंद हराम हो गई है। अब वे हिंदु-मुस्लिम, जात पात की राजनीति करने में लगे हुए हैं। ऐसे मौकापरस्त लोगों एवं विकास विरोधियों का गढ़वा की जनता जमानत जब्त करायेगी।

# मंत्री ने अपने कार्यकाल के दौरान गढ़वा का पूरी तरह से अपराधिकरण किया है : सत्येंद्रनाथ

- दो सौ से अधिक लोग भाजपा में शामिल



अपने आवास पर पार्टी में शामिल हुए लोगों के साथ भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में भाजपा एक लाख से अधिक मतो से चुनाव जीतेगी। गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के सभी छह प्रखंड गढ़वा, डंडा, रंका, रमकंडा, चिनियां और मेराल प्रखंड की जनता ने बदलवा का मूड बना लिया है। इस बार के चुनाव में विरोधियों का जमानत जप्त होगा। उक्त बातें एनडीए प्रत्याशी सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कही। इस दौरान उन्होंने आवास पर विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों को पार्टी में शामिल कराया। झामुमो छोड़कर दो सौ से अधिक लोगों को उन्होंने माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्ष के मंत्री के कार्यकाल के दौरान क्षेत्र की जनता भय के साये में जीने को विवश है। मंत्री ने गढ़वा की जनता से अभिव्यक्ति की आजादी को छिनने का काम किया है। मंत्री सत्ता के नशा में इस कदर चूर हो गये कि निर्दोष व्यक्ति को जेल भेजने का काम किये है। जिन अपराधियों को जेल में होना चाहिए था, आज वे खुलेआम घूम रहे है। मंत्री अपने पावर के दम पर अपराधिक छवि वाले व्यक्तियों को पिस्टल और राइफल का लाइसेंस जारी कराये हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री अपने कार्यकाल के दौरान गढ़वा का पूरी तरह से अपराधिकरण करने का काम किया है। एनडीए प्रत्याशी ने कहा कि मंत्री पैसा और भ्रष्ट अधिकारियों के सहयोग से फिर से चुनाव जीतने का सपना देख रहे है। जिलास्तर के कई अधिकारियों का हाल में नियम विरूध गढ़वा में पोस्टिंग किया गया है। चुनाव आयोग का स्पष्ट निर्देश रहता है कि जो अधिकारी पिछले तीन साल या उससे अधिक समय तक जिले में पदस्थापित रहे है, वैसे अधिकारियों का पुनः उक्त जिला में पोस्टिंग नियम विरूध है। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही इस संबंध में चुनाव आयोग से शिकायत दर्ज करायेंगे। भाजपा में मेराल, डंडा और गढ़वा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के लोगों ने झामुमो छोड़ शामिल हुए है।

# पत्रकार को मातृ शोक

आजाद सिपाही संवाददाता



फाइल फोटो स्व. सुमित्रा देवी

**डंडई।** प्रखंड के पत्रकार रमेश कुमार विश्वकर्मा की माता सुमित्रा देवी उम्र 63 वर्ष को गुरुवार रात करीब दो बजे उनका निधन हो गया। वे पिछले माह से बीमार चल रही थी। उनके निधन पर स्थानीय पत्रकारों और क्षेत्र के लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। उनका अंतिम संस्कार डंडई के दानरो नदी में किया गया।

# अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी ने कैलान में बालू का अवैध खनन किये जाने संबंधी मामले की जांच की



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलान पंचायत के सुरक्षित वन क्षेत्र के विभिन्न नदियों से बालू का अवैध खनन कर बालू बेचे जाने संबंधी खबर विभिन्न अखबारों के पिछले अंक में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद अंचलाधिकारी शंभू राम और थाना प्रभारी रजनी रंजन ने पुलिस बल के साथ गुरुवार को कैलान पहुंचकर बालू के अवैध खनन किये जाने मामले की जांच की। इस दौरान पदाधिकारियों ने कैलान के खडार नदी, झोंक नदी से बालू माफियाओं द्वारा अवैध ढंग से किये जा रहे बालू खनन की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों से ली तथा इन नदियों से हो रहे बालू के अवैध खनन कर ट्रैक्टरों से उठाव और नदियों के अस्तित्व पर मंडरा रहे खतरे को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की बात कही। इस मौके पर एएसआई दिनेश सिंह और पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे को चुरा ले गये चोर



**रमना (आजाद सिपाही)।** रमना प्रखंड मुख्यालय स्थित टेन प्लस टू विद्यालय में लोहे का रोशनदान तोड़कर दो सीसीटीवी कैमरा चुरा लेने का मामला सामने आया है। इस संबंध में विद्यालय प्रभारी अजय सेठ ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर बताया कि बीती रात लोहे का रोशनदान को तोड़कर दो सीसीटीवी कैमरा की चोरी कर ली गयी है उन्होंने जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। इधर थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है।

# गिरिनाथ सिंह ने सपा के सिंबल पर नामांकन के लिए पर्चा दाखिल किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गुरुवार को नामाकंन के छठे दिन 80-गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 09 नामांकन पत्र दाखिल किया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी से गिरिनाथ सिंह ने नामांकन के लिए पर्चा दाखिल किया। वहीं भारतीय जनता पार्टी से सतेंद्र नाथ तिवारी के द्वारा दो सेट में, स्वतंत्र अभ्यर्थी के रूप में सतीश कुमार चौबे, अमितेश कुमार चौबे, प्रमेश कुमार तथा राम प्यारे पाल, आजाद सामाज पार्टी (कांशी राम) से लव कुमार सिंह के द्वारा दो सेट में, बहुजन समाज पार्टी से अजय कुमार चौधरी के द्वारा दो सेट में तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा से मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं 02 एनआर काटा गया। जबकि 81-भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में 05 नामांकन पत्र दाखिल किया गया। इसमें भारतीय जनता पार्टी से भानु प्रताप शाही ने दो सेट में, झारखंड मुक्ति मोर्चा से अनंत प्रताप देव, स्वतंत्र अभ्यर्थी के रूप में बरुण बिहारी, आजाद समाज पार्टी (काशी राम) से रौशन कुमार तथा बहुजन समाज पार्टी से पंकज कुमार के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। वहीं 01 एनआर काटा गया।

# हेमंत सरकार के कार्यों से हताश हो गयी है भाजपा: इंडिया गठबंधन

- पलामू प्रमंडल की सभी सीटों से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जिताने का निर्णय



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के चिनियां रोड स्थित होटल द शिवम में गुरूवार को कांग्रेस, झामुमो और इंडिया गठबंधन के अन्य घटक दलों की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में गढ़वा, भवनाथपुर, डाल्टनगंज-भंडरिया, विश्रामपुर-मझिआंव आदि सभी विधानसभा सीटों से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जीताने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस बैठक में हेमंत सरकार द्वारा चलायी जा रही जनहित की सभी योजनाओं की जानकारी क्षेत्र में प्रत्येक जनता तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान ने कहा कि महागठबंधन के सभी घटक दलों के लोग चुनाव कार्य में जी जान से लग जायें। महागठबंधन के नेताओं ने कहा कि हेमंत सरकार में मिथिलेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों से भाजपा के लोग निराश और हताश हो गये हैं। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबेदुल्लाह हक अंसारी, वरिष्ट नेता सुरेन्द्रनाथ तिवारी, उदय नारायण तिवारी, कांग्रेस युवा महासचिव अभिजीत कमल आदि अन्य उपस्थित थे।

# कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** रमना प्रखंड में चलाये जा रहे स्विप कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस मौके पर स्वीप कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी द्वारा बैनर के साथ युवा महिला मतदाताओं को मतदान के प्रेरित किया गया। महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि आप अपना बहुमूल्य वोट के द्वारा एक मजबूत सरकार बना सकते है। कहा कि वृद्ध, दिव्यांग, गर्भवती मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की जायेगी। यहां 85 प्लस वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र तक नहीं जा सकते हैं, उनके लिये बैलेट से मतदान की व्यवस्था तथा गर्भवती महिला और दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र तक जाने के लिए ऑटो की व्यवस्था की गई है। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मतदान के प्रति जागरूक करते हुए ईवीएम और भीभीपेट, सीयू का विस्तार से जानकारी दी गयी। इस मौके पर प्रखंड कर्मी जेएसएलपीएस बीपीएम ग्रिजेश शर्मा, कनीय अभियंता रवि कुमार, विनोद कुमार दास सहित विद्यालय के शिक्षिकाएं सहित सैकड़ों छात्राएं मौजूद थे।

# बाजार समिति स्थित वज्रगृह और मतगणना हॉल का डीसी और एसपी ने किया निरीक्षण

आजाद सिपीह संवाददाता



**गढ़वा।** बाजार समिति स्थित वज्रगृह और मतगणना हॉल तथा नामधारी कॉलेज गढ़वा में बने डिस्पैच सेंटर का डीसी-एसपी ने किया निरीक्षण, तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को किया निर्देशित।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक कुमार पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मतगणना केंद्र के लिए चयनित स्थानीय बाजार समिति तथा श्री सदगुरू जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज, गढ़वा में बनाये गये डिस्पैच सेंटर का भौतिक निरीक्षण कर वहां की तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान मतगणना के दिन प्रवेश-निकासी, वाहन पड़ाव तथा सुगमतापूर्ण ईवीएम वीवीपीएटी और सामग्री आदि की जानकारी लेकर संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। डीसी-एसपी ने क्षेत्र का भ्रमण करते हुए संबंधित पदाधिकारी को विधानसभा वार अलग-अलग काउंटर बनाने, प्रवेश निकास हेतु अलग अलग द्वार बनाने, सुरक्षा व्यवस्था, अलग-अलग काउंटर के लिए बैरिकेडिंग, विधानसभा वार पोलिंग पार्टी वाहनों का पड़ाव, ईवीएम-वीवीपैट और सामग्री वितरण के लिए मतदान केंद्र निर्धारित कर अलग-अलग काउंटर बनाने तथा आवश्यक साईनेज बोर्ड लगाने, पानी, शौचालय, लाइटिंग समेत अन्य तैयारी ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने श्री सदगुरू जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज, गढ़वा में बने डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण कर वहा पर किये जा रहे तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिए। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ नाथ मिश्रा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# स्वीप कोषांग ने सार्वजनिक/निजी संस्थानों के संचालकों के साथ बैठक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की

- प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मियों को 13 नवंबर को मतदान के दिन पेड लिव देने की कही बात



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आगामी विधान सभा आम चुनाव, 2024 के मद्देनजर स्वीप कोषांग गढ़वा द्वारा मतदाता -सह- ईवीएम-वीवीपीएटी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्वीप के नोडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में संपन्न की गयी, जिसमें पेंशनर कल्याण समाज के अध्यक्ष, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष, गढ़वा जिला में अवस्थित विभीन्न मॉल, रेस्टोरेंट, होटेल, डिपार्टमेंटल स्टोर और विभीन्न प्रतिष्ठानों के संचालकों की उपस्थिति रही। उक्त बैठक में नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग प्रमेश कुशवाहा द्वारा सभी दुकानदारों के संचालकों, संस्थान, प्रतिष्ठान आदि के साथ बैठक कर शत-प्रतिशत मतदान कराने की अपील की गयी।

जिले भर से आये प्रतिष्ठानों, संस्थानों, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष, पेंशनर कल्याण समाज के अध्यक्ष, डिपार्टमेंटल स्टोर, मॉल आदि के नियोजकों/संचालकों के साथ बैठक कर अपने प्रतिष्ठान और संस्थानों में कार्य कर रहे कर्मियों को दिनांक- 13 नवंबर 2024 को मतदान दिवस के दिन पेड लीव देते हुए मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की बात कही गयी। नोडल पदाधिकारी ने कहा कि शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत का दर ग्रामीण इलाकों की तुलना में काफी कम देखा गया है। उपस्थित सभी को अपने कर्मियों को मतदान दिवस के दिन पेड लीव देते हुए मतदान प्रक्रिया में भाग लिए जाने की बात कही गयी। अपने -अपने संस्थान/प्रतिष्ठान स्तर पर स्वीप नोडल नामित करने की बात कही गयी। जिन संस्थानों/प्रतिष्ठानों में 10 या 10 से अधिक एंप्लॉई कार्यरत हैं वहां वोटर अवेयरनेस फॉर्म (विएएफ) का गठन किये जाने की भी बात कही गयी। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि लोगों में इस बात की जागरूकता फैलायें कि किसी भी जाति, धर्म, समुदाय, वर्ग से प्रभावित हुए बिना लोकतंत्र के इस महापर्व में नैतिक मतदान कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# खूंटी और तोरपा विस सीट से तीन-तीन प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पिछले 25 वर्षों से खूंटी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे वर्तमान विधायक नीलकंठ सिह मुंडा तोरपा सीट से इसी पार्टी के प्रत्याशी और विधायक कोचे मुंडा और झामुमो के सुदीप गुड़िया के अलावा अन्य दो प्रत्याशियों ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। खूंटी विधानसभा सीट से नीलकंठ सिंह मुंडा के अलावा एपीआई के सामुएल पूर्ती और निर्दलीयं दुर्गावती ओडेया ने नामांकन प्रपत्र भरा। इसके साथ ही सात अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन प्रपत्र खरीदा। तोरपा विधानसभा क्षेत्र (59) से भाजपा के कोचे मुण्डा के अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुदीप गुडिया और, स्वतंत्र उम्मीदवार शिवराज बड़ाईक ने नामजदगी के पर्चे भरे। इस सीट से एक अभ्यर्थी ने नामांकन पत्र खरीदा।

## नामांकन के दौरान



## भाजपा और झामुमो ने दिखायी अपनी राजनीतिक ताकत

आगामी 13 नवंबर को होनेवाले चुनाव को लेकर खूंटी और तोरपा सीट से नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान भाजपा और झामुमो ने अपनी राजनीतिक पकड़ का प्रदर्शन किया। खूंटी सीट से नामांकन के दौरान कचहरी मैदान में मेले सा दृश्य नजर आया। हजारों कार्यकर्ता छोल-नगाड़े और फूलमालाओं के साथ कचहरी मैदान में जमा हुए। अनुमंडल कार्यालय से नामांकन करने के बाद जैसे ही नीलकंठ सिंह मुंडा बाहर निकले भाजपा कार्यक्ताओं और समर्थकों ने उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया। नामांकन के बाद खुली जीप से नीलकंठ सिंह मुंडा ने रोड शो किया। भाजपा कार्यकर्ताओं का काफिला जुलूस के रूप मं पतरा मैदान पहुंचा और सभा में तब्दील हो गया। इधर तोरपा सीट से भाजपा प्रत्याशी कोचे मुंडा अपने सैकड़ां समर्थकों के साथ समाहरणालय पहुंचे और नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। तोरपा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं सैकड़ों वाहनों में कोचे मुंडा के समर्थ्रन में खूंटी पहुंचे थे।



## झामुमो ने दिखायी राजनीतिक पकड़

तोरपा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार सुदीप गुड़िया के नामांकन के दौरान पार्टी कार्यकताओं की भारी भीड़ के बहाने झामुमों ने भी गांव-देहात के मतदाताओं में अपनी कपड़ का प्रदर्शन किया। झामुमो और कांग्रेस के हजारों समर्थक नामांकन के पहले कचहरी मैदान में जमा होकर ढोल-नगाडों और नृत्य मंडली के साथ समाहरणालय पहुंचे। झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा सहित कई नेता नाामंकन के दौरान मौजूद थे।

## मुझे मतदाताओं पर पूरा भरोसा: नीलकंठ सिंह मुंडा

नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुडा ने कहा कि 2000 से से 2019 तक के सभी पांच विधानसभा चुनावों में खूंटी क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद मुझे मिलता रहा। उनके स्नेह और समर्थन से मै पिछले पांच चुनावों से खूंटी क्षेत्र का विधायक बनता आया हूं। उन्होंने कहा कि अपने 25 वर्षों के कार्यकाल में खूंटी विधानसभा क्षे के हर गांव तक विकास योजनाओं को पहुंचाया। कहा कि ऐसा कोई गांव नहीं है, जहां, बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधा न पहुंची हो। नामांदन के दौरान समर्थकों की भीड़ देख भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुडा और उनके समर्थक गदगद नजर आये।

## भाजपा को जनता देगी जवाब : सुदीप गुड़िया



तोरपा सीट से झामुमो के उम्मीदवार सुदीप गुड़िया ने कहा कि अपने कायार्काल के दौरान विधायक ने जनता की उपेक्षा की। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार से जनता काफी खुश है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के मतदाता भाजपा को उसकी नकारात्मक राजनीति का जवाब देंगे। यहा से झामुमो भारी मतों से जीत हासिल करेगी।

## तोरपा क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद मुझे मिलेगा : कोचे मुडा

नामांकन के बाद तोरपा सीट से भाजपा प्रत्याशी कोचे मुडा ने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में क्षेत्र की जनता ने मुझ पर भरोसा जताकर मुझे विधायक बनाया था। इसके पहले भी क्षेत्र की जनता के समर्थन से वे दो बार विधानसभा भेजा था। कोचे मुंडा ने कहा, मुझे विश्वास है कि इस बार भी मतदाताओं का समर्थन और स्नेह उन्हें मिलेगा।

# आपसी समन्वय बनाकर सघन चेकिंग अभियान चलयें अधिकारी : जिला निर्वाची पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एनफोर्समेंट एजेंसी के साथ गुरुवार को बैठक की। बठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए जिले में बनाये गये चेक नाका विशेषकर सीमावर्ती चेक नाका पर प्रतिनियुक्त स्टेटिक सर्विलांस टीम, उत्पाद विभाग की टीम, पुलिस विभाग की टीम समेत अन्य संबंधित एजेसिंयों को सक्रिय होकर और आपसी समन्वय बनाकर सघन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में कैश, कीमती आभूषण, मादक पदार्थ, हथियार समेत अन्य सामग्री की सघन जांच करें। चेकिंग के दौरान यदि उक्त सामग्री पकड़ में आती है,तो इसकी सूचना या रिपोर्ट तत्काल संबंधित विभाग को दें। बैठक में जिला अग्रणी प्रबंधक को बैंकों में आपत्तिजनक लेनदेन या भारी मात्रा में पैसों के ट्रांजेक्शन पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सिवीजिल एप्प के माध्यम से दर्ज होनेवाली शिकायतों का तत्परता से निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला अग्रणी प्रबंधक, उत्पाद अधीक्षक आदि उपस्थित थे।

## परमेश्वरी सांडिल्य ने पैदल यात्रा रैली निकाल कर नामांकन पत्र दाखिल किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी से बगावत कर जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी सांडिल्य पैदल यात्रा रैली निकालकर अनुमंडल कार्यालय पहुंच कर निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रैली धुर्वा मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। एवं सभा को समापन किया। इस दौरान सैकड़ों की तादाद में उनके समर्थक मौजूद रहे। नामांकन के पश्चात परमेश्वरी सांडिल्य ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैं स्वास्थ्य कृषि और शिक्षा को बढ़ाने का काम करूंगी। चुनाव के पूर्व ही आम जनता का स्नेह दिखने लगी है।

# झामुमो प्रत्याशी विकास मुंडा ने नामांकन दाखिल किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** झामुमो प्रत्याशी विकास मुंडा निर्वाची पदाधिकारी समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल फिर हरिजन विध्यालय मैदान में सभा का आयोजन किया। सभा में उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार गरीबों महिलाओं किसानों के लिए बहुत सारी योजनाएं चल रही है। राज्य में भाजपा सरकार को अस्थिर करने का काम कर रही है। नामांकन के समय इचागढ़ विधायक सविता महतो एवं खुंटी सांसद कालीचरण मुंडा सम्मिलित हुए। इस मौके पर हजारों की संख्या में महिला पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए थे।

## प्रेम शंकर शाही मुंडा ने नामांकन दाखिल किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** भारत आदिवासी विकास पार्टी के प्रत्याशी प्रेम शंकर शाही मुंडा गुरुवार को 58 तमाड़ विधानसभा अनुसूचित जनजाति सुरक्षित सीट से निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी किष्टो कुमार बेसरा के समक्ष नामांकन दाखिल किया। नामांकन के समय तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के बुंडू तमाड़ और अड़की प्रखंड के विभिन्न गांव उनके समर्थक पहुंचे थ। आदिवासी और मूलवासी की समस्याओं को मिल बैठकर सुलझाने का काम पहले किया जाता था लेकिन अब आदिवासियों को ठगने का काम किया जा रहा है। पिछले भारत आदिवासी पार्टी स्थानीय लोगों को हक अधिकार दिलाने के लिए पूरी ताकत के साथ प्रदेश में लड़ाई लड़ेगी और इस चुनाव में जनता भारत आदिवासी पार्टी को समर्थन देगी।

## सात प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू अनुमंडल कार्यालय परिसर में 58 तमाड़ विधानसभा अनुसूचित जनजाति सुरक्षित सीट से निर्वाचन कार्यालय से नामांकन के सातवें दिन सात प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी किष्टो कुमार बेसरा ने बताया कि गुरुवार को झामुमो प्रत्याशी विकास कुमार मुंडा भारत आदिवासी विकास पार्टी के प्रेम शंकर शाही मुंडा झापा पार्टी से राजकुमार मुंडा एवं निर्दलीय से परमेश्वरी सांडिल्य डॉ लखिन्द्र मुंडा हराधन सिंह मुंडा रविन्द्र नाथ मुंडा ने नामांकन दाखिल किया है।

# एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में हरेलाल महतो ने किया नामांकन

आजाद सिपाही संवाददात



**ईचागढ़।** चांडिल अनुमंडल कार्यालय में गुरुवार को एनडीए गठबंधन के आजसू प्रत्याशी हरेलाल महतो ने अपना नामांकन किया। हरेलाल महतो के नामांकन में केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ एवं आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो। पत्रकारों से बातचीत करते हुए केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार को सबने देखा। चारों ओर लुट और भ्रष्टाचार में लिप्त रहा। बालू, कोयला का चोरी चरम पर रहा। उन्होंने कहा कि चुनावी वादे से हेमंत सरकार वादा खिलाफी किया और उन्होंने बीमा के नाम पर पत्रकारों को भी ठगने का काम किया। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन एकजुट होकर झारखंड में सरकार बनाने के लिए समन्वय स्थापित कर चुनाव लड़ा जा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया। वहीं आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए गठबंधन इस बार चुनाव में साथ मिलकर चुनाव लड़ रहा है। इस राज्य का पुनर्निर्माण का बारी है। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से लोगों ने एनडीए को समर्थन दिया वैसे ही विधानसभा चुनाव में एनडीए के पक्ष में मतदाताओं का समर्थन मिलेगा। मौके पर हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## समाजसेवी खगेन महतो ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किया नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** चांडिल अनुमंडल कार्यालय में गुरुवार को समाजसेवी खगेन महतो ने ईचागढ़ विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन किया। उन्होंने अपने समर्थकों को संबोधित भी किया। वहीं उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा से ही ईचागढ़ में जनताओं का सेवा करते आए हैं। हमेशा से ही जनभावनाओं के साथ खड़ा रहा। विधानसभा चुनाव में जीत हासिल होगा। उन्होंने कहा कि इस बार लोगों में स्थानीय उम्मीदवार पर ही भरोसा जता रहे हैं। चाहने वालों के राय से ही चुनावी समर में आना पड़ा और नोट को लोग ठुकरा देंगे और माटी का बेटा को लोगों का अपार समर्थन मिलेगा और दलगत भावना से ऊपर उठकर लोग अपने पक्ष में मतदान करेंगे। मौके पर हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रबंधन को लोगों के जानमाल के नुकसान की चिंता नहीं है : प्रताप

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** एनके एरिया अंतर्गत डकरा परियोजना खदान में हो रही हैवी ब्लास्टिंग से खदान से सटे इलाकों मे रह रहे लोग दहषत मे जीने को विवष है। गुरूवार की दोपहर में डकरा खदान में दो बार काफी तेज ब्लास्टिंग किया गया। जिससे खदान से सटे केडी कॉलोनी, चदरा धौड़ा, केडी षिवपुरी कॉलोनी, केडी मुख्य बाजार, पत्रकार कॉलोनी, प्रगति नगर, नया बस्ती, गुलजारबाग सहित अन्य जगहों पर रह रहे लोग भयभीत हो गये। ब्लास्टिंग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि मानो भुकंप आया हो। वहीं ब्लास्टिंग से रिहायषी इलाकों में बने घर एवं दुकानों को काफी क्षति पहुंच रही है। पुर्व में भी कई बार डकरा खदान में हुई हैवी ब्लास्टिंग से लोगों के घरों एवं दुकानों में पत्थर उड़ कर गिरे है जिससे घरों की षीट क्षतिग्रस्त हो चुकि है।


# Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platform and website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in prusuance of the Order dated 13.02.2022 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP(C) No. 536 of 2011)

Name of the Political Party: **AJSU Party**
Name of the Election: **STATE ASSEMBLY ELECTIONS, 2024**
Name of the State/UT: **JHARKHAND**
(1) Name of the Constituency - **55 MANOHARPUR (ST)**
Name of the Candidate - **DINESH CHANDRA BOIPAI**

| S No | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal Antecedents | | |
| (i) | a. | Nature of the Offences | 1) Offence u/s 188, 269, 270 IPC& 51(A)Disaster Management Act |
| | b. | Case no. | 1) G.R. Case No. 553/2023 arising out of Sonua PS Case No. 4/2022 |
| | c. | Name of the Court | 1) SDJM Sadar cum Spl Judge MP -MLA Court West Singhbhum |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | 1) Yes |
| | e. | Date of conviction, if any | N.A. |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | N.A. |
| | g. | Any other information required to be given | N.A. |
| 2 | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the pools (not more than 100 words) | | Dinesh Chandra Boipai has been chosen as a candidate for the Manoharpur Constituency unwavering dedication, and profound knowledge of the local challenges. His leadership qualities and commitment to the community make him an ideal representative, ready to advocate effectively for the interests of the people in Manoharpur. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | Other candidates were not selected because Dinesh Chandra Boipai has a well-established history of serving the Manoharpur constituency, with significant achievements in various community welfare initiatives making him the most qualified choice for the position. |

Sd/-
**RAJENDRA MEHTA**
General Secretary
AJSU Party

# नामांकन के बहाने शिल्पी तिर्की व सन्नी टोप्पो ने किया शक्ति प्रदर्शन

## मांडर की जनता के लिए समर्पित रहूंगी, हमारी जीत पक्की है : नेहा तिर्की

## मांडर की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है, भाजपा ही जीतेगी : सन्नी टोप्पो

**नामांकन रैली में भाजपा और कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता-समर्थक हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता





नामांकन के लिए अपने पिता बंधु तिर्की व समर्थकों के साथ पहुंची मांडर से कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की। नामांकन पत्र दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो।

**मांडर।** मांडर विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। रांची समाहरणालय में नामांकन समारोह में दोनों प्रत्याशियों के समर्थन में हजारों की संख्या में शामिल हुए। दोनों प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपार जन समर्थन मिलने के बाद शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर विधानसभा की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के समर्थन से मैं बहुत प्रभावित हुई हूं। मैं मांडर की जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहूंगी और आपका विश्वास कभी टूटने नहीं दूंगी। वहीं, भाजपा के टिकट पर पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे सन्नी टोप्पो के समर्थकों ने भी शक्ति प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि यह मांडर की जनता का प्यार ही है कि मेरे नामांकन दाखिल करने में हजारों की तादाद में शामिल हुए हैं। इससे साफ लगता है कि मांडर की जनता बदलाव देखना चाहती है और विकास की गति को आगे बढ़ना चाहती है। नामांकन भरने के साथ ही मांडर विधानसभा चुनाव काफी रोमांचक होने के आसार है। एक तरफ गैर भाजपा का अभेद किला कहे जाने वाले मांडर में कांग्रेस के टिकट पर शिल्पी नेहा तिर्की तो वहीं भाजपा से लोकप्रिय नेता सन्नी टोप्पो खड़े हैं। झारखंड प्रदेश बनने के बाद अभी तक 2014 में सिर्फ एकबार गंगोत्री कुजूर ही भाजपा से विधायक बनी हैं।

# खिजरी से कांग्रेसी प्रत्याशी राजेश कच्छप ने दाखिल किया नामांकन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा चुनाव में एक महीने से भी कम समय बच गया है। जिस कारण सभी पार्टियां जोर शोर से अपनी तैयारी में जुटी है। गुरुवार को खिजरी विधानसभा सीट से कांग्रेसी प्रत्याशी राजेश कच्छप अपने समर्थकों के साथ रांची समाहरणालय पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। इस दौरान समर्थकों ने ढ़ोल नगाड़े के साथ उत्साह मनाया। आजाद सिपाही से बात करते हुए विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि जनता दूसरी बार मुझे विधायक बनाने के लिए तैयार है। कहा कि खिजरी विधानसभा क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनेगी और फिर से खिजरी विधानसभा का त्वरित विकास होगा।

# बीकेएस तिवारी गिरोह का उग्रवादी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुढ़मू।** पुलिस ने बीकेएस तिवारी गिरोह के एक उग्रवादी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। उसकी पहचान रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी जी दस्ते के सक्रिय सदस्य अर्जुन मुंडा उर्फ डॉन फुलझर के रूप में हुई है। वह हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। अर्जुन मुंडा के विरुद्ध बुढ़मू थाना में आर्म्स एक्ट सहित कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज है। इस बाबत थाना प्रभारी रितेश कुमार ने बताया की गुप्त सूचना मिली थी कि बीकेएस तिवारी गिरोह का सक्रिय सदस्य बुढ़मू थाना अंतर्गत कोठा आया हुआ है। वहां से कहीं बाहर बागने की फिराक में है, जिसकी पुष्टि के बाद छापामारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बतातें चलें कि रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी जी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी से अलग होकर बीकेएस तिवारी ग्रुप बनाया और उसका सुप्रीमो बन गया। जिसमें राहुल गंझु उर्फ खलील जी, दिनेश जी, मनोज मुंडा, अनीस अंसारी, से मिलकर दर्जनों उग्रवादी घटनाओं को अंजाम दिया था। पकड़ा गया उग्रवादी अर्जुन मुंडा उमेडंडा निवासी संतोष लोहरा की हत्या करने में भी शामिल था। वहीं, छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक रामनारायण चौधरी, थाना प्रभारी रितेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संजीव कुमार आदि जवान शामिल थे।

# पेट्रोल पंप पर लूटपाट का विरोध करने पर चोरों ने हाइकोर्ट के वकील को पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के प्रेम नगर चौक स्थित बिरसा सर्विस सेंटर पेट्रोल पंप में गुरुवार की शाम करीब सात बजे 7-8 की संख्या में लूटपाट के इरादे से पहुंचे युवकों का विरोध करने पर रांची हाईकोर्ट के वकील संजय कुमार सिंह से पारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। चोरों के हमले में डीबडीह निवासी संजय घायल हो गये। बदमाशों ने उनसे उनकी सोने की चेन भी छिन ली। इसस बाबत पेट्रोल पंप के संचालक केएनपी सिंह ने बताया कि शाम करीब सात बजे एक मारूति वैन से 7-8 युवक पंप में पेट्रोल भराने पहुंचे। तेल भरवाने के बाद जब वहां कार्यरत महिला कर्मी ने उनसे पैसे मांगे तो वे उससे मदसलूकी करते हुए छेड़खानी करने लगे। उन्होंने उसके बैग में रखे 8-10 हजार रुपए भी छिन लिए। तभी वहां पहुंचे पेट्रोल पंप संचालक के भतीजे और हाईकोर्ट के वकील संजय कुमार सिंह ने जब उन्हें समक्षाने का प्रयास किया तो वे उसेसे उलक्ष गए और पिटाई कर दी। वह किसी तरह पंप के अंदर केबिन में घुस कर दरवाजा बंद कर अपनी जान बचाई। उनके केबिन में बंद हो जाने पर युवकों ने वहां रखे फूल के गमलों को तोड़ दिया और केबीन कांउटर के शीशे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। कुछ देर वहां उत्पात मचाने के बाद सभी वैन में बैछकर फरार हो गए। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गयी है। उधर, बदमाशों के जाने के बाद पंप कर्मियों ने संजय सिंह को ईलाज के लिए रातू पीएचसी ले गए। इस संबंध में संजय सिंह ने नगड़ी थाने में 7-9 अज्ञात युवकों के विरुद्ध मारपीट, लूट और महिला कर्मी से छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया है। उधर, घटना की सूचना मिलने पर नगड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और पंप कर्मियों से पूछताछ की। सीसीटीवी फुटेज के अधार पर युवकों की पहचान करने में जुट गयी है।

# ईंट चोरी करते दो चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**पुलिस ने ऑटो किया जब्त, वाहन से कई बैट्री भी बरामद**



**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के काठीटांड-ठाकुरगांव मार्ग स्थित हुरहुरी में सड़क किनारे रखे ईंट की चोरी करते ग्रामीणों ने दो चोर को मालवाहक ऑटो के साथ पकड़ लिया। दोनों चोर पिठौरिया थाना अंतर्गत उरुगुटु के रहने वाले है। घटना बुधवार की देर रात 2.30 बजे की बताई जा रही है। ऑटो में दो बैट्री भी रखा था। आशंका जताई जा रही है कि बैट्री भी चोरी की होगी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के आने से पहले ही दोनों चोर ऑटो छोड़कर फरार हो गये। इसके बाद पुलिस ऑटो, बैट्री व दो मोबाइल फोन जब्त कर थाना ले गयी। ऑटो मालिक उरुगुटु निवासी सफदर अली ने बताया कि उसने अपना ऑटो उरुगुटु निवासी अथहर अली को चलाने को दिया था। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन




**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में चार दिनों तक चलनेवाले फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का गुरुवार को समापन हुआ। सचिव नितिन पराशर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता तकनीक में पारंपरिक शिक्षा मॉडल को बदलने और छात्रों के लिए अधिक व्यक्तिगत व समावेशित शिक्षा को बढ़ावा देने की क्षमता है। शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या दीपाली पराशर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता कई तरीकों से सीखने के अनुभव को साकारात्मक रूप से प्रभावित करता है जिससे विषय के प्रति जुनून व जिज्ञासा जागृत होती है। वहीं, प्रो विनय जे जॉन ने शिक्षकों को जानकारी दी कि किस प्रकार वर्तमान समय में बदली हुई शैक्षणिक परिवेश में हम शिक्षकों का आधुनिक शिक्षण माध्यमों और तकनीकि का प्रयोग किया जाना चाहिए। डॉ प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि एआई किस प्रकार शिक्षक को एक सफल शिक्षक बनने में सहायक सिद्ध हो सकता है। कॉलेज के डीन उपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि एआई न केवल एक सफल शिक्षक बनने में मदद कर सकता है, बल्कि एक मानव जीवन को सफल बनाने में मदद करता है। आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि यह कक्षा में सक्रिय भागीदारी और बातचीत को बढ़ावा देता है, जो बेहतर शैक्षिक परिणामों की ओर ले जाती है। मंच संचालन प्रो मनोज कुमार गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन प्रो अपर्णा मिश्रा ने किया।

# आजसू ने एनडीए प्रत्याशी की जीत की बनायी रणनीति



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** लालखटंगा पंचायत के गढ़खटंगा स्थित मुकेश नायक सभागार में गुरुवार को आजसू की बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू के केंद्रीय सदस्य राजू नायक शामिल हुए। वहीं एनडीए प्रत्याशी रामकुमार पहान विशेष रुप भी उपस्थित थे। बैठक में एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित किए जाने को लेकर रणनीतियों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ता एक-दूसरे के साथ समन्वय बनाकर जनसंपर्क अभियान को गति देंगे। वहीं, राजू नायक ने कहा कि आजसू का प्रत्येक कार्यकर्ता 1-10 की रणनीति के तहत अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं को जोड़ने का कार्य करेंगे। उन्होंने आजसू कार्यकर्ताओं को एनडीए प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने के लिए गर-घर कैंपेन शुरू करने का आह्वान किया। मौके पर आजसू के युवा नेता मुकेश नायक, जिला सचिव कुदरत सेख, महानगर उपाध्यक्ष प्रदीप जयसवाल, छात्र नेता रोशन नायक, कार्यकारी अध्यक्ष सूरज पासवान, अशोक धान, समाज सेवी प्रमोद एक्का, भीम महतो, ललन प्रजापति, राकेश साव, पवन बर्मन, राहुल पासवान, रौनक कुमार, मुनचुन सिंह, गांधी तिर्की, सोनू झा, सतिश सिंह, मुन्ना उरांव, अजय उरांव, अनेश उरांव आदि थे।

# लापुंग चेक नाका पर वाहन जांच के दौरान कार से 2.5 लाख बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लापुंग-खूंटी-फतेहपुर पथ पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी बीच गुरुवार की सुबह पांच बजे वाहन जांच के दौरान मजिस्ट्रेट विनोद ऋषि नंदन व एएसआई राजेन्द्र मंडल ने जांच क्रम में एक वाहन से 2.5 लाख रुपया बरामद किया। जिसे जब्त कर लिया गया। उक्त रूपया गुमला जिले के बसिया थाना क्षेत्र स्थित कुम्हारी गांव के गंगाधर चक्रवती के पिकअप वैन से बरामद किया गया। उक्त रकम को जब्त कर उड़नदस्ता बीडीओ उषा मिंज और थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार गंगाधर चक्रवती पेशे से व्यवसायी है व्यापार के क्रम में नगड़ी जा रहा था। बीडियो उषा मिंज ने कहा कि उक्त व्यवसाई अपना व्यवसाय प्रूफ लाने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा जांच कर जब्त रकम को वापस लौटा दिया जाएगा।

# छात्र के निधन पर सीआइटी में शोकसभा, कक्षाएं स्थगित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सीआइटी के छात्र विवेक रंजन शर्मा (2022 बैच) की आकस्मिक निधन को लेकर गुरुवार को संस्थान में शोक सभा आयोजित हुआ। इसके बाद कक्षाएं स्थगित कर दी गई। प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने कहा कि मृतक छात्र काफी मिलनसार और होनहार था। उसका चला जाना अपूर्णीय क्षति है। भगवान मृतक के परिजनों को इस दुःख की बेला में सबल प्रदान करें। बताते चलें कि मृतक छात्र विवेक शर्मा नामकुम सदाबहार चौक में रहकर सीआइटी में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। मंगलवार को उसने आवास पर ही फंदे से लटक कर जान दे दी। मृतक मूल रूप से बिहार के पटना जिले का रहने वाला था। अपने परिवार का एकलौता था। छात्र की मौत से विद्यार्थियों व संस्थान के लोगों में शोक व्याप्त है।

## सीओ ने किया बूथों का भौतिक सत्यापान

**इटकी (आजाद सिपाही)।** विधान सभा चुनाव को लेकर क्षेत्र के जंगल से सटे गांवों में पड़ने वाले बूथों का भौतिक सत्यापन सीओ मोहम्मद अनीस, बीपीआरओ रईस मलिक ने गुरुवार को किया। राष्ट्रीय राजमार्ग के दक्षिणी भाग में पड़ने वाले गांव के बूथों चिनारो पुरियो, बिधा, नी कुली, सौका और हरमू आदि बूथों पर पानी, बिजली, शौचालय आदि सुविधाओं की जांच के लिए अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया। इसमें बूथ संख्या 359, 360, 362, 363, 364, 365 और 356 शामिल है।

## साप्ताहिक हाट से बाइक चोरी

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कुम्हरिया गांव के साप्ताहिक हाट से विगत दिनों एक बाइक चोरी हो गई है। ओरमांझी के मायापुर निवासी पीड़ित अख्तर अंसारी थाने में शिकायत दर्ज करायी है। बताया कि काम करने के बाद अपने घर मायापुर लौट रहा था। तभी सब्जी खरीदने के लिए कुम्हरिया के साप्ताहिक हाट में रुका जहां से बाइक चोरी हो गयी।

# राजकुमार मुंडा ने नामांकन दाखिल किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** झारखंड पार्टी के प्रत्याशी एवं तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा के बड़े भाई राजकुमार मुंडा ने निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी किष्टो कुमार बेसरा के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। दोनों सगे भाई हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद अनुमंडल कार्यालय से निकलने के पश्चात उनके समर्थकों ने उन्हें फूल मालाओं से स्वागत किया। पत्रकारों से बात करते हुए राजकुमार मुंडा ने कहा कि मेरे पिता स्वर्गीय रमेश सिंह मुंडा के सपनों को पूरा नहीं किया गया। यहां के विधायक ने यहां की समस्याओं का निदान नहीं किया। उन्होंने कहा कि मैं पुरे दम खम के साथ चुनाव लड़ुंगा। हमें लोगों का भरोसा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 10 सालों से तमाड़ का कुछ विकास नहीं हुआ। मैं क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा पर विशेष ध्यान दूंगा। यहां के युवा पढ़ लिखकर बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। सरकार युवाओं को मुर्गी पालन और बकरी पालन का सुझाव देकर एक मजाक का काम कर रही है।

# विकास की बांट जोहता बेड़ो का असरो डैम



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** चार दशक के लंबे इंतजार के बावजूद रांची जिले के बेड़ो व गुमला जिला के भरनो प्रखंड के सीमाव्रती क्षेत्र में बना पारस जलाशय असरो डैम विकास की बांट जोह रहा है। इस इंतजार में कई लोगों की आंखें भी बंद हो गई। इसका गुस्सा और दर्द स्थानीय लोगों के बातचीत में छलक पड़ता है। गांव के ग्रामीण कहते हैं इस महत्वपूर्ण योजना को यदि पूरा कर दिया जाता तो क्षेत्र में समृद्धि की बहार होती। लेकिन योजना को किसी भी राजनीतिक दल के नेताओं ने कभी गंभीरता से ही नहीं लिया। प्रकृति की वादियों में डैम की सुंदरता बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। दोनों प्रखंड मुख्यालय में रहने वाले लोगों के यहां कोई अतिथि पहुंचता है, तो उसे घुमाने के लिए असरो डैम जरुर ले जाते है। प्रमुख पर्यटक स्थल होने के बावजूद असरो डैम का वह विकास नहीं हो पाया, जिसकी उम्मीद जनता को है। करीब चार दशक से पर्यटक स्थल के रुप में कई जिले के लोगों की पहली पसंद असरो डैम अपने विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। लोगों का कहना है कि दोनों जिले में कई नेता बदले, अधिकारी बदले लेकिन असरो डैम की सूरत नहीं बदली। लोगों ने 2024 विस चुनाव में नेताओं के समक्ष पर्यटक स्थल के रूप में असरो डैम के सुंदरीकरण की मांग को मजबूती से रखने का मन बनाया है।

# शहीद अभिषेक साहू का मनाया गया शहादत दिवस



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित चोरेया गांव में गुरुवार को शहीद अभिषेक साहू का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा शहद की प्रतिभा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद अतिथियों को तिरंगा पट्टा देकर स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित देवेंद्र नाथ सिंह औरर भुवनेश्वर सिंह ने कहा कि शहीदों से हमें सीख लेने की जरूरत है। यह पल हमारे लिए गर्व का पल है। हमसे जो भी छोटे से छोटा भी काम हो देश सेवा के लिए करनी चाहिए। वहीं राजकीय प्राथमिक हरिजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक साधु उरांव ने कहा कि हम जो भी कम करें ईमानदारी से करें तो उसमें ही देश सेवा कर सकते हैं। हम सेना में ना भी जा पाएं तो भी अपने राष्ट्र के प्रति जो कर्तव्य है उन्हें निभाएं। सभा को पूर्व मुखिया चक्रधर नाथ मिश्र, शिक्षिका संध्या कुमारी, धर्म प्रकाश मिश्रा, मुखिया रेखा सांगा, दुर्गा प्रसाद गुप्ता और विनोद भगत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मोहसिन खान ने किया। मौके पर शहीद की मां कांति देवी, पप्पू साहू, जयनाथ राम तिवारी, त्रयंबक नाथ मिश्रा, धर्म प्रकाश मिश्रा, राकेश शर्मा, सुषमा देवी, अनिल साहू, नारायण साहू, जावेद खान, गौतम साहू और राजू शर्मा आदि मौजूद थे।

# न्याय के साथ ही होगा विकास, सुनिश्चित होगी सबकी भागीदारी : रामचंद्र चंद्रवंशी

## रामचंद्र चंद्रवंशी की नामांकन रैली में उमड़ा कार्यकर्ताओं-समर्थकों का हुजूम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रदेश के पूर्व मंत्री सह निवर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने गुरुवार को भाजपा प्रत्यासी के रूप में अपना नामांकन दो सीटों पर दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने विश्रामपुर अष्टभुजी और ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में पूजा अर्चना की। उसके बाद अपने समर्थकों के साथ बीमोड़ चौक पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों का हुजूम उनके स्वागत में खड़ा था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रामचंद्र चंद्रवंशी का जोरदार स्वागत करने के बाद जुलूस की शक्ल में वे मेदिनीनगर गए और निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इनके बाद सुदाना में आयोजित सभा में पहुंचकर कार्यकर्ताओं व आमलोगों को संबोधित किया। रामचंद चंद्रवंशी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास कार्य हुआ है। आगे भी तेज गति के साथ विकास कार्य जारी रहेगा। हमारा हमेशा से प्रयास रहा है कि विकास न्याय के साथ हो और उसमें सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि अगला कार्यकाल किसानों को समर्पित होगा। क्षेत्र के सभी सिंचाई परियोजनों का निर्माण कराया जायेगा। इसके अलाव विश्रामपुर और मझिआंव को अनुमंडल का दर्जा भी दिलवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता हेमंत सरकार के कुशासन से ऊब चुकी है। इस बार झारखंड में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी। जब राज्य में डबल इंजन की सरकार होगी तो विकास की रुकी हुई गति स्वतः तेज हो जायेगी। इस मौके पर वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार उर्फ टिकैत चौबे, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, भोला चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, सुरेंद्र नाथ पाठक, डॉ वीपी शुक्ला, पार्षद दिनेश शुक्ला, विजय कुमार रवि, कृष्णा गुप्ता, शिवबंश मिश्रा, विजय कुमार रवि, संजय ठाकुर, बबन राम, संतोष राम, मनीष कुमार, रूपा सिंह, किरण देवी, अर्चना देवी, अमरेश तिवारी, विकाश चौबे, मणिभूषण पांडेय, भूषण शुक्ला, चंद्रदेव चौधरी, सुशील ठाकुर व मनोरंजन गुप्ता आदि थे।


विश्रामपुर विस सीट से नामांकन पत्र दाखिल करने जाते रामचंद्र चंद्रवंशी।

## पलामू जिले की विधानसभा सीटों से नामांकन दाखिल करने वाले सभी प्रत्याशियों की सूची

### पांकी विधानसभा

1. मुमताज अहमद खां
2. ओंकार नाथ
3. देवेंद्र कुमार सिंह
4. बिनोद कुमार
5. अविनाश रंजन
6. जितेंद्र कुमार
7. विनय सिंह

### डालटनगंज विधानसभा

1. अजय कुमार सिंह
2. आलोक कुमार चौरसिया
3. कृष्णा नंद त्रिपाठी
4. अजीमुद्दीन मियां
5. विश्वास सिंह
6. ललन राम
7. जगन्नाथ प्रसाद सिंह
8. सुनील प्रजापति
9. चनरधन सिंह
10. श्याम बिहारी राय
11. अशोक प्रसाद
12. भूपेंद्र चौधरी

### विश्रामपुर विधानसभा

1. मसरूर अहमद खान
2. मनोज कुमार रवि
3. अंजू सिंह
4. नरेश प्रसाद सिंह
5. विनीत कुमार
6. रामचंद्र चन्द्रवंशी
7. सुदिप्ता कुमार शर्मा
8. पुष्प रंजन
9. सिराजुद्दीन खान
10. राजेश्वर मेहता
11. महाबीर सिंह चंद्रवंशी

### छतरपुर विधानसभा

1. पुष्पा देवी
2. लक्ष्मी रवि
3. कामेश्वर पासवान

### हुसैनाबाद विधानसभा

1. संजय कुमार सिंह
2. संजय कुमार सिंह यादव
3. सुभद्रा कुमारी
4. गौतम कुमार
5. प्रभा देवी
6. विनोद कुमार सिंह
7. बाबर अंसारी



# तुरीदाग के पहाड़ी इलाके में पुलिस और टीएसपीसी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर, नावाबाजार और पाटन थाना क्षेत्रों की सीमाओं पर स्थित तुरीदाग के पहाड़ी इलाके में गुरुवार को पुलिस और टीएसपीसी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हो गयी। दोनों दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग की गयी। हालांकि किसी के हताहत या घायल होने की कोई सूचना नहीं है। वहीं। जवानों ने उग्रवादियों द्वारा उपयोग किए जा रहे कई महत्वपूर्ण सामान को बरामद किया हैं। पुलिस इस सफलता को उग्रवादियों के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी के रूप में देख रही है। फिलहाल, पुलिस की विशेष टीमें इलाके में सघन सर्च अभियान चला रही है। पहाड़ी इलाका और जंगल होने की वजह से अभियान में कठिनाइयां आ रही है, लेकिन पुलिस की टीमें पूरी मुस्तैदी से अपना काम कर रही हैं। इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है, ताकि उग्रवादियों को भागने का कोई मौका ना मिले।

# मतदान के लिए मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

- पलामू के सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वीप के तहत आयोजित हुए कई कार्यक्रम
- एलईडी वैन से प्रसारित हो रहा जागरूकता संबंधी वीडियो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रत्येक मतदाता 13 नवंबर को पलामू में होने वाले विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कर सकें, इसके लिए जिला प्रशासन एक से बढ़कर एक पहल कर रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन के निर्देश पर जिले के पांकी, डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर एवं हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न मतदान केंद्रों, प्रशासनिक एवं निजी संस्थानों में कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी खुद भी जिले के अति दुर्गम क्षेत्रों का भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक करने की पहल में जुटे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश वैसे तो जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों एवं प्रखंड, गांव-पंचायतों में कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है, पर लोकसभा चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर विशेष नजर रखते हुए वहां विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि शत प्रतिशत मतदाता मतदान कराया जा सकें। मतदान केन्द्रों, अन्य शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक संस्थानों में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता सहित अन्य खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि मतदाताओं में मतदान को लेकर जागरूकता लाया जा सके। स्कूली बच्चों ने एक ओर जहां प्रभात फेरी निकालकर मतदाताओं को जागरुक कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, मतदान के लिए मतदाता शपथ ले रहे हैं। एलईडी वैन के माध्यम से चुनावी जागरूकता गीत एवं वीडियो का प्रसारण भी कराया जा रहा है। आयोजनों एवं गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं में मतदान को लेकर अच्छा माहौल तैयार हो रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान जिन मतदान केंद्रों पर वोटिंग प्रतिशत कम हुआ था, उन मतदान केंद्र एवं उसके आसपास के क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा अन्य मतदान केंद्रों पर भी आयोजन एवं गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

# हुसैनाबाद विस से राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय ने किया नामांकन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा सीट के राजद प्रत्याशी संजय कुमार सिंह यादव ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. इससे पहले हुसैनाबाद के पंच सरोवर मंदिर के समीप से जुलूस निकालकर अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि राजद सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास करता है. पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने राजनीतिक की एक अलग दिशा दी है। मैंने पिछले कार्यकाल के दौरान समेकित रूप से विकास कार्य किये है। इसे क्षेत्र की जनता बखूबी जानती है। कहा कि इस बार झारखंड में मजबूत आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार ही बनेगी। जिसमें हुसैनाबाद की महती भूमिका रहेगी। मौके पर राजद के प्रदेश सचिव कलीमुद्दीन खान, रिजवान खान, कामाख्या सिंह, मदन पासवान, अनुमंडल अध्यक्ष खुर्शीद अहमद, शमीम अहमद, सुरेश्वर राम, झामुमो के एजाज हुसैन उर्फ छेदी, डॉ एजाज आलम, विवेकानंद सिंह, अशोक सिंह, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद, रवि यादव, गुप्तेश्वर पांडेय, नदीम खान, बिनय कुमार सिंह यादव और राजेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

# भ्रष्टाचारियों व अवसरवादियों की हुसैनाबाद में जगह नहीं : कर्नल

**हुसैनाबाद से निर्दलीय प्रत्याशी कर्नल संजय सिंह ने दाखिल किया नामांकन**



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद-विधानसभा क्षेत्र से टिकट नहीं मिलने से नाराज भाजपा के बागी नेता कर्नल संजय कुमार सिंह ने भी गुरुवार को निर्दलीय रूप से नामांकन पक्ष दाखिल किया। इसके बाद अनुमंडल मैदान में सभा कर कहा कि हुसैनाबाद वीरों की धरती रही है। हुसैनाबाद की जनता इस बार भ्रष्टाचारियों व नाटकबाजों को नकारने का मन बना चुकी है। कहा कि अब जनता उनके झांसे में आने वाली नहीं है। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि उन्होंने किसानों-युवाओं-मजदूरों के हित में जो कार्य किया है। उसका लाभ निश्चित ही चुनाव में मिलेगा। कहा कि उन्हें सभी जाती धर्म के लोगों का समर्थन मिल रहा है। उनका किसी के साथ मुकाबला नहीं है। वह रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीतेंगे। मौके पर पूर्व विधायक सोम प्रकाश यादव, विष्णु देव गुप्ता, बद्री नारायण सिंह, मृत्युंजय सिंह, रविरंजन सिंह, भुनेश प्रसाद सिंह, आराधना सिंह, भोला पासवान, रामबहादुर सिंह आदि मौजूद थे।





डालटनगंज से भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया और पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने किया नामांकन।

# भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी, निर्दलीय लक्ष्मी रवि व कामेश्वर पासवान ने किया नामांकन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**छतरपुर/पलामू।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर छतरपुर में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी, निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी रवि और कामेश्वर पासवान ने गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद छतरपुर के हाई स्कूल मैदान में भाजपा की ओर से एक जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ता-समर्थक उपस्थित हुए।

सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी ने छतरपुर को विकसित बनाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य छतरपुर को एक विकसित क्षेत्र के रूप में स्थापित करना है। हम यहां की जनता के लिए बेहतर सुविधाएं और विकास की योजनाएं लाएंगे। नामांकन रैली में भाजपा की ओर से शामिल लोगों में जोश और उत्साह का माहौल देखने को मिला। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशियों लक्ष्मी रवि और कामेश्वर पासवान के नामांकन रैली में जनसंख्या अपेक्षाकृत कम थी। हालांकि, दोनों प्रत्याशियों ने भी अपने-अपने समर्थकों के साथ नामांकन प्रक्रिया पूरी की और चुनावी मैदान में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# स्पोर्ट्स



भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने गुरुवार को संन्यास की घोषणा की, जिससे उनके 16 साल के खेल करियर का अंत हुआ। रानी छोटे शहर से निकल कर लोगों की प्रेरणा बनी हैं।

# भारतीय टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने की संन्यास की घोषणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने गुरुवार को संन्यास लेने की घोषणा की जिससे उनके 16 साल के करियर का अंत हुआ। रानी के पिता ठेला खींचने का काम करते थे और वह अपने करियर के दौरान हरियाणा के एक छोटे से शहर से निकलकर लोगों के लिए प्रेरणा बनीं।

रानी की अगुआई में भारत ने 2021 में तोक्यो खेलों के दौरान ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। रानी ने संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि 'यह एक शानदार यात्रा रहा है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत के लिए इतने लंबे समय तक खेलूंगी। मैंने बचपन से बहुत गरीबी देखी है लेकिन मेरा ध्यान हमेशा कुछ करने पर था। देश का प्रतिनिधित्व करने पर।' इस 29 वर्षीय दिग्गज फॉरवर्ड ने 2008 में ओलंपिक क्वालीफायर में 14 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया। उन्होंने भारत के लिए 254 मैच में 205 गोल किए। उन्हें 2020 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया और उसी वर्ष देश का चौथा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री उन्हें मिला।रानी को हाल ही में सब जूनियर महिला टीम का राष्ट्रीय कोच नियक्त किया गया।




# बड़े खेलों को हटाया जाना निराशाजनक : पीटी उषा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा का कहना है कि 2026 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों के कार्यक्रम से कुश्ती, हॉकी और बैडमिंटन जैसे पदक दिलाने वाले खेलों को बाहर करना देश के लिए 'निराशाजनक' है, लेकिन लागत कम करने का दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य में इस प्रतियोगिता को मेजबान मिलते रहें। खेलों के 23वें सत्र का आयोजन 23 जुलाई से दो अगस्त तक होने जा रहा है, जिससे स्कॉटलैंड की राजधानी की 12 साल बाद मेजबान के रूप में वापसी होगी। उधर, अधिकांश राष्ट्रीय खेल महासंघों ने हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट, निशानेबाजी, टेबल टेनिस और स्क्वाश को खेलों से बाहर करने के ग्लासगो के फैसले की आलोचना की है और इस कदम के बाद खेलों की प्रासंगिकता पर भी सवाल उठाए हैं, लेकिन उषा ने कहा कि इसके कारणों को पूरी तरह से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उषा ने बुधवार को कहा कि '2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए खेलों के कार्यक्रम में कटौती निराशाजनक है लेकिन मुझे यकीन है कि आप समझेंगे कि 2026 के खेल राष्ट्रमंडल खेलों के भविष्य के लिए एक पुल का काम करेंगे।'

### 'कम लागत को पीटी उषा का समर्थन'


हालांकि, भारत बहुत सारे पदक से वंचित हो जाएगा, लेकिन उषा ने आठ मील के दायरे में चार स्थानों पर आयोजित होने वाले 10 खेलों के संक्षिप्त कार्यक्रम के कारण कम लागत और कम पर्यावरणीय प्रभाव के विचार का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि 'इस दृष्टिकोण का उद्देश्य लागत कम करना, पर्यावरणीय प्रभाव कम करना और सामाजिक लाभ बढ़ाना है। ऐसा प्रगतिशील और टिकाऊ मॉडल बहुत रोमांचक है क्योंकि यह भविष्य में अधिक देशों को खेलों की मेजबानी करने में सक्षम करेगा।' भारत की महानतम एथलीटों में से एक पीटी उषा ने कहा कि 'सीमित समय-सीमा और वित्तीय बाधाओं को देखते हुए, सीजीएफ (राष्ट्रमंडल खेल महासंघ) का ध्यान वित्तीय रूप से जिम्मेदार तरीके से उच्च-गुणवत्ता वाले खेलों को आयोजित करने पर रहा है जिसमें जोखिम को कम करने और खिलाड़ियों और खेलों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया है।' उषा ने कहा कि 1998 तक राष्ट्रमंडल खेलों में 10 खेलों का आयोजन होता था और भविष्य में जब प्रतियोगिता की मेजबानी का एक स्थिर मॉडल तैयार हो जाएगा तो इसमें स्वयं विस्तार हो सकता है।



# बीएलओ, पर्यवेक्षकों व डीलर के साथ सीओ ने की बैठक

**विश्रामपुर (पलामू)।** विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को सीओ कार्यालय सभागार में सीओ राकेश तिवारी ने डीलर, बीएलओ व पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। स्थानांतरित व मृत मतदाताओं की पहचान कर सूची अद्यतन करने, 85 वर्ष से अधिक के मतदाताओं व गंभीर रूप से दिव्यांग, चलने फिरने में असमर्थ मतदाताओं के लिए सभी बीएलओ को प्रपत्र पंजी उपलब्ध कराया। सीओ ने मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही बूथ अवेयरनेस ग्रुप के माध्यम से जन वितरण के साथ बैठक कर मतदान प्रक्रिया को बढ़ाने व उनके पोषक क्षेत्र में बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर बैठक करने व मतदान को ले प्रेरित करने को निर्देशित किया गया। औसत से कम मतदान वाले बूथ पर हस्ताक्षर अभियान, मतदाता जागरूकता गहन रूप से चलाये जाने का निर्णय लिया गया।

# हुसैनाबाद से भाजपा के बागी नेता विनोद सिंह ने भी किया नामांकन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के बागी नेता विनोद कुमार सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने कहा कि वह हुसैनाबाद के मान सम्मान की रक्षा के लिए चुनावी मैदान में उतरे हैं। हुसैनाबाद-हरिहरगंज के लोगों के दुःख-सुख में वह हमेशा शामिल रहे हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी का नाम ना लेते हुए निशाना साधा। कहा कि शेर का चोला सियार के ओढ़ लेने से कोई शेर नहीं हो जाता। जनता सब जानती है। चुनाव में अपनी ताकत दिखा देगी। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को असली और नकली का फर्क जनता दिखा देगी। कहा कि वह सेवा भाव से राजनीति करते हैं। क्षेत्र के हर एक धार्मिक कार्यों में वह लगातार समर्पित रहते हैं। दावा किया कि उनकी जीत तय है। मौके पर राजेश कर्ण, टिंकू तिवारी, रंजीव सिंह, मृत्युंजय पाठक आदि मौजूद थे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम सह पैनल चर्चा का आयोजन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन के नेतृत्व में मेदिनीनगर के टाउन हॉल में गुरुवार की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम सह पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। मासूम आर्ट ग्रुप की ओर से शॉर्ट फिल्म अपनी सरकार व एक नाटक पेश किया। दृष्टि वाधित गायक अरविंद कुमार ने मतदान जागरूकता के संदेश वाले गीत प्रस्तुत किया। पैनल चर्चा में 101 साल की प्रभा कुंवर, जागृति शर्मा आदि शामिल थीं।

## गांजा व शराब के साथ दुकान का संचालक गिरफ्तार



**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** बाघमारा पुलिस ने बुधवार की रात भीमकनाली कॉलोनी के समीप स्थित एक दुकान में छापामारी कर वहां से 16 लीटर अवैध देशी महुआ शराब व 219 ग्राम गांजा बरामद किया है। लगे हाथ पुलिस ने तीन चिलम के साथ दुकान संचालक दिनेश गोराई को भी गिरफ्तार कर लिया है। थानेदार चिरंजीत प्रसाद ने स्वलिखित बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर गुरुवार को दिनेश को अदालत ले गई, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। हालांकि छापामारी दौरान शराब का सेवन करने वाले भाग निकले, लेकिन दुकान संचालक पकड़ा गया।

## संविदा कर्मियों के लिए सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सतर्कता विभाग के तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मिनी ऑडिटोरियम में बीएसएल के संविदा कर्मियों के लिए सतर्कता विभाग एवं मानव संसाधन के ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ के तत्वाधान में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभाग में कार्यरत कुल 100 संविदा कर्मी प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ) प्रांजलि के साथ वरीय प्रबंधक पंकज कुमार(ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ) एवं शनि रंजन सहायक महा प्रबंधक (सतर्कता) उपस्थित थे। कार्यक्रम में वरीय प्रबंधक पंकज कुमार(ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ) द्वारा एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ठेका श्रमिकों के लाभ और वैधानिक अधिकार के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी।

## झामुमों में हुए शामिल

**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत हजारी पंचायत से कई लोगों ने पूर्व विधायक योगेन्द्र प्रसाद के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए गुरुवार को झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर ली। वहीं, मुरुबंदा आवास में गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद ने पार्टी में शामिल होने वालों का स्वागत किया।

# डॉ लंबोदर महतो, अमर बाउरी, पूर्णिमा नीरज सिंह, मथुरा महतो, अनूप सिंह, रविंद्र पांडेय एवं उमाकांत रजक सहित एक दर्जन से अधिक प्रत्याशियों ने भरा नामांकन













आजाद सिपाही टीम

**धनबाद/बोकारो/तेनुघाट/बेरमो।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखें जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे राजनीतिक तापमान भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों से लेकर निर्दल प्रत्याशियों तक जीत का दंभ भरते हुए चुनावी मैदान में कूद चुके हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को धनबाद, बोकारो और बेरमो कोयलांचल में भाजपा, झामुमो, कांग्रेस, आजसू और जेएलकेएम सहित राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दिन बोकारो के चंदनकियारी विधानसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी उमाकांत रजक ने निवार्ची पदाधिकारी प्रभास दत्ता के समक्ष झारखंड अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी तरह भाजपा प्रत्याशी अमर कुमार बाउरी ने भी चंदनकियारी विस सीट से अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। वहीं, जेएलकेएम पार्टी की प्रत्याशी सरोज कुमारी ने बोकारो विधानसभा सीट के लिए चास अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढाडा के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। दूसरी ओर, धनबाद जिले के सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया एवं टुंडी विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दिन झरिया विधानसभा सीट से पूर्णिमा नीरज सिंह एवं निर्दलीय उम्मीदवार सूरज सिंह ने निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) पीयूष सिन्हा के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं, टुंडी विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने निवार्ची पदाधिकारी एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके अलावा सिंदरी विस क्षेत्र से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की प्रत्याशी उषा देवी ने नामांकन दाखिल किया। जबकि निरसा विस सीट से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट) लिबरेशन के अरुण चटर्जी ने एडीएम (सप्लाई) जियाउल अंसारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। धनबाद विस से निर्दलीय उम्मीदवार कुमार कौशल ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया है। खबर है कि विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के तीसरे दिन 17 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। इसस दिन धनबाद विस के लिए सामान्य वर्ग के पांच व अनुसूचित जाति/जनजाति का एक, झरिया विस के लिए सामान्य वर्ग में तीन, टुंडी के लिए सामान्य वर्ग के चार व अनुसूचित जाति/जनजाति का एक और बाघमारा विस के लिए सामान्य वर्ग में तीन अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदे। जबकि सिंदरी और निरसा के लिए किसी ने नामांकन पत्र नहीं खरीदा। उधर, गोमिया और बेरमो विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया के तहत इस दिन कई प्रत्याशियों ने अपने पर्चे दाखिल किए। इसमें गोमिया विस क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी के समक्ष आजसू प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो और इफ्तिखार महमूद ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जबकि बेरमो विस से कांग्रेस प्रत्याशी कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह और भाजपा के रविंद्र कुमार पांडेय ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किये।

# पूर्णिमा नीरज सिंह के नामांकन में पहुंचा रामाधीर सिंह का परिवार

## झरिया के विकास के लिए जनता से किया हर वादा पूरा किया : पूर्णिमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/धनबाद।** झरिया विधानसभा सीट से आइएनडीआइए की कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह ने गुरुवार को निवार्ची पदाधिकारी पीयूष सिन्हा के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के चुनाव प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने सरायढ़ेला स्थित रघुकुल आवास पहुंचकर पूर्णिमा नीरज सिंह को शुभकामनाएं दी और चुनाव के लिए जरूरी रणनीति पर चर्चा की। वहीं, नामांकन के दौरान रामधीर सिंह के परिवार का शामिल होना चर्चा का विषय रहा। इस दिन धनबाद नगर निगम की प्रथम मेयर इंदु सिंह, बहु आसानी सिंह और भाई प्रशांत सिंह नामांकन के दौरान रघुकुल से समाहरणालय तक



रामाधिर सिं के परिवार के साथ कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह।

विधायक समर्थकों के साथ पहुंचे और जीत सुनिश्चित की कामना की। इस अवसर पर पूर्णिमा नीजर सिंह ने कहा कि झरिया की जनता को विकास दिख रहा है। यह सिलसिला आगे जारी रहे इसी भरोसे और समर्थन ने मुझे दोबारा मौका दिलाया है। उन्होंने कहा कि झरिया की जनता से मैंने वादा किया था कि झरिया से लापता विकास को मैं वापस झरिया वापस लाऊंगी। उन दिनों झरिया को उजाड़ा जा रहा था। हमने झरिया को बचाने का संकल्प लिया और झरिया का ऐतिहासिक राजा तालाब बचाकर, आरएसपी कॉलेज झरिया वापस लाकर, झरिया-बलियापुर रोड बनाकर और या झरिया का अपना अस्पताल बनाने का संकल्प लेकर यह कर दिखाया। कहा कि हमारी सरकार ने मंइयां सम्मान योजना और मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली जैसी योजनाओं को लाकर जनता को भरोसा दिलाया कि यह झरिया उनका है।

### 2019 में बदला था 52 साल का इतिहास

बता दें कि पूर्णिमा नीरज सिंह ने 2019 विधानसभा चुनावों में झरिया से महागठबंधन और कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ा और 12,054 मतों के अंतर से जीतकर विधानसभा पहुंची। 2019 उनकी जीत 52 सालों में झरिया विधानसभा सीट पर महागठबंधन के लिए भी पहली जीत थी।

# झारखंड में विकास की धीमी रफ्तार को सिर्फ भाजपा की डबल इंजन की सरकार ही गति दे सकती है : रागिनी सिंह

## बस्ताकोला मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क अभियान



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह ने गुरुवार को बस्ताकोला मंडल के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा एवं जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान रागनी सिंह ने अपने कई शुभचिंतकों और परिजनों के आवास पहुंच भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि झारखंड में विकास की धीमी रफ्तार को सिर्फ डबल इंजन की सरकार ही गति दे सकती है। इसके लिए झारखंड में भाजपा की सरकार अति आवश्यक है। विधानसभा चुनाव में झरिया की जीत झारखंड की दशा और दिशा तय करेगी। झरिया का चुनाव मैं नहीं लड़ रही, बल्कि यह चुनाव झरिया की जनता लड़ रही है। इस बार झारखंड के 81 विधानसभा सीटों में कमल खिलाना है। मौके पर भाजपा बस्ताकोला मंडल के अध्यक्ष तरुण राय, पूर्व अध्यक्ष संतोष शर्मा, महामंत्री संतोष रवानी, उपाध्यक्ष रामदेव शर्मा, रंजीत दास, रवि मिश्रा, संजय रवानी, चिंटू शर्मा, मनोज गोप, पप्पू पासवान, राजू दास, अफजल अंसारी, आकाश पासवान, राहुल गुप्ता, केतन बेलदार, प्रेम गोप आदि मौजूद थे।


## उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग (शस्त्र शाखा)

-: आदेश :-

आगामी विधान सभा निर्वाचन–2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से संपन्न कराने हेतु हजारीबाग जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्र को अपने स्थानीय थाना/ओ0पी0/शस्त्र एवं कारतुस विक्रेता दुकान में दिनांक–24.10.2024 तक जमा करने का आदेश दिया गया था, परंतु अभी भी कतिपय अनुज्ञप्तिधारियों के द्वारा अपने अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्र को जमा नहीं किया गया है।

हजारीबाग जिला से निर्गत शस्त्र अनुज्ञप्ति, जो हजारीबाग जिला से बाहर रह रहें हैं एवं अपने अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्र को जमा नहीं किये हैं एवं हजारीबाग जिला से इत्तर रह रहें हैं तथा अन्य जिलों से निर्गत शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी, जो इस जिले में रह रहें है तथा शस्त्र को अपने पास रखें हुए हैं, वैसे सभी अनुज्ञप्तिधारी को आदेश दिया जाता है कि दिनांक–26.10.2024 तक अपने निकटतम थाना/ओ0पी0/शस्त्र एवं कारतुस विक्रेता के दुकान में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे एवं सूचना स्थानीय थाना /ओ0पी0 एवं जिला शस्त्र शाखा, हजारीबाग को उपलब्ध करायेंगे।

ह0/–
उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी
हजारीबाग।

PR.NO.339474 Election(24-25):D



## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, हजारीबाग।

(प्रेक्षक कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन–2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 14–हजारीबाग अन्तर्गत 20–बरकट्ठा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिनके साथ निम्नवत् सम्पर्क पदाधिकारी को संबद्ध किया गया है।

| Sl. | Name of General Observer | Name of Constituancy | Name of Room | Name of Lisioning Officer | मिलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Sri Saurav Pahari, IAS<br>Observer code- G-22482<br>Mob.No.- 8987796324 | 20-Barkatha.<br>(Legislative Assembly | New Circuit House<br>(Barakar) | Sri Manish Kumar, A.E.Minor irrigation, Hzb.<br>Mob.No.- 8789808262 | 09:00 AM<br>To<br>10:00 AM |

एतद् द्वारा सभी राजनैतिक दल एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वे 20–बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक से अपनी शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण हेतु प्रेक्षक के साथ संबद्ध सम्पर्क पदाधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर, उपरोक्त दिए गए समयानुसार मिलकर अथवा अंकित मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क करते हुए निराकरण कर सकते है।

निदेशानुसार
नोडल पदाधिकारी, प्रेक्षक कोषांग
सह–प्रभारी पदाधिकारी, नजारत शाखा, हजारीबाग।

PR 339473 Election(24-25)D


## अनवरी खातून को धनबाद से बसपा का टिकट मिलने पर समर्थकों में हर्ष



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो कुमारी मायावती ने धनबाद विधानसभा सीट से अनवरी खातुन को प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी के केंद्रीय राज्य प्रभारी जीसी दिनकर एवं रामबाबू चिरगइया से रांची में पार्टी सिंबल प्राप्त कर धनबाद पहुंची बसपा प्रत्याशी अनवरी खातून को गुरुवार को केंदुआ श्री लेखा सिनेमा हॉल के निकट समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। जमकर आतिशबाजी की। इस अवसर पर बसपा प्रत्याशी अनवरी खातून ने कहा कि धनबाद में इस बार परिवर्तन होगा। कांग्रेस और भाजपा ने धनबाद का विकास के बदले विनाश किया है। दोनों पार्टियों ने यहां के संसाधनों को लूटा है। मैं जनता की उम्मीद पर खरी उतरूंगी. बंद पड़े कोलियरियों को पुनः चालू कराऊंगी। धनबाद के युवाओं को धनबाद में ही रोजगार मिलेगा। वहीं, प्रदेश सचिव गौतम कुमार ने कहा कि धनबाद विधानसभा में बसपा प्रत्याशी को सभी वर्गो का भरपूर समर्थन मिल रहा है। मौके पर गजानंद वर्णवाल, मुन्ना, मो गुलाम समदानी, शमशाद अंसारी, चानू कुमारी, आरती चौहान, कलामुदीन, जसीम अंसारी, गोल्डेन अंसारी, मुमताज अंसारी और उमा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## नप कार्यालय में वोटिग फॉर मीटिंग का आयोजन

_फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। विधानसभा चुनाव के निमित मतदाता जागरूकता के लिए राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन फुसरो नगर परिषद से जुड़े एसएचजी एवं एएलएफ के सदस्यो के साथ फुसरों नप के सभागार में वोटिग फॉर मीटिंग का आयोजन किया गया।

# हेमंत सरकार में झारखंड 10 साल पीछे चला गयाः रविंद्र राय

## कहा- विधायक कोयला, बालू व लोहा चोरी करवाने में व्यस्त रहे




बेरमो विस सीट से भाजपा प्रत्याशी रविंद्र राय के नामांकन में शामिल सांसद सीपी चौधरी, विधायक लंबोदर महतो व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो विधानसभा सीट सेसे एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुमार पांडेय ने गुरुवार को अपना नामांकन बेरमो एसडीएम सह निर्वाचन पदाधिकारी मुकेश मछुआ के समक्ष दाखिल किया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने राज्य के हेमंत सरकार और बेरमो विधायक सह आइएनडीआइए गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी कुमार जयमंगल उर्फ अनुप सिंह सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाये। कहा कि झारखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के सहयोग से एनडीए की मजबूत सरकार बनेगी। आरोप लगाया कि हेमंत सरकार में झारखंड 10 साल पीछे चला गया है। जबकि वर्तमान विधायक कोयला, लोहा और बालू चोरी करवाने में ही व्यस्त रहे। इनके पहले भी भाजपा का विधायक रहे है। पर उन पर कोई आरोप नहीं है। बेरमो के वर्तमान विधायक मैट्रिक फेल है और विकास की बात करते हैं। नामांकन के दौरान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल आदि तेनुघाट पहुंच थे।

# चक्रवात के प्रभाव में पारादीप, भारी बारिश के साथ दिखा उच्च ज्वार



## चक्रवात के प्रभाव में पारादीप में भारी बारिश के साथ उच्च ज्वार देखा गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** जगतसिंहपुर जिले में गुरुवार को संभावित चक्रवाती चक्रवात दाना का प्रभाव देखा गया। पारादीप में भारी बारिश के साथ उच्च ज्वार देखा गया। चक्रवात के प्रभाव के कारण पारादीप समुद्र अशांत बना हुआ है और खतरे को देखते हुए 10 नं बिपद संकेत जारी किया गया है। जिला प्रशासन की ओर से समुद्र तट पर लाल झंडा लगा दिया गया है और आम लोगों से लेकर मछुआरों तक पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और समुद्र मित्र और पुलिस को तैनात कर दिया गया है।

इसी तरह जगतसिंहपुर जिले के एरसमा ब्लॉक अंतर्गत शियाली, जाप्पा, दहिबार और अन्य इलाकों में भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में पानी घुस गया है। जगतसिंहपुर जिले में सुबह-सुबह हल्की हवाओं के साथ बारिश हो रही है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, हवा और बारिश की मात्रा बढ़ती गयी। पारादीप मधुबन इलाके में तेज हवाओं के कारण पेड़ गिरने से सड़कें अवरुद्ध हो गयी, जबकि बालीकुदा, नाउ गांव, एरसमा, कुजंग आदि निचले क्षेत्रों में पानी घुस ने का खबरें हैं।

### दो एयरपोर्ट पर 16 घंटे 300 फ्लाइट कैंसिल, 552 ट्रेनें रद्द


भुवनेश्वर और कोलकाता एयरपोर्ट पर गुरुवार शाम 5 बजे से 25 अक्टूबर सुबह 9 बजे तक 16 घंटे करीब 300 फ्लाइट्स कैंसिल रहेंगी। इधर साउथ ईस्ट रेलवे ने 150, ईस्ट कोस्ट रेलवे ने 198, ईस्टर्न रेलवे ने 190 और साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे ने 14 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। कुल 552 ट्रेनें रद्द की गयी हैं। पुरी के जगन्नाथ मंदिर परिसर में सभी अस्थायी टेंट हटा दिये गये हैं। एस्बेस्टस की छतों पर रेत की बोरियां रखी गयी हैं, ताकि उड़ न जाएं। वहीं कोणार्क मंदिर को दो दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। ओडिशा ने नेशनल डिजास्टर रिलीफ फोर्स, ओडिशा डिजास्टर रिलीफ फोर्स और फायर ब्रिगेड की 288 टीमें तैनात की हैं। तूफान से प्रभावित 14 जिलों के स्कूल-कॉलेज 25 अक्टूबर तक बंद रहेंगे। इन जिलों में सभी टूरिज्म पार्क के साथ ओडिशा हाईकोर्ट को भी 25 अक्टूबर तक बंद कर दिया गया है।

### चक्रवात से जुड़ी जानकारी मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार के संपर्क में है राज्य सरकार

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में चक्रवात की स्थिति से निपटने में मदद करने का वादा किया है। केंद्रीय कैबिनेट में चर्चा हुई है, चक्रवात के बारे में केंद्र को जानकारी दे दी गयी है। चक्रवात से जुड़ी जानकारी मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार केंद्र सरकार के संपर्क में है। केंद्र ने आवश्यक एनडीआरएफ टीम भी भेजी है, इसकी जानकारी मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने दी। इस बीच 3 लाख 62 हजार लोगों को स्थानांतरित किया गया है। 7 हजार 285 तूफान आश्रय स्थलों की व्यवस्था की गयी है। 2,300 गर्भवती महिलाओं को भी स्थानांतरित किया गया है। लोगों के घरों की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गयी है।

# मंत्रिमंडल ने 6,798 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की दो परियोजनाओं को दी मंजूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




• परियोजनाएं परिवहन-संपर्क सुविधा प्रदान करेंगी, यात्रा को आसान बनायेंगी, लॉजिस्टिक्स लागत को कम करेंगी, तेल आयात को कम करेंगी और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी लायेंगी। • परियोजनाओं के तहत परिवहन-संपर्क सुविधा की कमी वाले क्षेत्रों को जोड़ने से लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार होगा, मौजूदा लाइन क्षमता में वृद्धि होगी और परिवहन नेटवर्क बढ़ेगा, जिनके परिणामस्वरूप आपूर्ति श्रृंखलाएं सुव्यवस्थित होंगी और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। • परियोजनाओं से लगभग 106 लाख मानव-दिवसों का प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होगा

**भुवनेश्वर/ नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने रेल मंत्रालय की 6,798 करोड़ रुपये (लगभग) की कुल अनुमानित लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है। **मंजूर की गयी दो परियोजनाएं हैं** :- (क) नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर खंड का दोहरीकरण, जो 256 किलोमीटर लंबा है और (ख) अमरावती होकर एर्रुपलेम और नंबुरु के बीच 57 किलोमीटर लंबी नयी लाइन का निर्माण। ये दोनों परियोजनाएं 5 वर्षों में पूरी की जायेंगी। इन परियोजनाओं से लगभग 106 लाख मानव दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होगा।

नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर खंड के दोहरीकरण से नेपाल, पूर्वोत्तर भारत और सीमावर्ती क्षेत्रों से परिवहन-संपर्क मजबूत होगा और मालगाड़ियों के साथ-साथ यात्री रेलगाड़ियों की आवाजाही में सुविधा होगी, जिसके परिणामस्वरूप, क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक विकास होगा।

एर्रुपलेम-अमरावती-नंबुरु नयी रेल लाइन परियोजना आंध्र प्रदेश के एनटीआर विजयवाड़ा और गुंटूर जिलों तथा तेलंगाना के खम्मम जिले से होकर गुजरती है।

3 राज्यों, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार, के 8 जिलों को शामिल करने वाली ये दो परियोजनाएं, भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 313 किलोमीटर तक की वृद्धि करेंगी।

नयी लाइन परियोजना 9 नए स्टेशनों के साथ लगभग 168 गांवों और लगभग 12 लाख आबादी को परिवहन-संपर्क सुविधा प्रदान करेगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना दो आकांक्षी जिलों (सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर) में परिवहन-संपर्क सुविधा बढ़ाएगी, जिससे लगभग 388 गांवों और लगभग 9 लाख आबादी को सेवा प्राप्त होगी।

ये परियोजनायें मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुआ है। परियोजनोयें लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध परिवहन-संपर्क सुविधा प्रदान करेंगी।

# भुवनेश्वर और झारसुगुड़ा हवाई अड्डों पर बम की धमकी से मचा हड़कंप




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर और झारसुगुड़ा हवाई अड्डों पर बम की धमकी। एक अज्ञात फोन कॉल आया कि बेंगलुरु से झारसुगुड़ा जा रही इंडिगो की फ्लाइट में बम है, जिससे एयरपोर्ट पर अफरातफरी मच गयी। झारसुगुडा पहुंचने पर बम दस्ते द्वारा विमान की जांच की गयी है।

इसके साथ ही भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर भी बम की धमकी मिली है, जिसके चलते एयरपोर्ट अधिकारियों की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। बम निरोधक दस्ते की टीम भुवनेश्वर हवाईअड्डे पर पहुंची और हवाईअड्डे की सख्ती से जांच की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जांच के बाद बम की धमकी झूठ पायी गयी।

# एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने जरूरतमंद महिलाओं को कपड़े बांटे

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** समाज को कुछ देना अत्यंत आवश्यक है, और हम मानते हैं कि यह हमारी जिम्मेदारी है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, एनटीपीसी कोल माइनिंग/एनएमएल मुख्यालय, रांची का स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब, कम भाग्यशाली लोगों को कपड़े उपलब्ध कराने के लिए सृजन हस्तशिल्प के साथ साझेदारी की ।

सृजन हस्तशिल्प, जो शोभा कुमारी द्वारा संचालित है, एक दिव्यांग व्यक्ति हैं, जो डिबडीह झुग्गी क्षेत्र की महिलाओं को गुड़िया बनाने और बैग बनाने जैसे कौशल सिखाकर उन्हें सशक्त बनाती हैं, जिससे वे अपनी आजीविका कमा सकें। इन महिलाओं की सहायता के लिए पुराने कपड़े प्रदान करने की पहल, एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय की स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन के नेतृत्व में की गयी थी। इस महिला क्लब की पहल यह दशार्ती है कि जब हम एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो हम समाज के वंचित वर्गों की मदद कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सिखा रस्तोगी, पूर्णिमा श्रीखंडे, महासचिव दीपा केशरी, सांस्कृतिक सचिव अनिता प्रसाद, और कल्याण सचिव मनसा वर्मा की सक्रिय भागीदारी रही।

## एसके प्रियदर्शी को ओपीएचडब्ल्यूसी सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार मिला

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एसके प्रियदर्शी को ओडिशा पुलिस आवास और कल्याण निगम (ओपीएचडब्ल्यूसी) के सीएमडी के अतिरिक्त पद पर स्थानांतरित कर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बनाया गया है, गृह विभाग ने यह जानकारी दी।

# बरगड और संवलपुर में जनसंपर्क शिविर 'मैत्री' का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** बुर्ला पश्चिम ओडिशा बिजली वितरण कंपनी टीपीडब्ल्यूओडीएल पिछले 20 अक्टूबर को बद्रीप्रसाद अपार्टमेंट और 23 अक्टूबर को संबलपुर शहर के बालाजी ग्रीन अपार्टमेंट में 'मैत्री' डिजिटल जनसंपर्क शिविर आयोजित किया गया था। इस जन संपर्क शिविर का मुख्य उद्देश्य आधुनिक युग के साथ तालमेल रखते हुए डिजिटल माध्यमों से उपभोक्ताओं के साथ सीधा संपर्क स्थापित करके बिजली से संबंधित सभी सेवाओं को आसानी से, सुरक्षित और सुविधाजनक रूप से प्रदान करना है।

इस शिविर में उपभोक्ताओं की आम शिकायतों और पूछताछ संबंधी समस्याओं का समाधान, केवाईसी अपडेट, विभिन्न माध्यमों से बिजली बिल भुगतान, बिल स्वीकृति सेवाएं, ग्रीन बिलिंग के माध्यम से, उपभोक्ताओं को उनकी उंगलियों पर बिजली मीटर, नये कनेक्शन की स्थिति की पूछताछ, सोलर रूपटप कनेक्शन प्रक्रिया और अन्य डिजिटल संबंधित शिक्षा, ऊर्जा बचत युक्तियां और बिजली सुरक्षा से संबंधित सभी जानकारी से अवगत कराया गया।

इस साझेदारी कार्यक्रम के माध्यम से, टीपीडब्ल्यूओडीएल ग्राहक सेवा को बढ़ाने और डिजिटल माध्यम से उपभोक्ताओं से सीधे जुड़ने की अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है।

# पारलाखेमुंडी रेलवे स्टेशन का किया जायेगा पुनर्विकास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** रेल मंत्रालय द्वारा घोषित 57 अमृत स्टेशनों में से एक, पारलाखेमुंडी रेलवे स्टेशन, लगभग 12 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ महत्वपूर्ण विकास के दौर से गुजर रहा है। इस पहल का उद्देश्य ओड़िशा के इस ऐतिहासिक रूप से समृद्ध क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ाना और यात्री सुविधाओं में सुधार करना है। पारलाखेमुंडी स्टेशन आंध्र प्रदेश की सीमा के पास महेंद्र तनया नदी के तट पर स्थित है जो इसे पड़ोसी शहर पाठपट्टनम से अलग करता है। यह शहर राज्य राजमार्ग 4 और राष्ट्रीय राजमार्ग 326ए के माध्यम से जुड़ा हुआ है, जो ओडिशा और आंध्र प्रदेश के प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ता है।

रेलवे कनेक्टिविटी को गुणुपुर से नौपड़ा तक 90 किमी लंबी ब्रॉड गेज लाइन द्वारा सुगम बनाया गया है, जो पूर्व तट रेलवे नेटवर्क का हिस्सा है, जो क्षेत्रीय परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**पारलाखेमुंडी रेलवे स्टेशन के लिए प्रस्तावित विकास योजना में शामिल हैं:** • 1375 वर्ग मीटर में फैला एक नया स्टेशन भवन (ग्राउंड फ्लोर), जिसमें 72 वर्ग मीटर का वाणिज्यिक क्षेत्र है। • प्लेटफार्म 1 और 2 के मध्य यातायात हेतु 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का निर्माण। • 14,326.9 वर्ग मीटर चौड़े मूविंग क्षेत्र में सुधार। • 2711.9 वर्ग मीटर का एक समर्पित पार्किंग क्षेत्र। • बेहतर पहुंच के लिए मौजूदा प्लेटफार्मों को उच्च स्तर तक उठाना। • प्लेटफॉर्म शेल्टर में कुल 8 खंड (पी. एफ.-1 पर 6 खंड और पी. एफ.-2 पर 2 खंड) हैं। • प्रीमियम लाउंज (64 वर्गमीटर), प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय (36 वर्गमीटर), और द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय (48 वर्गमीटर)। • एक नया प्रीमियम टॉयलेट ब्लॉक (104 वर्गमीटर)। • अब तक, परियोजना ने 80% भौतिक प्रगति हासिल कर ली है। यह विकास प्रमुख स्टेशनों पर बुनियादी ढांचे और सेवाओं को बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जबकि जनता को बेहतर परिवहन सुविधाओं से लाभ होगा।




















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**